खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 30°C
न्यूनतम : 23°C

हल्द्वानी, सोमवार 14 जुलाई 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 323 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



भाषाई आधार पर होने वाली हिंसा घातकः मायावती

पेज 2



लार्ड्स टेस्टः इंग्लैंड ने भारत को दिया 193 रनों का टारगेट

खेल टाइम्स



फलक को छूने की ख्वाहिश वेब्स ओटीटी

सम्पादकीय



इजरायली सेना ने की 110 फलस्तीनियों की हत्या

पेज 12

## निकम व श्रृंगला सहित चार सदस्य राज्यसभा के लिए मनोनीत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विभिन्न क्षेत्रों की चार विशिष्ट हस्तियों को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है, जिनमें जाने माने वकील उज्ज्वल देवराव निकम, पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षाविद् सी. सदानंदन मास्टर और जानी-मानी इतिहासकार तथा शिक्षाविद् मीनाक्षी जैन शामिल हैं।

गृह मंत्रालय ने शनिवार देर रात जारी अधिसूचना में कहा कि राष्ट्रपति ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 80 के खंड (1) के उप-खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मनोनीत सदस्यों की सेवानिवृत्ति के कारण उत्पन्न रिक्तियों को भरने के लिए चार सदस्यों को राज्यसभा में मनोनीत किया है। पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला अमेरिका में भारत के राजदूत रहे हैं और उनकी कूटनीति तथा रणनीतिक मामलों में विशेष पहचान है। देश की विदेश नीति से संबंधित विभिन्न मामलों में उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रख्यात सरकारी वकील रहे उज्ज्वल निकम ने आतंकवाद से जुड़े मामलों में ठोस दलीलें देकर अपनी विशेष पहचान बनाई। उन्हें वर्ष 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले में शामिल पाकिस्तानी आतंकवादी अजमल कसाब के मामले में मजबूती के साथ सरकार का पक्ष रखने के लिए जाना जाता है। उन्होंने 1993 के मुंबई सिलसिलेवार बम धमाकों के मामलों में भी सरकारी वकील के रूप में राज्य सरकार का पक्ष रखा था। सदानंदन -शेष पृष्ठ दो पर



### मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सर्वश्री उज्ज्वल निकम, हर्षवर्धन श्रृंगला, सी. सदानन्द मास्टर और डा. मीनाक्षी जैन का राज्यसभा के लिए मनोनयन का स्वागत करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## स्पाइसजेट की फ्लाइट में फ्री फॉल, पैसेंजर ने बनाया वीडियो

**प्लेन में 23 सेकंड तक मचा हड़कंप, दिल्ली से श्रीनगर जा रहा था विमान**

**श्रीनगर।** दिल्ली से श्रीनगर जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट में फ्री फॉल हुआ। इसके चलते प्लेन के अंदर 23 सेकंड तक हड़कंप जैसे हालात रहे।

फ्लाइट एसजी-385 में बैठे एक पैसेंजर ने यह वीडियो रिकॉर्ड किया। जिसमें एक क्रू मेंबर प्लेन के फ्लोर पर घुटनों के बल बैठकर जाती दिखाई दे रही है। जबकि बाकी पैसेंजर कुर्सियों को पकड़े हुए हैं। वीडियो में सीट बेल्ट बांधने के निर्देश भी सुनाई दे रहे हैं। अर्जिमंद हुसैन नाम के एक्स अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो में यह भी लिखा है कि प्लेन बनिहाल दर्रे के ऊपर से गुजरते वक्त कई सौ मीटर नीचे गिर गया। हुसैन ने लिखा है कि वह केवल इस फ्री फॉल के आखिरी पल ही कैद कर पाया।

### मानसून सत्र की रणनीति पर सोनिया गांधी ने बुलाई बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने संसद के मानसून सत्र के लिए पार्टी की रणनीति तय करने के लिए मंगलवार को बैठक बुलाई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, श्रीमती गांधी के सरकारी आवास 10 जनपथ पर बुलाई गई इस बैठक में संसदीय दल के रणनीति समूह के सदस्य भाग लेंगे। बैठक में मानसून सत्र के दौरान पार्टी द्वारा अपनाई जाने वाली रणनीति और इसमें उठाए जाने वाले मुद्दों पर विचार किया जाएगा। कांग्रेस पिछले कुछ समय से पहलगाम में आतंकी हमले तथा ऑपरेशन सिंदूर तथा उसके बाद इसकी जानकारी देने के लिए विभिन्न देशों में भेजे गए प्रतिनिधिमंडलों को लेकर सरकार से सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग करती रही है। इसके अलावा, वह बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर भी सरकार को घेर रही है। सूत्रों का कहना है कि इन सब मुद्दों को मानसून सत्र में जोर-शोर से उठाए जाने की उम्मीद है। इसके अलावा पार्टी महंगाई, बेरोजगारी जैसे अहम मुद्दों पर भी सरकार को घेरेगी।

### स्वच्छता सर्वेक्षण: इंदौर समेत 15 शहर सुपर लीग में

**नई दिल्ली।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में इंदौर, सूरत और नवी मुंबई जैसे 15 शहरों को स्वच्छता सुपर लीग में रखा गया है। पहले इसमें दो साल टॉप-3 में रहे शहर शामिल होते थे, अब अवधि बढ़ाकर तीन साल कर दी गई है। इस लीग में शामिल शहरों की रैंकिंग नहीं होती, लेकिन इन्हें 12,500 अंकों की स्कीम के तहत अंक मिलेंगे। इससे अन्य शहरों को टॉप रैंक पाने का ज्यादा मौका मिलेगा। सर्वे कमेटी में शामिल सूत्रों का कहना है कि स्वच्छता में इस बार अहमदाबाद पहले नंबर पर रह सकता है। वहीं, भोपाल दूसरा और लखनऊ तीसरा स्थान हासिल कर सकता है। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू 17 जुलाई को स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार देंगी।

### पत्थर खनन से जुड़े मामले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रिपोर्ट दे: एनजीटी

**नई दिल्ली/शिमला।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की मुख्य पीठ ने पत्थर खनन से जुड़े मामलों को लेकर हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए है। न्यायाधिकरण ने ये निर्देश दिव्य हिमाचल में 13 मई, 2024 को प्रकाशित 'खनन माफिया ने बुनियादी ढांचे को खोखला कर दिया है' शीर्षक वाली एक समाचार रिपोर्ट के आधार पर स्वत: संज्ञान लेते हुए एक मामले की सुनवाई के दौरान दिया। इस मामले पर एक जुलाई 2025 को सुनवाई हुई, जिसमें एनजीटी ने बुनियादी ढांचे के विकास की आड़ में अंधाधुंध खनन गतिविधियों के बढ़ते आरोपों पर चिंता व्यक्त की। न्यायाधिकरण ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कई स्टोन क्रशर चल रहे हैं, जिसमें से कई अप्रमाणित खनन स्थलों से कच्चा माल प्राप्त कर रहे हैं।

# देशभर में मतदाता सूची संशोधन की तैयारी

## चुनाव आयोग की तैयारियां पूरी, पुनरीक्षण बिहार में चल रहे विशेष पुनरीक्षण जैसा होगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसी) बिहार के बाद अब पूरे देश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) कराने जा रहा है। इसके तहत वोटर लिस्ट की गहनता से जांच की जाती है और अपडेट किया जाता है।

अगस्त से इसकी शुरुआत हो सकती है। ईसी ने सभी राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी एक्टिव कर दी है। आयोग का ये फैसला सुप्रीम कोर्ट के 10 जुलाई को बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को जारी रखने की परमिशन पर आया। कोर्ट ने इसे संवैधानिक बताया था। हालांकि कई विपक्षी दल और लोग इस रिवीजन के खिलाफ हैं। सुप्रीम कोर्ट में चुनौती भी दी है। दावा है कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के चलते योग्य नागरिक अपने मताधिकार से वंचित हो जाएंगे। चुनाव आयोग के अधिकारी के मुताबिक, इलेक्शन अथॉरिटी 28 जुलाई के बाद एसआईआर पर अंतिम फैसला लेगी क्योंकि बिहार स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के मामले में सुप्रीम कोर्ट में दोबारा सुनवाई होनी है। वहीं, कुछ राज्यों के चीफ इलेक्शन ऑफिसर ने अपने राज्यों में पिछली एसआईआर के बाद की पब्लिश वोटर लिस्ट जारी करना शुरू भी -शेष पृष्ठ दो पर



**ईसी ने सभी राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी एक्टिव की, अगस्त में हो सकती है शुरुआत, कई विपक्षी दल और लोग इस रिवीजन के खिलाफ**

### बिहार में इस साल और इन राज्यों में 2026 में होंगे चुनाव

**नई दिल्ली।** बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। जबकि असम, केरल, पुड्डुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होंगे। चुनाव आयोग का देशव्यापी मतदाता सूची पुनरीक्षण करने का फैसला बांग्लादेश और म्यांमार समेत कई राज्यों में अवैध विदेशी प्रवासियों पर कार्रवाई के मद्देनजर महत्वपूर्ण है।

## चेतावनी के बावजूद उड़ा ड्रीमलाइनर

**अहमदाबाद प्लेन क्रैश मामला**

**एक गंभीर चूक आई सामने, विमान का संतुलन बताने वाला सेंसर फेल होने का था अलर्ट, सरकार ने कहा: अभी नतीजे न निकालें**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 12 जून 2025 को एयर इंडिया की अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट (बोइंग एआई-171) हादसे की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट शुक्रवार रात करीब ढाई बजे जारी की गई। इसमें एक गंभीर चूक सामने आई है, जिसके केंद्र में है एक चेतावनी यानी विमान का संतुलन बताने वाला सेंसर फेल हो सकता है।

यह तकनीकी अलर्ट विमान की पिछली उड़ान (दिल्ली-अहमदाबाद) के ठीक बाद पायलट द्वारा दर्ज कराया गया था। इसके बावजूद महज एक घंटे में फिर से इस विमान को उड़ान के लिए क्लियर कर दिया गया। यह बताता है कि विमान का हॉरिजेंटल स्टेबलाइजर (पिच बैलेंस बनाने वाला पिछला पंख) किस स्थिति में है। यदि यह डेटा सही न मिले, तो ऑटोपायलट, पिच कंट्रोल और स्टाल प्रोटेक्शन जैसी अहम प्रणालियां गलत कमांड देने लगती हैं - शेष पृष्ठ दो पर



### पायलटों को जल्दबाजी में दोषी बताया

**नई दिल्ली।** एविएशन एक्सपर्ट सनत कौल ने एयर इंडिया फ्लाइट एआई171 की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट ठीक नहीं लग रही है। इसमें जरूरी हस्ताक्षर भी नहीं हैं, जबकि यह जरूरी होता है। कौल का कहना है कि इस जांच टीम में ऐसे पायलट को शामिल किया जाना चाहिए, जिसे बोइंग 787 या कम से कम 737 विमान की पूरी समझ हो।

### टेकऑफ से पहले विमान के कॉकपिट में आई तकनीकी खराबी

**लखनऊ।** लखनऊ एयरपोर्ट से हैदराबाद जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान में टेकऑफ से पहले तकनीकी खराबी आ गई।

इससे विमान को रनवे से वापस लौटाया गया तथा जांच-पड़ताल के बाद विमान को अंततः कैंसिल कर दिया गया। फ्लाइट में 150 यात्री थे। सूत्र बताते हैं कि कॉकपिट में कुछ तकनीकी दिक्कतें आने से ऐसा किया गया। अहमदाबाद में एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान के हादसे के शिकार होने के बाद विमान सेवाएं लगातार प्रभावित हो रही हैं। खासतौर पर एयर इंडिया की सेवाओं पर असर पड़ रहा है।

## यूपी में बारिश व बिजली गिरने से 14 की मौत

**बिहार-झारखंड में तीन की जान गई, एमपी में नदियां उफान पर**

**नई दिल्ली।** यूपी में मानसून जमकर बरस रहा है। पिछले 24 घंटे की बात करें, तो बारिश-बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत हो गई।

वहीं, प्रदेश के बांध अब ओवरफ्लो होने लगे हैं। ललितपुर में माताटीला बांध के 9 गेट खोले गए हैं, जबकि झांसी में पथराई बांध के 4 और लहचूरा बांध के 10 गेट खोले गए हैं। झारखंड के सरायकेला-खरसावां और लोहरदगा जिलों में बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक व्यक्ति झुलस गया। सभी खेत से काम करके घर लौट रहे थे।

### ट्रेनों में सुरक्षा बढ़ाने को डिब्बों तथा ईंजनों में लगाए जाएंगे कैमरे

**नई दिल्ली।** रेलवे ने ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सभी डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है। रेल मंत्रालय ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से सभी 74 हजार डिब्बों और 15 हजार इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। प्रत्येक डिब्बे में चार सीसीटीवी कैमरे और इंजनों में छह कैमरे लगाए जाएंगे।

## मालगाड़ी पटरी से उतरी, 18 बोगियां जलकर राख

तिरुवल्लूर, वार्ता

**तमिलनाडु का मामला: 52 बोगियों में डीजल भरा था, 40 अलग की गईं**

**तमिलनाडु** के तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन के पास मनाली से जोलारपेट होते हुए कर्नाटक जा रही एक डीजल मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इसके बाद उसमें आग लग गई। शुरुआत में पांच बोगियों में आग लगी।

बाद में यह 18 बोगियां आग की चपेट में आ गईं। घटना रविवार सुबह 5.30 बजे हुई। मालगाड़ी में 52 बोगियां थीं। जिला कलेक्टर एम. प्रताप ने बताया कि 40 बोगियों को जलती हुई ट्रेन से अलग कर लिया गया है। वहीं, रेलवे स्टेशन के आसपास रहने वाले लोगों को निकालकर सुरक्षित जगह पहुंचाया गया। फायर ब्रिगेड की कई टीमें बुलाई गईं। दोपहर तक मिली जानकारी के मुताबिक 10 गाड़ियों की मदद से आग पर लगभग काबू पा लिया गया है। इधर, रेलवे और पुलिस घटना वाली जगह से 100 मीटर दूर पटरी पर मिली दरार की भी जांच कर रहे हैं। रेलवे ने एक बयान में बताया कि मालगाड़ी के तीसरे डिब्बे में आग लगने की खबर मिलते ही, लोको पायलट ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाए। तिरुवल्लूर के स्टेशन मास्टर ने ओवरहेड (ओएचई) बिजली आपूर्ति बंद कर दी।

### महाराष्ट्र में शिवसेना कार्यकर्ताओं ने ऑटो ड्राइवर को पीटा

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर में शिवसेना (यूबीटी) के कार्यकर्ताओं ने एक ऑटो ड्राइवर की पिटाई कर दी। ऑटो ड्राइवर का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वह चिल्लाते हुए कह रहा है कि हिंदी और भोजपुरी में बोलूंगा, क्या करोंगे। मैं मराठी नहीं बोलता। इसके बाद शिवसेना कार्यकर्ताओं ने ऑटो ड्राइवर को पकड़ा और कान पकड़कर मराठी में माफी मंगवाई।

## मूल मुकदमे में बरी होने के बाद गैंगस्टर की कार्यवाही बेमानी

### हाईकोर्ट ने सम्भल के जौहर अली व 6 अन्य लोगों पर चल रही गैंगस्टर एक्ट की आपराधिक कार्यवाही की रद्द

प्रयागराज, वार्ता

**कहा: इस तरह के मामले जारी रखने से समय और पैसे की बर्बादी होती है**

**इलाहाबाद हाईकोर्ट** ने कहा कि मूल मुकदमे में बरी होने के बाद गैंगस्टर की कार्यवाही अप्रासंगिक है।

इस तरह के मामले जारी रखने से समय और पैसे की बर्बादी होती है। लिहाजा, अदालत ऐसे मुकदमों को जारी रखने की इजाजत नहीं दे सकती। यह टिप्पणी कर न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की अदालत ने सम्भल के जौहर अली और छह अन्य लोगों के खिलाफ चल रही गैंगस्टर एक्ट की आपराधिक कार्यवाही रद्द कर दी। मामला सम्भल के नखास थाना क्षेत्र का है। 2019 में दर्ज एक आपराधिक मुकदमे के आधार पर याचियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्यवाही शुरू की गई थी। इस मुकदमे में अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत से आरोपी बरी हो गए। इसके बावजूद सभी के खिलाफ ट्रायल कोर्ट में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा चल रहा है। इसके खिलाफ याचियों ने हाईकोर्ट का रुख किया। कोर्ट ने पुनरीक्षण याचिका स्वीकार करते हुए याचियों के खिलाफ लंबित गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही को रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को उस आपराधिक मामले में बरी कर दिया जाता है, जिसके आधार पर उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा चलाया जा रहा है, तो कार्यवाही भी जारी नहीं रखी जा सकती।



## अंतरिक्ष से शुभांशु बोले- भारत आज भी सारे जहां से अच्छा

**फेयरवेल सेरेमनी में पहले भारतीय एस्ट्रोनॉट राकेश शर्मा की बात दोहराई, आज धरती पर वापसी**

**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष में 17 दिन रहने के बाद भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 14 जुलाई को धरती पर वापस लौटेंगे। इससे पहले 13 जुलाई की शाम फेयरवेल सेरेमनी में उन्होंने भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा के 1984 में दिए आइकॉनिक डायलॉग को दोहराते हुए कहा कि भारत आज भी सारे जहां से अच्छा है।

शुभांशु ने कहा जब मैंने 25 जून को फॉल्कन 9 रॉकेट ये यात्रा शुरू की थी, तब नहीं सोचा था कि यह यात्रा इतनी अविश्वसनीय रहेगी। मेरे पीछे खड़ी टीम के बिना यह यात्रा इतनी अविश्वसनीय नहीं होती। यहां होना बहुत खुशी की बात है। बीते ढाई हफ्ते में हमने स्पेस स्टेशन पर साइंस एक्टिविटी की, आउटरीच एक्टिवटी की, इसके बाद जितना भी समय मिला हमने स्पेस स्टेशन की खिड़की से धरती को निहारा।

## संक्षिप्त समाचार

### 15 लाख का सोना मुंह में भरकर कारीगर हुआ चंपत

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में ज्वेलरी की दुकान में काम करने वाला कारीगर सोना लेकर भाग गया। कारीगर अपने मुंह में 150 ग्राम सोना भरकर भाग गया। कारीगर जो 150 ग्राम सोना लेकर भागा उसकी कीमत 15 लाख रुपए है। आरोपी द्वारा चोरी की ए पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ज्वेलर का नाम शुभांकर सामन्ता है। उनकी चौक सराफा स्थित गर्ग मार्केट में ज्वेलरी शॉप है। आरोपी कारीगर का नाम सुजीत सामन्ता है। वो पश्चिम बंगाल के मेदनीपुर का रहने वाला है। ये घटना 9 जुलाई की बताई जा रही है। पीड़ित ज्वेलर आरोपी के घर गए, लेकिन वो नहीं मिला। उसका फोन भी बंद मिला। फिर पीड़ित ज्वेलर शुभांकर ने 12 जुलाई को कोतवाली पुलिस को आरोपी के खिलाफ तहरीर दी।

### श्रीलंका की नौसेना ने सात मछुआरों को किया गिरफ्तार

**चेन्नई।** श्रीलंका की नौसेना ने अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) को पार करके मछली पकड़ने का आरोप लगाकर तमिलनाडु के सात मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके ट्रॉलर भी जब्त कर लिए हैं। रामनाथपुरम जिले के रामेश्वरम के रहने वाले ए मछुआरे शनिवार को मछली पकड़ने निकले थे, तभी उन्हें ट्रॉलर के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार मछुआरों को श्रीलंका के कांकेसंथुराई ले जाया गया और जेल में बंद कर दिया गया। श्रीलंकाई नौसेना के जवानों द्वारा तमिलनाडु के मछुआरों की लगातार गिरफ्तारी की बढ़ती घटनाओं ने मछुआरा समुदाय में गहरी नाराजगी पैदा कर दी है, क्योंकि इससे उनकी आजीविका प्रभावित होती है और वे चाहते हैं कि केंद्र और राज्य सरकारें ठोस कदम उठाएं।

# लकड़ी-ईंट के व्यापार में 1300 करोड़ का फर्जी लेन-देन

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ 42 फर्जी फर्मों का रजिस्ट्रेशन रद्द किया गया, मुरादाबाद में जीएसटी चोरी का पर्दाफाश, 95 फर्मों पर एक्शन

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में राज्य कर विभाग को 250 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी करने का शक हुआ, जिसके चलते 42 फर्जी फर्मों का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है। इससे पहले 53 फर्जी फर्मों का रजिस्ट्रेशन रद्द किया जा चुका है।

ऐसे में चार महीनों में टोटल 95 फर्मों पर कार्रवाई हो चुकी है। यह कार्रवाई मुरादाबाद में फर्जी फर्मों के खिलाफ चलाए जा रहे एक बड़े अभियान का हिस्सा है। केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) और राज्य कर विभाग ने संयुक्त रूप से इस अभियान को और तेज कर दिया है। लकड़ी के व्यापार से जुड़ी इन फर्जी फर्मों ने कागजी कार्रवाई और बोगस बिलिंग के जरिए टैक्स चोरी किया था। विभाग अब ऐसी फर्मों की पहचान के लिए डेटा एनालिटिक्स और फील्ड जांच का सहारा ले रहा है। इस कार्रवाई से न सिर्फ राजस्व की हानि को रोका जा रहा है। बल्कि ईमानदार व्यापारियों के लिए भी निष्पक्ष माहौल तैयार किया जा रहा है। राज्य कर विभाग की जांच में मुरादाबाद मंडल के पांच जिलों-मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, सम्भल और बिजनौर में लकड़ी के व्यापार से जुड़ी 128 फर्जी फर्मों का पता चला है। जांच में खुलासा हुआ कि इन फर्मों ने 1300 करोड़ रुपए का फर्जी लेन-देन दिखाया गया, जिसके जरिए करीब 250 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी की संभावना जताई जा रही है। इस मामले की निगरानी प्रदेश के प्रमुख सचिव खुद कर रहे हैं। अपर आयुक्त (ग्रेड-2) आरए सेठ ने 50 अन्य फर्मों की भौतिक जांच चल रही है। जांच अधिकारी इन फर्मों के रजिस्टर्ड पते और कारोबारी एक्टिविटी की सत्यता की पड़ताल कर रहे हैं। जांच पूरी होने पर ही यह साफ होगा कि कितनी फर्म वैध हैं और कितनी फर्जी हैं। अब तक 95 फर्जी फर्मों का रजिस्ट्रेशन रद्द किया जा चुका है। जीएसटी चोरी के करने के खिलाफ अभियान सिर्फ लकड़ी के व्यापार तक सीमित नहीं है। राज्य कर विभाग ने ईंट भट्ठा उद्योग पर भी कड़ा रुख अपनाया है। मुरादाबाद हाईवे पर जांच के दौरान ईंटों से लदी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पकड़ी गईं, जिनके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। अपर आयुक्त आरए सेठ ने बताया कि ए ईंटें सम्भल से मुरादाबाद लाई जा रही थीं। मोबाइल दस्ते ने अब तक 100 से ज्यादा ऐसी ट्रॉलियों को पकड़ा है, जो बिना दस्तावेजों के ईंटों का परिवहन कर रही थीं। विभाग की जांच में सामने आया है कि कारोबारी जीएसटी चोरी और रिफंड हड़पने के लिए नई-नई चालें चल रहे हैं। कुछ कारोबारियों के पकड़े जाने पर उनकी तरकीबों का खुलासा हुआ, जिसके आधार पर विभाग कार्रवाई कर रहा है।

# कांवड़ यात्रा में 10000 महिला पुलिसकर्मी मुस्तैद

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ महिलाओं की सुरक्षा को उत्तर प्रदेश सरकार ने अपनी योजना का केंद्र बिंदु बनाया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने श्रावण मास के दौरान शिव भक्तों की पवित्र तीर्थयात्रा, कांवड़ यात्रा के लिए व्यापक व्यवस्था की है और महिलाओं की सुरक्षा को अपनी योजना का केंद्र बिंदु बनाया है।

अधिकारियों ने आज यहां बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पहली बार यात्रा मार्ग पर 8,541 हेड कांस्टेबल और 1,486 सब-इंस्पेक्टर सहित 10,000 से ज्यादा महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है, जो कुल बल का लगभग 15 प्रतिशत है। हाल ही में एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस यात्रा में लगभग 6 करोड़ श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है, जिनमें अनुमानित 60-70 लाख महिलाएं शामिल हैं। इसके जवाब में मुख्यमंत्री योगी ने महिला-केंद्रित सुरक्षा मॉडल लागू करने का निर्देश दिया। इस मॉडल के तहत, संवेदनशील परिस्थितियों में श्रद्धालुओं की सहायता और परामर्श के लिए सभी महिला हेल्प डेस्क पर महिला कांस्टेबल तैनात की गई हैं। इसके अतिरिक्त महिला तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए कई जिलों में महिला स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से शक्ति सहायता केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। आपात स्थिति में तत्काल सहायता सुनिश्चित करने के लिए महिला पुलिसकर्मियों को त्वरित प्रतिक्रिया टीमों का अनिवार्य हिस्सा बनाया गया है, जिसमें रात्रिकालीन शिफ्ट भी शामिल हैं। प्रमुख मार्गों पर क्यूआरटी गश्त बढ़ा दी गई है और महिला अधिकारी अब 11 क्षेत्रों में विशेष 24 घंटे नियंत्रण कक्षों और हेल्पलाइनों की निगरानी कर रही हैं। यात्रा के एक महत्वपूर्ण केंद्र, मेरठ क्षेत्र में सबसे अधिक तैनाती देखी गई है जहां मेरठ, मुजफ्फरनगर, बागपत, हापुड़ और गाजियाबाद जैसे जिलों में 3,200 महिला पुलिसकर्मी तैनात हैं।

# भाषाई आधार पर होने वाली हिंसा घातकः मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बसपा सुप्रीमो ने कहा: केंद्र सरकार को संज्ञान लेकर लोगों के जान माल की सुरक्षा करनी चाहिए

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश में भाषा विवाद को लेकर हो रही हिंसा घातक है। केंद्र को इस पर संज्ञान लेकर लोगों के जान माल की सुरक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा तब होता है, जब धर्म, क्षेत्र, जाति और भाषा आदि की संकीर्ण राजनीति लोगों की देशभक्ति व उनके देश प्रेम पर हावी होने लगती है।

मायावती ने रविवार को लखनऊ में हुई पार्टी की बैठक में महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल में संगठन की तैयारियों, जनाधार बढ़ाने और जनता के मुद्दों को लेकर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बीते 2 मार्च को हुई संगठन की बैठक में पदाधिकारियों को दिए गए कार्य की प्रगति रिपोर्ट भी ली। उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों में पुल व एक्सप्रेस वे में बढ़ रही दुर्घटनाओं व उनके जानमाल की क्षति को रोकने की अपील सरकारों से की और कहा कि इससे जनता का विश्वास डगमगाता है। सरकारों को जनता की मुश्किलें कम करने के लिए महंगाई और बेरोजगारी कम करने और उनका जीवन आसान बनाने के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करना चाहिए।

## मनमानी करोगे, तो तुम्हें ठीक कर देंगे, जिसे जो बताना है बता देना

# भाजपा विधायक ने एसडीएम को धमकाया!

बांदा, वार्ता



■ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, एसडीएम रजत वर्मा ने कहा: उनसे गलत बर्ताव किया जा रहा

उत्तर प्रदेश के बांदा सदर से भाजपा विधायक प्रकाश द्विवेदी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है, जिसमे वो एसडीएम बबेरू को लपेटते नजर आ रहे हैं।

विधायक ने फोन पर एसडीएम को धमकी देते हुए कहा कि मनमानी करोगे, तो आकर तुम्हें ठीक कर देंगे। जिसे जो बताना है बता देना। वहीं एसडीएम रजत वर्मा का कहना है कि उनके साथ गलत बर्ताव किया जा रहा है। पूरा मामला बांदा जिले के बबेरू कोतवाली क्षेत्र के सहकारी समिति से सामने आया है। जहां दिव्यांग भाजपा कार्यकर्ता राजेंद्र पांडे के घर पर बुलडोजर चला दिया गया। दावा किया जा रहा है कि जिला पंचायत अध्यक्ष के दबाव में भाजपा कार्यकर्ता के घर पर बुलडोजर कार्रवाई की गई। अब इस मामले में विधायक के सामने आने से विवाद गहरा गया है। विधायक प्रकाश द्विवेदी और एसडीएम रजत वर्मा आमने-सामने आ गए। जानकारी के मुताबिक बांदा में विकलांग भाजपा कार्यकर्ता राजेंद्र पांडे का घरएसडीएम रजत वर्मा ने 4 जेसीबी से गिरवा दिया। दावा किया जा रहा हा कि कार्यकर्ता के घर पर बिना नोटिस यह एक्शन लिया गया। इस मामले में पीड़ित राजेंद्र पांडे सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के पास पहुंचा। उन्होंने विधायक को बताया कि एसडीएम ने चार-चार जेसीबी लगाकर उनके घर को अचानक गिरा दिया। मकान गिराए जाने से पहले उन्हें कोई नोटिस दिया गया। उनका कहना है कि बिना किसी कानूनी सूचना के उनके घर पर बुलडोजर चला दिया गया। पीड़ित राजेंद्र पांडे का कहना है कि भाजपा नेता और जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल की शह पर यह कार्रवाई हुई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इनकी नजर हमारी जमीन पर है। जिसके बाद विधायक प्रकाश द्विवेदी गुस्से में आ गए। उन्होंने बबेरू एसडीएम रजत वर्मा को फोन किया और पीड़ित का पक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने एसडीएम को धमकी भी दी। उन्होंने कहा कि वो गलत आरोप नहीं लगा रहे हैं सच बात कह रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि हम एक बार अनुरोध करेंगे। अगर इसके बाद भी आप मनमानी करेंगे, तो हम आकर के ठीक कर देंगे। विधायक ने एसडीएम से ए भी कहा कि आप सरकार की मंशा से अनुरूप काम करिए। मनमानी नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि जिसकी शह पर आपने ये कार्रवाई की है वो सभी नपेंगे।

### फिर चर्चा में आई एसडीएम ज्योति मौर्या, अब पति पहुंचा हाईकोर्ट

**बरेली।** दो साल पहले बरेली जिले में तैनात एसडीएम ज्योति मौर्या और उनके पति के बीच हुई विवाद ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं, वहीं ए मामला एक बार फिर चर्चा में है। दरअसल, ज्योति मौर्या के पति आलोक मौर्या जोकि, चतुर्थ श्रेणी के सरकारी कर्मचारी है। उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख किया है और अपनी बीबी से गुजारा भत्ता दिलाने की मांग की है। पति आलोक मौर्या की याचिका पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने ज्योति मौर्या को नोटिस जारी किया है। वहीं इस मामले की अगली सुनवाई अगले महीने की 8 तारीख को होनी है। दरअसल आलोक मौर्या ने अपनी पत्नी ज्योति मौर्या पर होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे के साथ अवैध संबंध होने का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक आलोक और ज्योति 2010 में शादी के बंधन में बधे थे। इसके बाद ज्योति ने पढ़ाई-लिखाई और पीसीएस की तैयारी की थी।



सेंसेक्स 83190.28
निफ्टी 25355.25



सोना रु. 97195
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 107690
प्रति किलो



# ट्रम्प के व्यापार शुल्क संबंधी फैसलों से रुपया और अन्य मुद्राएं दबाव में आईं

**नई दिल्ली।** देश के वृहद आर्थिक संकेतों की मजबूती और मुद्रास्फीति में नरमी के बावजूद वैश्विक बजाार की अनिश्चितताओं के बीच बीते समाप्त अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपए पर लगातार दबाव बना रहा और यह आलोच्य सप्ताह के दौरान कुल मिला कर 46.30 रुपए कमजोर रहा।

बाजार में इस समय अमेरिका में आयात शुल्क के निर्णयों से अनिश्चिता बढ़ गई है और कारोबारियों को भारत.अमेरिका व्यापार समझौते पर घोषणा की प्रतीक्षा है। जुलाई में स्थानीय शेयर बाजारों की कुल मिला कर बिकवाली बने रहने का भी रुपए पर असर पड़ा है। अमेरिका में आयात शुल्क दरों पर अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से सप्ताह के दौरान की गई घोषणाओं से बाजार सहमे हुए हैं। इस बीच विश्व की प्रमुख मुद्राओं के समक्ष डालर की मजबूती से भी रुपए पर दबाव बढ़ा है। सप्ताह के दौरान जापानी एन,



कनाडाई डालर और यूरो अमेरिकी डॉलर के समक्ष नीचे आ गए थे। ब्रिटेन का पौंड वहां की अर्थव्यवस्था में मई में संकुचन की रिपोर्ट के बाद दो सप्ताह के अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया था। ट्रम्प सरकार की नीतियों से बिटकायन जैसी डिजिटल मुद्राओं का बाजार गरम है। बाजार को लगता है कि ऐसी मुद्राओं के कारोबार को आने वाले समय में मजबूत वैधानिक मान्यता मिल सकती है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप सरकार के निकट के लोगों की एक कंपनी ने हाल में पाकिस्तान में डिजिटल करेंसी और ब्लाक चेन प्रौद्योगिकी का एक करार किया है1 अमेरिका का व्यापार घाटा कम करने तथा घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के अपनी लक्ष्यों के तहत ट्रम्प ने बांग्लादेश, म्यांमार, जापान, इंडोनेशिया, सिंगापुर समेत करीब 15 देशों पर ऊंची दर से प्रशुल्कों की घोषणा की, जो पहली अगस्त से लागू किए जाएंगे। उन्होंने कनाडा के खिलाफ 35 प्रतिशत और ब्राजील के खिलाफ राजनीतिक कारणों से 50 प्रतिशत का शुल्क घोषित कर दिया है। सप्ताह मैक्सिको और यूरोपीय संघ पर 30 प्रतिशत की दर से शुल्क लगाने के ट्रम्प के ताजा फैसले से इस सप्ताह भी फारेक्स बाजार प्रभावित हो सकते हैं। यूरोपीय संघ और मैक्सिको ने अमेरिका के फैसले को अनुचित बताया है और इस पर बातचीत करने की अपनी मंशा दोहराते हुए जवाबी कार्रवाई का भी संकेत दिया है।

## शेयर बाजार के लिए 15 जुलाई की तारीख अहम

**मुंबई।** शेयर बाजार के लिए कल से शुरू होने वाले हफ्ते में 15 जुलाई की तारीख अहम होने वाली है। वेल्थव्यू एनालिटिक्स के डायरेक्टर हरशुभ शाह के मुताबिक इस दिन ट्रेडर्स को हाई-अलर्ट पर रहना चाहिए। वहीं उन्होंने अपनी वीकली मार्केट रिपोर्ट में कुछ खास समय और स्तर बताए हैं। इसके अलावा रिटेल और थोक महंगाई दर के आंकड़े, पहली तिमाही के कंपनियों के नतीजे से लेकर विदेशी निवेशकों की खरीद-बिक्री और टेक्निकल फैक्टर्स बाजार की चाल तय करेंगे। निफ्टी के अहम स्तर सपोर्ट जोन-सपोर्ट यानी, वह स्तर जहां शेयर या इंडेक्स को नीचे गिरने से सहारा मिलता है। यहां खरीदारी बढ़ने से कीमत आसानी से नीचे नहीं जाती। इन स्तरों पर खरीदारी का मौका मिल सकता है। रेजिस्टेंस यानी, वह स्तर जहां शेयर या इंडेक्स को ऊपर जाने में रुकावट आती है। ऐसा बिकवाली बढ़ने से होता है। अगर निफ्टी रजिस्टेंस जोन को पार करता है, तो नई तेजी आ सकती है।

# निवेशकों को भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के नतीजे का इंतजार

नई दिल्ली, वार्ता

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार परिदृश्य और भू-राजनैतिक अनिश्चितताओं से प्रभावित कारोबार के कारण बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों में गिरावट तेज हो गई। निवेशकों को अब भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के संतुलित परिणाम की प्रतीक्षा है। वे फिलहाल किनारे रह कर कुछ चुनिंदा लिवाली करना बेहतर मान रहे हैं।

सप्ताह के दौरान तिमाही परिणामों का सीजन आईटी क्षेत्र की दिग्गज टीसीएस के पहली तिमाही के नतीजों से शुरू हुआ, जिसमें बाजार को वैश्विक मांग में नरमी का संकेत दिखा है। सप्ताहांत यूरोपीय संघ और मैक्सिको के खिलाफ अमेरिका में 30 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की घोषणा का इस सप्ताह बाजार पर नकारात्मक प्रभाव दिख सकता है। विश्लेषकों के अनुसार भारत में मुद्रास्फीति नीचे आने और ब्याज दर में नरमी से निवेशकों का बाजार में विश्वास बना हुआ है लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति की व्यापार नीति से व्याप्त अनिश्चिताओं और भू-राजनीतिक तनाओं के बीच मांग में कमी के कारण फिलहाल निवेश किनारे पर ही रहना बेहतर मान रहे हैं। पिछले कुछ महीनों तक विदेशी संस्थागत निवेशकों की ओर से अच्छे प्रवाह के बाद जुलाई में अब तक उनका निवेश कुल मिलाकर कम हुआ है। बजाज ब्रोकिंग रिसर्ज के अनुसार स्थिर मैक्रो संकेतक और घटती मुद्रास्फीति तेजी की धारणा को बढ़ावा दे रही है, हालांकि वैश्विक संकेत (जैसे, अमेरिकी चुनाव, ब्याज दरों पर निर्णय) अस्थिरता पैदा कर सकते हैं। फर्म के अनुसार निवेशक चुनिंदा खरीदारी की ओर झुके हैं और उचित मूल्य निर्धारण और स्पष्ट वृद्धि की संभावना वाले आईपीओ को पसंद कर रहे हैं। फिर भी बाजार में फार्मा, औद्योगिक और विशिष्ट उपभोक्ता वस्तु वर्ग के शेयर बेहतर चल रहे हैं, जबकि रियल एस्टेट और फिनटेक क्षेत्र में मंदी बनी हुई है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**निकम व...**

मास्टर को केरल में शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके विशेष कार्यों के लिए जाना जाता है। उन्हें वंचित वर्गों के लोगों के साथ-साथ अनुसूचित जातियों और जनजातियों के बीच शिक्षा और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने वाले उनके कार्यों के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। जानी मानी इतिहासकार डा. जैन दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज में इतिहास की पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर और भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद की शासी परिषद की सदस्य रह चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि राज्यसभा में निर्वाचित सदस्यों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाले 12 व्यक्तियों को मनोनीत किया जाता है।

**देशभर में...**

कर दिया है। दिल्ली सीईओ की वेबसाइट पर 2008 की वोटर लिस्ट उपलब्ध है, जब दिल्ली में आखिरी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन हुआ था। उत्तराखंड में आखिरी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन 2006 में हुआ था। तब की वोटर लिस्ट राज्य की सीईओ वेबसाइट पर उपलब्ध है। राज्यों में आखिरी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कट ऑफ तारीख के तौर पर काम करेगा, क्योंकि बिहार की 2003 की वोटर लिस्ट को चुनाव आयोग स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के लिए यूज कर रहा है। अधिकांश राज्यों में 2002 और 2004 के बीच वोटर लिस्ट में संशोधन किया गया था। बिहार में वोटर लिस्ट वैरिफिकेशन का काम जारी है। इस दौरान चुनाव आयोग (ईसी) के अधिकारियों का दावा है कि बिहार में बड़ी तादाद में विदेशी हैं। ईसी अफसरों ने न्यूज एजेंसी को बताया कि हमने मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए घर-घर जाकर दौरे किए। इस दौरान हमें नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार से आए लोग बड़ी संख्या में मिले हैं। ईसी अफसरों के मुताबिक एक अगस्त के बाद ऐसे लोगों की जांच होगी। 30 सितम्बर को पब्लिश होने वाली आखिरी मतदाता सूची में अवैध प्रवासियों के नाम शामिल नहीं किए जाएंगे। वोटर लिस्ट वैरिफिकेशन का काम 24 जून को शुरू हुआ था और 25 जुलाई, 2025 तक गणना फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख है। मतदाता गणना फार्म जमा करने का काम अंतिम चरण में पहुंच चुका है।

**चेतावनी के...**

विशेषकर टेकऑफ और शुरुआती चढ़ाई जैसे क्रिटिकल चरणों में। पायलट ने सुबह 11:17 बजे यह अलर्ट दिया था और 12:40 बजे विमान को उड़ान की मंजूरी दे दी गई। दोपहर 1:38 बजे यही विमान लंदन के लिए टेकऑफ करता है और महज 30 सेकंड बाद दोनों इंजन बंद हो जाते हैं। रिपोर्ट को लेकर सरकार ने कहा है कि इस पर स्टडी की जा रही है। अभी कोई निष्कर्ष न निकालें।

# जम्मू-कश्मीर के नेताओं को नजरबंद किया गया

श्रीनगर, वार्ता

जम्मू-कश्मीर में सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस समेत कई नेताओं को रविवार को नजरबंद कर दिया गया। ये लोग वर्ष1931 में तत्काकलीन शासन के खिलाफ हुए एक विरोध प्रदर्शन में मारे गए 22 लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए वहां जाना चाहते थे। प्रशासन ने नौहट्टा क्षेत्र में बने कब्रिस्तान मज़ार-ए-शोहदा की ओर जाने वाले सभी रास्तों को सील कर दिया और कई संवेदनशील इलाकों में पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र बलों की भारी टुकड़ियां तैनात कर दीं।

श्रीनगर जिला प्रशासन ने कल शाम राजनीतिक दलों को वहां जाने की अनुमति देने से मना करते हुए आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रतिबंधों की निंदा करते हुए इसे 'पूरी तरह से अलोकतांत्रिक' बताया। अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अलोकतांत्रिक कदम उठाते हुए लोगों को घरों में बंद कर दिया गया है, जिससे कि लोग ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण कब्रिस्तान में नहीं जा सकें। यहां उनकी कब्रें हैं, जिन्होंने कश्मीरियों को आवाज़ देने और उन्हें मजबूत बनाने के लिए जान दे दी। उन्होंने कहा कि वह नहीं जानते कि पुलिस आखिर किस बात से इतना डरती है।वह पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और विधायक तनवीर सादिक की एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। सादिक ने कहा था कि नेताओं को उनके घरों में नजरबंद कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1931 में जान कुर्बान करने वालों को गलत तरीके से बदनाम किया जा रहा है।

### अमरनाथ यात्रियों का नया जत्था जम्मू से रवाना

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में श्री अमरनाथ यात्रा के लिए 7000 से अधिक तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था रविवार को यहां बने यात्री निवास से पवित्र गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 286 वाहनों के बेड़े में यह जत्था जम्मू आधार शिविर से रवाना हुए। उन्होंने बताया कि आज सुबह 7049 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू आधार शिविर से श्री अमरनाथ यात्रा गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। इनमें से 4148 तीर्थयात्री पहलगाम और 2891 तीर्थयात्री बालटाल के लिए रवाना हुए।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड अभियान के लिए मुख्यमंत्री का हुआ सम्मान समारोह

# भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम की सफलता का श्रेय जनता को: धामी

■ भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड प्रादेशिक जन जागरण मंच ने किया कार्यक्रम ■ विधायक खजान दास, स्वामी चिदानंद मुनि सहित कई गणमान्य शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** 'भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड' के लिए मुख्यमंत्री द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड प्रादेशिक जनजागरण मंच द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सम्मानित किया गया। जन जागरण मंच में शामिल धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा रविवार को बल्लीवाला देहरादून में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर विधायक खजान दास, स्वामी चिदानंद सरस्वती, संयोजक कुंवर जपेंद्र सिंह, किशन गिरी महाराज, राकेश ओबेरॉय, पंकज गुप्ता एवं विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश को भ्रष्टाचार से मुक्त बनाने की दिशा में उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी और जनता के समर्थन को इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि यह अभिनंदन समारोह केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि उत्तराखंड को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के सपने को साकार करने का उत्सव है। यह सम्मान उत्तराखंड की सवा करोड़ जनता का है, जो ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के मूल्यों के साथ राज्य के विकास की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ उठाए गये सरकार के कदमों ने यह प्रमाणित किया है कि यदि दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो किसी भी चुनौती का सामना सफलतापूर्वक किया जा सकता है।



### भ्रष्टाचार में लिप्त 200 लोगों को भेजा जेल: सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता, ट्रांसफर-पोस्टिंग में भ्रष्टाचार और योजनाओं में कमीशनखोरी जैसे मामलों में कठोर कार्रवाई की गई। पिछले तीन वर्षों में भ्रष्टाचार में लिप्त 200 से अधिक लोगों को जेल भेजा गया है। पिछले चार वर्षों में राज्य में 24 हजार से अधिक लोगों को सरकारी नौकरी प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में समान नागरिक संहिता को लागू करने, सख्त नकल विरोधी कानून बनाने, लैंड जिहाद व लव जिहाद के विरुद्ध कार्रवाई तथा धर्मांतरण और दंगारोधी कानूनों के माध्यम से शासन व्यवस्था को मजबूती प्रदान की गई है।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग में मुख्यमंत्री के साथ: कुंवर जपेंद्र

भ्रष्टाचार के खिलाफ मुख्यमंत्री का जीरो टॉलरेंस की नीति का असर पूरे राज्य में देखा जा रहा है। क्योंकि जिस तरह से मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का कड़ा रुख है उससे भ्रष्टाचारियों पर लगातार कार्रवाई हो रही है। और इसी से प्रभावित होकर मंच ने मुख्यमंत्री का सम्मान किया है। भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग जारी रहेगी और इस जंग में हम सरकार के साथ हैं। जब तक भ्रष्टाचार का दानव समाप्त नहीं होगा तब तक ये कार्रवाई जारी रहेगी।

## 10 अक्टूबर से होगा तीन दिवसीय गोर्खा दशै दिवाली महोत्सव का आयोजन

■ राजकीय मेला 2025 10 से 12 अक्टूबर तक महेंद्र ग्राउंड, गढ़ी कैंट देहरादून में लगेगा ■ कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** वीर गोर्खा कल्याण समिति देहरादून की ओर से तीन दिवसीय गोर्खा दशै दिवाली सांस्कृतिक महोत्सव एवं राजकीय मेला 2025 का आयोजन महेंद्र ग्राउंड, गढ़ी कैंट देहरादून में होने जा रहा है। यह कार्यक्रम 10 से 12 अक्टूबर तक चलेगा एवं इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। यह जानकारी वीर गोरखा कल्याण समिति द्वारा आयोजित एक बैठक में दी गई, जिसमें वीर गोर्खा कल्याण समिति के अध्यक्ष कमल थापा ने संस्था के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार हम गोर्खा दशै दिवाली महोत्सव 2025 का आयोजन 10 से 12 अक्टूबर को करने जा रहे हैं। इस आयोजन का पिछले साल से बेहतर तैयारी की जा रही है।

2024 में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गोर्खा दशै दिवाली महोत्सव को उत्तराखंड का एक राजकीय मेला घोषित किया गया था एवं इस साल राजकीय मेले की तैयारी बड़ी धूमधाम से की जा रही है। बैठक में समिति के अध्यक्ष कमल थापा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उर्मिला तामाड, कर्नल माया गुरुंग, सलाहकार, उपाध्यक्ष- सूर्य बिक्रम शाही, महासचिव- विशाल थापा, कोषाध्यक्ष टेकु थापा, सचिव-देविन शाही, सह-सचिव आशु थापा, सह सांस्कृतिक सचिव करमिता थापा, संगठन मंत्री लोकेश बन, सोनु गुरूगं, सदस्य पूरन बहाद.ुर थापा, यामु राना, ज्योति राना, सोना शाही, एन बी थापा, बुद्धेश राई, मीन गुरुंग, बबिता गुरुंग एवं नरेंद्र थापा मौजूद रहे।

# ऑपरेशन कालनेमि में 200 लोग पकड़े गए: मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में छद्म वेशधारियों की मूल पहचान उजागर करने के लिए "ऑपरेशन कालनेमि" चलाया जा रहा है। अब तक 200 से अधिक संदिग्धों को पकड़ा गया है, जिनमें कुछ बांग्लादेशी घुसपैठिए भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने जनता से अपील की कि ऐसे तत्वों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम और जीरो टॉलरेंस की नीति के लिए अपने सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "ना खाऊँगा, ना खाने दूँगा" के मंत्र को अपनाते हुए राज्य



■ सीएम हेल्पलाइन 1905, भ्रष्टाचार की शिकायतों के लिए 1064

सरकार पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी शासन व्यवस्था के निर्माण के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई व्यक्तिगत विजय नहीं, बल्कि यह जनता के विश्वास, ईमानदारी की ताकत और युवाओं की उम्मीदों की जीत है। राज्य सरकार ने 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के तहत पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए तकनीक का व्यापक उपयोग किया है, जिसमें ऑनलाइन ट्रांसफर प्रक्रिया, परीक्षा प्रणाली की निगरानी और जन शिकायत निवारण के लिए सीएम हेल्पलाइन 1905 और भ्रष्टाचार की शिकायतों के लिए 1064 जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं।

# आईआईएम काशीपुर में प्रबंधन के गुर सीखेंगे प्राचार्य: डॉ. रावत

### लीडरशिप प्रोग्राम में पहले बैच के 40 प्राचार्य लेंगे हिस्सा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे के राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) काशीपुर में प्रबंधन व नेतृत्व के गुर सिखाये जायेंगे। आईआईएम काशीपुर व उच्च शिक्षा विभाग के बीच पूर्व में हुये एमओयू के तहत प्रदेशभर के प्रचार्यों को बैचवार प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस श्रृंखला के तहत आगामी 21 से 25 जुलाई तक आयोजित होने वाले 'नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप कार्यक्रम' में प्रदेशभर के 40 प्राचार्य प्रतिभाग करेंगे।

सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित मालवीय मिशन शिक्षक कार्यक्रम (एमएमटीटीपी) के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्राचार्यों को नेतृत्व क्षमता, रणनीतिक सोच, प्रभावी निर्णय क्षमता, कुशल प्रबंधन, अंतर-कार्यात्मक समन्वय एवं शैक्षणिक अंतदृष्टि जैसे विषयों पर गहन प्रशिक्षण दिया जायेगा।



■ आगामी 21 से 25 जुलाई तक चलेगा प्रशिक्षण कार्यक्रम

उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य राजकीय महाविद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता, प्रशासनिक दक्षता और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ करना है। प्रशिक्षण उपरांत प्राचार्य अपने-अपने महाविद्यालयों के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विकास में नई ऊर्जा और दिशा प्रदान कर सकेंगे। डॉ. रावत ने प्रतिभागी प्राचार्यों को आईआईएम काशीपुर में आयोजित नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप कार्यक्रम (एनएलएफपी) में प्रशिक्षण के लिये अपने स्तर से पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आईआईएम काशीपुर व उच्च शिक्षा विभाग के बीच हुये एमओयू के तहत समय-समय पर नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिसमें 40-40 प्राचार्यों का बैच प्रशिक्षण के लिये जायेगा, ताकि सभी महाविद्यालयों को इसका लाभ मिल सके।

### लीडरशिप प्रोग्राम में शामिल होंगे इन महाविद्यालयों के प्राचार्य

आईआईएम काशीपुर में होने वाले लीडरशिप प्रोग्राम में प्रदेशभर के 40 महाविद्यालयों के प्राचार्य प्रतिभाग करेंगे। जिसमें राजकीय महाविद्यालय कोटाबाग, मालधनचौड़, हल्द्वानी शहर, कॉडा, चौखुटिया, भिकियासैंण, लमगड़ा, बलुवाकोट, देवीधुरा, बनबसा, पाटी, सितारगंज, किच्छा, जयहरीखाल, बिथ्याणी, नारायणबगड़, जखोली, गुप्तकाशी, ब्रह्मखाल, अगरोड़ा, नैनबाग, कमांद, चुड़ियाला, भूपतवाला के प्राचार्य शामिल हैं। इसके अलावा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़, स्याल्दे, मानिला, बेरीनाग, लोहाघाट, कोटद्वार, थलीसैण, जोशीमठ, गैरसैण, अगस्त्यमुनि, नईटिहरी, डाकपत्थर, डोईवाला के साथ ही राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी, जसपुर व राजकीय व्यावसायिक महाविद्यालय पैठाणी के प्राचार्य भी प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभा करेंगे।

## कम छात्र संख्या वाले विद्यालय बंद करने का निर्णय उचित नहीं: जोशी

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव महेश जोशी ने सरकार कि और से कम छात्र संख्या वाले विद्यालय को बंद किए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण कहा। उन्होंने कहा कि कल्याणकारी सरकार की परिभाषा यह है कि एक बच्चा भी विद्यालय में है तो उसे शिक्षा से वंचित न किया जाए, मगर सरकार की सोच नफे नुकसान की है। पहाड़ी भौगोलिक विषम परिस्थितियों में जहां मौसम आने जाने की दिक्कतों की वजह से शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों के लिए ये मुश्किल का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वैसे भी सरकारी स्कूलों में गरीब का बच्चा ही रह गया। उन्होंने कहा कि सरकार को विद्यालय भवन के रखरखाव में सुधार मूलभूत सुविधाए गुणवत्तापरक शिक्षा एवं कैसे छात्र संख्या बढ़ाई जाए इस और ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र को शिक्षा का अधिकार है जिससे वंचित नहीं किया जाना चाहिए । उन्होंने कहा कि सरकार लगातार राज्य निर्माण की मूलभावना शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार की अनदेखी कर रही है।

# पंचायत चुनाव: आज 2 बजे तक चुनाव चिन्ह आवंटन रहेगा स्थगित

### हाईकोर्ट की सुनवाई के कारण आयोग ने जारी की अधिसूचना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की प्रक्रिया के तहत अब सोमवार को (आज) पहले चरण के चुनाव के प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह के आवंटन का काम दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित रहेगी। क्योंकि पंचायत चुनावों में ऐसे प्रत्याशियों को लेकर जिनके नाम नगर निकाय वोटर लिस्ट और पंचायत चुनाव वोटर लिस्ट दोनों जगह हैं उसको लेकर हाईकोर्ट नैनीताल में सोमवार (आज) सुनवाई होनी है। इसको देखते हुए राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया को स्थगित कर दिया है। आयोग से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि हाईकोर्ट में इस प्रकरण में आयोग ने अपना स्पष्टीकरण अथवा क्लेरिफिकेशन दाखिल किया था




■ आज हाईकोर्ट नैनीताल में याचिका के मामले में होनी है सुनवाई ■ राज्य निर्वाचन आयोग ने दाखिल किया है अपना स्पष्टीकरण

जिस पर 14 जुलाई को सुनवाई होनी है। इसलिए चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया स्थगित रहेगी। 2 बजे के बाद हाईकोर्ट के निर्णय अथवा निर्देशों के बाद ही राज्य निर्वाचन आयोग अपनी प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगा।

गौरतलब है कि रुद्रप्रयाग निवासी शक्ति सिंह बर्त्वाल ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करके कहा था कि राज्य निर्वाचन आयोग ने ऐसे वोटरों को भी प्रत्याशी बना दिया है जिसका नाम नगर निकायों की वोटर लिस्ट में भी है और पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट में भी है। जबकि नियमानुसार कोई भी व्यक्ति सिर्फ एक ही स्थान पर वोटर हो सकता है। इसको लेकर हाईकोर्ट ने शुक्रवार को ऐसे प्रत्याशियों के पर्चे निरस्त करने का आदेश दिया था। जिसपर निर्वाचन आयोग ने अपना स्पष्टीकरण दाखिल किया है, इस पर आज सुनवाई होनी है।



## राज्य आंदोलनकारी जोशी के निधन पर धीरेंद्र प्रताप ने जताया शोक

**देहरादून।** अल्मोड़ा के जाने-माने राज्य आंदोलनकारी पुरन चंद जोशी के निधन पर उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने गहरा दुख और शोक व्यक्त किया है। पुरानचंद जोशी ने अल्मोड़ा में अपने यौवन के चरम पर राज्य आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अने.कों गिरफ्तारियां दी। उन्होंने कई अनशनो और सत्याग्रहों में भाग लिया। वे 52 वर्ष के थे । उनके बड़े भाई रमेश चंद जोशी पत्रकार है। उनके निधन से अल्मोड़ा में राज्य आंदोलनकारियों में शोक की लहर फैल गई। प्रताप ने कहा उन्हें उनके राज्य आंदोलन में योगदान के लिए वर्षों याद किया जाएगा। वह एक ऊर्जावान नेता थे। उन्होंने राज्य निर्माण के लिए निष्ठा पूर्वक कुर्बानियां दी। उन्हें भूलना मुश्किल होगा।

# हरेला पर्व पर पूर्व सैनिक लगाएं दो लाख पौधे : जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेशभर के पूर्व सैनिकों से आव्हान करते हुए सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि वे हरेला पर्व के वृक्षारोपण अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं और पर्यावरण संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभाएं। इस बाबत उन्होंने रविवार को पूर्व सैनिकों के साथ हरेला पर्व के संबंध में बैठक की।

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इस बार हरेला पर्व के अवसर पर पूर्व सैनिकों द्वारा प्रदेशभर में दो लाख से अधिक पौधे रोपे जाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की इस पारंपरिक पर्व को न केवल सांस्कृतिक पहचान से जोड़ना है, बल्कि इसे हरियाली और पर्यावरण जागरूकता का सशक्त माध्यम भी बनाना है। इस दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने 16 जुलाई को हरेला पर्व के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आव्हान भी किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान सामाजिक चेतना, पर्यावरण सरंक्षण और राष्ट्र सेवा का प्रतीक बनेगा। मंत्री ने कहा कि पूर्व सैनिकों ने राष्ट्र की रक्षा के लिए जो सेवा दी है, अब उसी समर्पण भाव से वे प्रकृति की रक्षा के लिए भी आगे आ रहे हैं। बैठक में सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल (सेनि) रघुवीर सिंह भंडारी, कर्नल (सेनि) रविन्द्र सिंह रांगडा, पीबीआरओ अध्यक्ष शमशेर सिंह बिष्ट, सूबेदार राकेश प्रसाद, हवलदार विक्रम सिंह, सोबन सिंह रावत, जसपाल, राजे सिंह रावत सहित कई पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।



### उधम सिंह नगर के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे जोशी

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी रविवार से जनपद ऊधम नगर के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी जनपद ऊधम सिंह नगर में आगामी पंचायत चुनाव के दृष्टिगत पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी बैठक करेंगे। इसके अतिरिक्त, आगामी 19 जुलाई को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के जनपद ऊधम सिंह नगर के प्रस्तावित दौरे को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे।

# यलो अलर्ट: इस हफ्ते राज्य भर में जारी रहेगी बारिश




■ सिर्फ सावधानी बरतें घबराएं नहीं, आपदा प्रबंधन विभाग ■ मौसम विभाग ने दी कई जनपदों में बारिश की चेतावनीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मौसम विभाग की चेता.वनी के अनुसार इस हफ्ते भी राज्य में कई जिलों में भारी बारिश जारी रह सकती है। मौसम विभाग ने मानसून को देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने भी सभी जिलों को सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। साथ ही लोगों को भी बिना किसी पैनिक हुए या घबराए हुए सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। क्योंकि राज्यभर में बारिश तो होगी लेकिन ये सामान्य परिस्थितियों से थोड़ी जनजीवन को प्रभावित करने वाली हो सकती है। लेकिन ये किसी बड़े खतरे का इशारा नहीं है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून, हरिद्वार, उत्तरकाशी, पौड़ी, चमोली, बागेश्वर, अल्मोड़ा, नैनीताल, पिथौरागढ़ सहित लगभग सभी जनपदों के ज्यादातर हिस्सों में हल्की से मध्यम एवं गरज के साथ बारिश रह सकती है।

### मुख्यत: होते हैं 4 प्रकार के अलर्ट

आपको बता दें कि मौसम विभाग के बारिश और आपदा को देखते हुए सामान्यत: चार प्रकार के अलर्ट रखे जाते हैं। जिसमें हरा अलर्ट- किसी चेतावनी के रूप में नहीं बल्कि सामान्य हालात के लिए इस्तेमाल होता है। यलो अलर्ट यानी पीला अलर्ट- सावधानी बरतने यानी नजर बनाए रखें, इस एहतियात के लिए होता है। ऑरेंज अलर्ट- बताता है कि मौसम से किसी भी परिस्थिति में कार्रवाई के लिए तैयार रहें। और रेड अलर्ट जारी करने पर माना जाता है कि मौसम का मिजाज ज्यादा बिगड़ा हुआ है, इसमें नुकसान की पूरी संभावना होती है।

# रक्तदान के ऋषि: अनिल वर्मा, जिनका खून इंसानियत की रगों में बहता है

### 155 बार रक्तदान करके रिकॉर्ड कायम कर चुके हैं , आज भी हजारों लोगों को रक्तदान के लिए करते हैं जागरूक

■ वर्ष 2024 में 'नेशनल ब्लड हीरो अवॉर्ड' से किए जा चुके सम्मानित

**एम. फहीम 'तन्हा'**

**देहरादून। किसी की धड़कनों को यूं ही जिंदा रखना है, तो बिना नाम-पते के भी कुछ दे जाओ- रक्त की कुछ बूँदें ही सही।** ऐसी ही सोच को जीते हैं देहरादून निवासी अनिल वर्मा, जिन्होंने अब तक 155 बार रक्तदान कर लाखों दिलों की धड़कनों को नया जीवन दिया है। उम्र भले ही 70 वर्ष पार कर चुकी है, लेकिन उनके सेवा-भाव में अब भी वही युवा जोश और मानवीय संवेदना दिखती है, जो उन्होंने 1971 के भारत-पाक युद्ध के समय पहली बार रक्तदान करते हुए महसूस की थी।

### सोच सीधी और स्पष्ट



"ईश्वर ने अगर शरीर स्वस्थ दिया है तो ये भी हमारी जिम्मेदारी है कि दूसरों को जीवन देने में इसका इस्तेमाल करें। मेरा मानना है कि ष्रक्त देने वाला हाथ, किसी मंदिर की मूर्ति से कम नहीं रक्तदान के बारे में फैली भ्रांतियों को दूर करना और समाज में स्वस्थ, नियमित रक्तदाता संस्कृति को बढ़ावा देना मेरा निजी मिशन बन गया है... **अनिल वर्मा, रक्तदाता**

### रक्तदान-युवाओं के लिए मिशन

अनिल वर्मा केवल स्वयं रक्तदान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे युवाओं को इस अभियान से जोड़ने में भी अग्रणी हैं। उन्होंने सैकड़ों NCC कैडेट्स, रेड क्रॉस स्वयंसेवकों, और आम नागरिकों को रक्तदान का महत्व समझाकर उन्हें नियमित रक्तदाता बनने के लिए प्रेरित किया है। हाल ही में उन्हें देहरादून के कर्नल ओपी पांडे और NCC बटालियन की ओर से विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### रक्तवीर का सफर: सेवा से सम्मान तक

अनिल वर्मा का रक्तदान से जुड़ाव कोई आकस्मिक निर्णय नहीं था। वे 5 दशकों से अधिक समय से इस सेवा में नि:स्वार्थ रूप से जुड़े हुए हैं। उनके समर्पण को देखते हुए उन्हें वर्ष 2024 में 'नेशनल ब्लड हीरो अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें ओडिशा के बुरला में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में प्रदान किया गया, जिसमें पूरे भारत से रक्तदाताओं को आमंत्रित किया गया था। 2021 में वे FBDOI (Federation of Blood Donors Organisation of India) के राष्ट्रीय सचिव भी नियुक्त हुए। यह पद देशभर के रक्तदाताओं के लिए उनकी भूमिका को रेखांकित करता है।

### निजी जीवन और प्रेरणा

व्यवसाय से सेवानिवृत्त अनिल वर्मा, अब पूरी तरह सेवा कार्यों में लगे हैं। वे सुबह योग करते हैं, फिर शहर में किसी न किसी ब्लड बैंक या अस्पताल से जुड़े रहते हैं ख्र कई बार खुद ब्लड देने तो कई बार जरूरतमंद के लिए ब्लड डोनर खोजने में। उनकी प्रेरणा न केवल उत्तराखंड बल्कि पूरे देश के लिए उदाहरण है। यदि आप भी रक्तदाता बनना चाहते हैं या किसी को जरूरत है, तो अनिल वर्मा जी के संपर्क में आकर मार्गदर्शन ले सकते हैं। ऐसे लोग समाज की असली रीढ़ हैं, जो बिना किसी स्वार्थ के, केवल मानवता के नाम पर जीते हैं। ष्जब खून किसी के रिश्ते से नहीं, इरादे से जुड़ता है, तभी समाज को असली जीवनदान मिलता है। अनिल वर्मा जैसे लोग उस इरादे की पहचान हैं।

# देवीधूरा में अनोखे तरीके से पौधे रोपित किए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नैनीताल ।** नैनीताल वन प्रभाग के तहत मनोरा वन रेंज के तत्वावधान में रविवार को नैनीताल के समीपवर्ती गांव देवीधूरा में अनोखे तरीके से पौध रोपित किए गए। वन विभाग की पहल पर ग्रामीणों ने पौधों को रोपने से पहले उनकी पूजा अर्चना की।

पूजा के बाद अपनी मां के नाम पर पौधों को जमीन पर रोपा गया साथ ही पौधों की स्वस्थ व लंबी उम्र की विशेष कामना की। बता दें कि रविवार को वन विभाग की मनोरा रेंज की ओर से देवीधूरा के भूमिया मंदिर परिसर में एक पौधा मां के नाम पर पौध रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शामिल देव. ीधूरा के ग्रामीणों व वन विभाग की ओर से पौंध रोपने से पहले उनकी पूजा की। पूजा के बाद ग्रामीणों व वन कर्मियों नर एक एक कर पौंध रोपण किया। जिसके बाद भूमिया मंदिर में पेड़ों की लंबी आयु के लिए पूजा



अर्चना भी की गई। जिसके बाद वन विभाग की ओर से ग्रामीणों को पेड़ों को बचाने की शपथ दिलाई गई। मना. ेरा वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि भूमिया मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजातियों के व्रक्ष से ज्यादा पौंध रोपे गए। बताया कि ग्रामीणों ने लगाए गए पेड़ो को बचाये रखने की शपथ भी ली। इस दौरान वन दरोगा सुरेश जोशी, राजू करायत, दुर्गा दत्त मेलकानी, शिव सिंह, ज्योति मेलकानी, राधा, पूनम सिजवाली, हीरा व ग्रामीण बलदेव प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद, नरेंद्र प्रसाद, विपिन कुमार, रेनू, शीला, दीपांकर ऋषभ, सौरभ, नितिन,सुंदर लाल, सीमा देवी, कमला देवी, शांति देवी व कमल किशोर तथा घनश्याम मौजूद रहे।

**चेकिंग अभियान चलाया**

**नई टिहरी।** टिहरी जिले के चंबा और नरेंद्रनगर क्षेत्रों में पुलिस ने होटलों और रिजॉर्ट्स में अनैतिक गतिविधियों की आशंका के चलते अचानक चेकिंग अभियान चलाया। यह कार्रवाई जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और संदिग्ध गतिविधियों की रोकथाम के उद्देश्य से की गई। नरेंद्रनगर में सीओ सुरेंद्र भंडारी और थाना निरीक्षक संजय मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विभिन्न होटलों में गहन चेकिंग की।

इस दौरान होटल मालिकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने यहां ठहरने वाले सभी यात्रियों की पूरी जानकारी दर्ज करें और उनके पहचान पत्रों की विधिवत जांच करें। साथ ही, होटल और रिजॉर्ट में कार्यरत सभी कर्मचारियों का सत्यापन सुनिश्चित किया जाए।

## बेरोजगार डिप्लोमा एलौपैथिक संघ की नई कार्यकारिणी का गठन

**रुद्रप्रयाग।** बेरोजगार डिप्लोमा एलौपैथिक संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार एवं महामंत्री कैलाश भटट को चुना गया। इस दौरान संघ की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर उनके निस्तारण पर जोर दिया गया। जिला मुख्यालय में आयोजित बैठक में बेरोजगार डिप्लोमा एलौपैथिक संघ की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष एवं महामंत्री के अलावा उपाध्यक्ष हरीश, सचिव किरन, कोषाध्यक्ष आशुतोष गैरोला, मीडिया प्रभारी अरविंद रतूडी को चुना गया। कार्यकारिणी के चुनाव जनपद प्रभारी मंदीप बुटोला एवं प्रदेश महामंत्री विवेक खन्ना की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने बताया कि संघ की समस्याओं का निराकरण एकजुटता के साथ किया जाएगा।

# रामलीला मंचन की तैयारियों को लेकर गहन मंथन किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नैनीताल ।** आदर्श रामलीला एवम् जन कल्याण समिति सूखाताल की बैठक रविवार को समिति कार्यालय में समिति के अध्यक्ष गोपाल सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें आगामी रामल. ीला मंचन की तैयारियों को लेकर गहन मंथन किया गया।

बैठक में समिति के महासचिव रितेश साह ने बताया कि इस वर्ष रामलीला के अभयास का शुभारंभ 18 जुलाई से किया जाएगा।समिति के मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह रावत ने बताया कि समिति की इस बार रामल. ीला को और अधिक भव्य व सांस्कृतिक रूप में प्रस्तुत करने की योजना है, साथ ही सभी कलाकारों से आह्वान किया हैं कि 18 जुलाई (शुक्रवार) से रामलीला के पूर्वाभयास में पहुंचे।बैठक में हेमलता





पांडे, दया बिष्ट, सावित्री सनवाल,हेमा साह,नासिर अली,अमिताभ साह, मुकेश धस्माना, करण तथा ललित साह समेत सिद्धार्थ मजूमदार,प्रकाश पंत, जयवर्धन व अभिनव आदि पदा. धिकारी एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक कासंचालन समिति के महासचिव रितेश साह ने किया,अंत में समिति के अध्यक्ष गोपाल सिंह रावत ने सभी का आभार जताया।

## नबी की शान मे नात शरीफ पढ़ी गई और इमाम बाड़े मे फ तेहा ख्वानि की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नैनीताल ।** मुहर्रम कमेटी की जानिब से रविवार को इमाम बाड़े मे फ तेहा खवानि की गई, जिसमें पहले नबी की शान मे नात शरीफ पढ़ी गई और हुसैन की शान मे मनकबत का नजराना पेश किया गया फि र उसके बाद सलातो सलाम व फातेहा हुई जिसमें कई लोगों ने हिस्सा लिया और अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

इस दौरान कमेटी ने यादें हुसैन के बारे मे चर्चा की। इस बार यादें हुसैन चांद दिखने पर 14 या 15 अगस्त को मनाया जायेगा।

इस महफिल में कमेटी के अध्यक्ष नाजिम बखश, उपाध्यक्ष तस्लीम बखश, उपाध्यक्ष समीर अहमद मन्नू, महासचिव समीर अली सचिव मोहमद कासिम, कोषाध्यक्ष मोहमद अजीम समेत मोहमद नसीम, मोहमद इस्लाम, शान अहमद, साकि. बी मेंबर आरिफ हुसैन, रशीद वारसी, अबदुल वासिद,मोहमद समिल्लाह, अनस, सऊद बखश, मोहसीन, सालिक अहमद, आतिफ बखश, याकजान, अशरफ , आलिम, फैजान, इमरान हुसैन, जुबेर,हनान अहमद, फ रूक ,अहद बखश, आशु बखश, काजीम,फैसल, नाजिम तथा अखाडा कमेटी के सरपरसत अबदुल हसीन,उपाध्यक्ष शाहिद वारसी तथा महासचिव समीर व कोषाध्यक्ष मोईन अहमद आदि लोग शामिल थे।

# जलभराव और नालों की सफाई का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नैनीताल ।** पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने रविवार की छुट्टी के बाद भी पालिका के अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा व अन्य अधिकारियों व कर्मियों की मौजूदगी में तल्लीताल बाजार, माल रोड, गांधी चौक क्षेत्र और मल्लीताल बाजार में जलभराव और नालों की सफाई व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जहां उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए वहीं जनता से भी नगर को साफ व स्वच्छ रखने में पालिका प्रशासन को हर संभव सहयोग देने की गुजारिश की। पालि. काध्यक्ष डा.खेतवाल ने निरीक्षण में पाया कि अधिकांश नालों की नियमित सफाई की जा रही है लेकिन कुछ स्थानों पर दुकानदारों की ओर से नालियों को लकड़ी या अन्य सामग्री से ढक दिए जाने के कारण जल निक.



ासी बाधित हो रही है। पालिका प्रशासन ने ऐसे स्थानों को चिन्हित कर तत्काल प्रभाव से साफ. सफ ाई हेतु निर्देशित किया। तल्लीताल बाजार क्षेत्र में जलभराव की समस्या के लिए मुखय रुप से वहां हुए नवनिर्माण कार्यों में उचित ढाल न दिए जाने और सडक् के लेवल में परिवर्तन को जिममेदार पाया गया। संबंधित विभाग की ओर से निर्माण के समय समुचित जल निकासी एवं क्रास ड्रेनेज व्यवस्था न करने से समस्या उत्पन्न हुई है। नगर पालिका की पूर्व निर्मित ड्रेनेज लाइनें कार्यशील स्थिति में हैं और उनकी समय-समय पर सफाई सुनिश्चित की जा रही है। इस दौरान माल रोड क्षेत्र का भी निरीक्षण किया गया, जहां सफ ाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। पालिका की ओर से प्रत्येक बुधवार को विशेष नाला नालियों का सफ ाई अभियान चलाया जा रहा है। पालिकाध्यक्ष डा.खेतवाल ने बताया कि नगर पालिका नैनीताल की ओर से शहर की साफ. सफ ाई को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में सोमवार द्धआजऋ से प्रत्येक वार्ड में साप्ताहिक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष, पालिका अधिकारी, सफ ाई निरीक्षक और समस्त पर्यावरण मित्रों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने नागरिकों सेअपील की है कि वे स्वच्छता कार्यों में सहयोग करें, नालियों को ढकने या कचरा फेंकने से परहेज करें और शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में सहभागी बने।इस दौरान अधिशासी अधिकारी रोहताश शर्मा, अवर अभियंता विपिन पुरोहित, मुख्य सफाई निरीक्षक सुनीत कुमार, सफ ाई निरीक्षक कमल सिंह चौहान, सुपरवाइजर अमन, मोहित तथा धर्मेश सहित ईश्वरी दत्त बहुगुणा समेत अन्य पालिका कर्मचारी व सभासद गीता उप्रेती और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

**एक नजर .......**

## देवेंद्र सिंह नेगी बने पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष

**कोटद्वार ।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद की रविवार को स्थानीय होटल के सभागार में आयोजित बैठक में देवेंद्र सिंह नेगी को गोपालकृष्ण बड़थ्वाल के स्थान पर परिषद का नया अध्यक्ष चुना गया। कहा गया कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष के नेतृत्व में भी परिषद आम जन के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखेगी। इस अवसर समिति सदस्य बलवान सिंह रावत ने कहा कि सन् 2001 में गोपालकृष्ण बड़थ्वाल के नेतृत्व में परिषद की स्थापना की गई थी और लंबे समय से वे ही अध्यक्ष पद का दायित्व निभा रहे थे। उनके अध्यक्ष काल में परिषद स्थानीय समस्याओं को उठाकर शासन प्रशासन को जगाने का कार्य करती रही। परिषद की लंबी सेवा के बाद अब उन्होंने बढ़ती उम्र के साथ अध्यक्ष पद से मुक्त होने की इच्छा व्यक्त की। जिस पर सर्वसम्मिति से देवेंद्र सिंह नेगी को परिषद का नवीन अध्यक्ष चुना गया। कहा कि परिषद नये अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में समाज हित व सैनिक हितों के लिए कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर कैप्टन सी पी डोबरियाल, कैप्टन सी पी धूलिया, अनिल डबराल, अनूप बिष्ट, महानंद ध्यानी और संजय असवाल सहित परिषद के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## डूबी रकम वापस नहीं मिलने तक जारी रहेगा आंदोलन

**कोटद्वार ।** द लोनी अरबन स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिप्ट को-आपरेटिब सोसाइटी कंपनी के निवेशकों का धरना कोटद्वार तहसील में जारी रहा। पीड़ितों ने डूबी रकम वापस नहीं मिलने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है। रविवार को एलयूसीसी के पीड़ित तहसील परिसर में धरने पर डटे हुए थे। कहा कि कंपनी ने उन्हें निवेश पर बेहतर लाभ देने की बात कही थी। लेकिन, वर्तमान में कंपनी करोड़ों रुपये लेकर फरार हो गई है। कहा कि वह इस संबंध में कई बार शासन-प्रशासन से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया गया है। नतीजा, उन्हें धरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। कहा कि जब तक उनकी रकम उन्हें वापस नहीं मिलेगी उनका आंदोलन जारी रहेगा। कहा कि पीड़ितों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर राजेंद्र सिंह, चंद्रकला डोबरियाल, नीतू देवी, सुनील भंडारी आदि मौजूद रहे।

## कॅरियर काउंसिलिंग का किया गया आयोजन

**कोटद्वार ।** अम्बेडकर मंच की ओर से सिमलचौड़ स्थित ए टू जैड सॉल्यूशन केंद्र में रविवार को शिक्षित युवा बेरोजगारों के लिए कॅरियर काउंसिलिंग का आयोजन किया गया। काउंसिलिंग में युवाओं को बेहतर कैरियर बनाने पर जानकारी दी गई। काउंसिलिंग का आरंभ मुख्य अतिथि एल आर एस वर्ल्ड कॉलेज मुरादाबाद के पुस्तकालय विभागाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में विशेष शिक्षकों का उपलब्ध न होना चिंता का विषय है इसके लिए नवयुवकों को विशेष शिक्षा में अपना भविष्य बनाना चाहिए। वहीं युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर भी सरकारी नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। मंच संरक्षक प्रमोद कुमार चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयो को बड़ी संख्या में मर्ज किया जा रहा है।

## पुलिस ने 6 लाख रुपये कीमत की 3.08 किलोग्राम अवैध चरस के साथ 2 नशा सप्लायरों को गिरफ्तार

कोटद्वार । पुलिस ने 6 लाख रुपये कीमत की 3.08 किलोग्राम अवैध चरस के साथ 2 नशा सप्लायरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। अवैध चरस को तस्कर कांवड़ यात्रा में बेचने ले जा रहे थे, लेकिन पुलिस दोनों को पकड़ लिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी के नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देशानुसार प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार के नेतृत्व में पुलिस व सीआईयू पुलिस टीम थाना क्षेत्रांर्गत चौकिंग कर रही थी। चौकिंग के दौरान पुलिस ने 2 मोटर साइकिल सवार युवकों को संदेह के आधार पर रोका। तलाशी के दौरान दोनों युवकों से 3. 08 किग्रां अवैध चरस बरामद की गई। इस पर पुलिस दोनों को गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम हरीश, पुत्र बाबूराम, निवासी- मोहल्ला कल्लूगंज नजीबाबाद व संजीव कुमार छेत्री उर्फ छोटू, पुत्र स्व. दौलत सिंह, निवासी मंदाकिनी नगर, नजीबाबाद रोड, कोटद्वार बताया। दोनों आरोपियों से क्रमश: 530 ग्राम व 2.550 किलोग्राम अवैध चरस बरामद की गई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनके द्वारा इस चरस को हरिद्वार व ऋषिकेश क्षेत्र में कांवड़ यात्रा के दौरान बेचने हेतु ले जाया जा रहा था। दोनों आरोपियों पर कोतवाली में एनडीपीएस ऐक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत करते हुए वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# चिता चबूतरों की छतों का नवीनीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** पंजाबी महासभा नैनीताल ने नगर पालिका नैनीताल से अनुमति पत्र प्राप्त होने के महज 6 दिनों के भीतर नैनीताल के समीप पाइनस स्थित श्मशान घाट में श्मशान भूमि में दोनों चिता चबूतरे की पुरानी चादरों से ढकी छतों को हटा कर नई नालीदार चादर लगवा कर दोनों चबूतरों की छतों का नवीनीकरण का कार्य भली प्रकार से संपन्न कराया गया और चबूतरों की जरूरी मरमत भी कराई गई।

इस कार्य को संपन्न करने हेतु पंजाबी महासभा के सदस्यों द्वारा आर्थिक सहयोग जुटाकर दोनों चबूत.



रों की छतों का नवीनीकरण का कार्य पूर्ण कर नगरपालिका को सूचना प्रदान की गई और नगरपालिका की देख रख और रख रखाव में सौंपा गया। यह जानकारी महासभा के मीडिया प्रभारी सुमित खन्ना ने दी।

**किसान भी आकर्षित होने लगे**


**गोपेश्वर।** उच्च हिमालयी क्षेत्रों में पाई जाने वाली जड़ी बूटियों की खेती की ओर अब नंदानगर के दुरस्त गांव वाली ग्वाड़ के किसान भी आकर्षित होने लगे हैं। राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी) भारत सरकार और जीवंती वेलफेयर ट्रस्ट, डाबर इंडिया लि. परियोजना के तहत चमोली जनपद के नंदानगर ब्लॉक के अंतर्गत सुदूरवर्ती गांव वाली ग्वाड़ के ग्रामीण पहली बार दुलर्भ जड़ी-बूटी कूटकी और अतीश की खेती कि शुरुआत की है।

## अनूठा पौधारोपण आंदोलन रविवार को भी जारी रहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल ।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 225 को लेकर जारी किया जा रहा अनूठा पौधारोपण आंदोलन रविवार को 373वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण से जोडने् के कार्यक्रम के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए- पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत उनके नेतृत्व में प्रतिदिन की तरह रविवार को पौधा रोपण आंदोलन के 373वें दिन गुरना



देवी मंदिर क्षेत्र में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया।

## चिकित्सको ने त्वरित उपचार कर बचाई महिला की जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही सुमाड़ी भरदार निवासी 53 वर्षीय कुसुम भट्ट का स्थानीय पोस्ट ऑफिस में अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्होंने इसकी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश को फोन कर अपनी गंभीर स्थिति की जानकारी दी।

मामले की गंभीरता से लेते मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने तत्काल चिकित्सकीय टीम को सक्रिय कर कुसुम भट्ट को जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनीष ने महिला की जांच कर पता चला कि उन्हें रक्त की भारी कमी और किडनी समस्या है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों की टीम ने त्वरित उपचार प्रारंभ कर कुसुम भट्ट को दो यूनिट रक्त चढ़ाकर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। चिकित्सकों के त्वरित प्रयास और बेहतर चिकित्सीय सुविधाओं की बदौलत उनकी स्थिति में निरंतर सुधार हो रहा है।

कुसुम भट्ट ने स्वस्थ होने के बाद समस्त चिकित्सकों, स्टाफ तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में जिस प्रकार की त्वरित और बेहतर सेवाएं मिल रही हैं, उससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी भरोसे के साथ यहां इलाज के लिए आ सकते हैं।

महिला का इलाज कर रहे वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनीष ने बताया कि "कुसुम भट्ट की सभी जांचें और उपचार पूरी तरह नि:शुल्क किए गए हैं। अब उनकी स्थिति सामान्य है।

# नगर क्षेत्र की टूटी सड़कों पर पैचवर्क शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** लगातार हो रही बारिश के चलते नगर क्षेत्र की सड़कों की हालत खराब हो चुकी है और जगह-जगह गड्ढे उभर आए हैं। जनता की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद नगर पालिका परिषद ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सड़कों की मरम्मत के लिए रेडी पैच बैग तकनीक से पैचवर्क शुरू कर दिया है। इस कार्य का नेतृत्व पालिकाध्यक्ष मोहन सिंह रावत कर रहे हैं।

पालिका अधिकारियों के अनुसार नगर की सड़कों पर ब्लैक टॉप न होने की वजह से पारंपरिक मरम्मत कार्य में काफी दिक्कतें आ रही थीं। ऐसे में नई तकनीक के तहत रेडी पैच बैग का प्रयोग करते हुए बड़े-बड़े गड्ढों को भरने की शुरुआत की गई है। इस



अभियान की निगरानी पालिका के अधिशासी अधिकारी प्रशांत कुमार और अवर अभियंता शशिकांत द्वारा की जा रही है।

फिलहाल सेक्टर 7डी और सेंट एंथोनी पब्लिक स्कूल, मोलधार मार्ग पर इस तकनीक से गड्ढों को भरने का कार्य किया गया। पालिकाध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने बताया कि प्रारंभिक प्रयोग सफल रहा है और यदि यह तकनीक प्रभावी सिद्ध होती है तो नगर के अन्य क्षेत्रों में भी इसी पद्धति से कार्य किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि नगर की सड़कें लंबे समय से उपेक्षित थीं, लेकिन अब प्राथमिकता के आधार पर उन्हें गड्ढा मुक्त किया जा रहा है। इस अवसर पर सभासद मानवेंद्र रावत, प्रवेश चौहान,

**■ रेडी पैच बैग से गड्ढों को भरने का काम शुरू, ब्लैक टॉप न होने से हो रही थी मरम्मत में दिक्कत**
**सड़कों की बदहाली पर जनता की शिकायतों के बाद पालिकाध्यक्ष के नेतृत्व में शुरू हुआ गड्ढा मुक्त अभियान**

सफाई निरीक्षक प्रीतम सिंह नेगी, शिव सिंह सजवाण, परमवीर चौहान सहित अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।नगर पालिका का यह प्रयास जहां एक ओर वर्षा ऋतु में जनता को राहत देगा, वहीं दूसरी ओर नगर की सड़कों को सुरक्षित और सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# भाजपा पर नामांकन रद्द करवाने का आरोप

**■ कांग्रेस का आरोप "अखोड़ी और भुत्सी वार्ड में सत्ता के दबाव में निरस्त कराए गए विपक्षी नामांकन",सरकारी मशीन. री का दुरुपयोग कर रही भाजपा, जनता को गुमराह नहीं कर पाएगी: कांग्रेस नेताओं का दावा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** चंबा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष साब सिंह सजवाण, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख नरेंद्र चंद रमोला और पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल भंडारी ने रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जिला



पंचायत चुनाव में भाजपा सत्ता का खुला दुरुपयोग कर रही है और सरकारी मशीनरी को अपने हित में इस्तेमाल कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित कर रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि अखोड़ी और भुत्सी वार्डों में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कांग्रेस सहित अन्य प्रत्याशियों के नामांकन पत्र बेवजह निरस्त कर दिए गए। नेताओं ने कहा कि यह कार्रवाई पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण है और जिला पंचायत के रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सत्ता के दबाव में कार्य कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की मांग करती है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा को जनता की अदालत में हार का डर सता रहा है, इसीलिए वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया से भागकर विपक्षी प्रत्याशियों को बाहर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का चार साल का कार्यकाल निराशाजनक और विक. ासविहीन रहा है। भाजपा ने पंचायत प्रणाली को कमजोर करने का प्रयास किया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की रफ्तार थम गई है।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल भंडारी ने कहा कि वे 2014 से 2019 तक जयकोट वार्ड से सदस्य रहे और अपने कार्यकाल में उन्होंने क्षेत्र में सड़कों, पेयजल योजनाओं और अन्य बुनियादी सुविधाओं के लिए व्यापक काम कराए। लेकिन मौजूदा सरकार ने विकास कार्यों की उपेक्षा की और केवल राजनीतिक लाभ के लिए पंचायत प्रणाली को नुकसान पहुंचाया।

कांग्रेस नेताओं ने विश्वास जताया कि जनता अब भाजपा की हकीकत को समझ चुकी है और आगामी चुनाव में उसे करारा जवाब देगी। इस अवसर पर दयाल सिंह तड़ियाल, शीशपाल सजवाण और शूरवीर असवाल भी उपस्थित रहे और भाजपा की नीतियों की आलोचना करते हुए कांग्रेस के पक्ष में जन समर्थन की अपील की।

## शहर को स्वच्छ बनाने को चलायेगें अभियान

**श्रीनगर।** भागीरथी कला संगम संस्था की मासिक बैठक रविवार को कल्यानेश्वर धर्मशाला में आहुत की गई। बैठक में समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद बर्थवाल ने बताया कि बैठक में नगर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया है। कहा कि रविवार को नगर क्षेत्र मधें स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। शहर को स्वच्छ बनाने को लेकर उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की। साथ ही बरसात के मौसम को देखते हुए पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। उसकी लगातार देखभाल कि जायेगी। बैठक में भगत सिंह बिष्ट, दीनबंधु सिंह चौहान सहित आदि मौजूद थे।

## युवक ने युवती की निजता का किया उल्लंघन, किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** सोशल मीडिया पर स्थानीय युवती की निजी तस्वीरें अपलोड कर उसे बदनाम करने की साजिश रचने वाले दिल्ली निवासी एक युवक को चंबा पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के सभी सोशल मीडिया अकाउंट साइबर सेल द्वारा फ्रीज कर दिए गए हैं। मामला आईटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया है और इस पर तेजी से कार्रवाई की गई।

नई टिहरी कोतवाल अजय कुमार जाटव ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी युवक, जो पीड़िता को पूर्व से जानता था, ने उसकी निजता का घोर उल्लंघन करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उसकी कई निजी तस्वीरें अपलोड कर दी थीं। इससे युवती की

**■ सोशल मीडिया पर निजी तस्वीरें अपलोड कर युवती को किया बदनाम, साइबर सेल ने आरोपी के अकाउंट किए फ्रीज साइबर अपराध में तेजी से कार्रवाई, दिल्ली से चंबा पहुंच आरोपी को किया गिरफ्तार**

सामाजिक छवि को गंभीर नुकसान पहुंचा।

घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने चंबा थाना और साइबर विशेषज्ञों की एक संयुक्त टीम को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। मामले की संवे. दनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य जुटाकर तेजी से छानबीन शुरू की।

बीते शनिवार की शाम पुलिस ने एक्टिव सर्विलांस के माध्यम से आरोपी को ट्रेस कर लिया और उसे चंबा क्षेत्र से ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान अंकित, पुत्र राम, निवासी अमर कॉलोनी, लोनी रोड, शाहदरा दिल्ली के रूप में हुई है।

गिरफ्तारी अभियान में एसआई रवि कुमार, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार और कांस्टेबल सुबोध नेगी की भूमिका सराहनीय रही। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है और उसके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में कोई भी लापरवाही नहीं बरती जाएगी और इस तरह की घटनाओं में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ऑपरेशन कालनेमि: जिले में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

● 24 बाबा चिन्हित
● 9 के विरुद्ध चालानी कार्यवाही

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेशभर में ऑपरेशन कालनेमि अभियान युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य समाज में ढोंग, अंधविश्वास और धार्मिक आस्था के नाम पर ठगी करने वाले फर्जी बाबाओं की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्यवाही करना है। इसी कड़ी में नैनीताल पुलिस ने नकली बाबाओं, धार्मिक चोला पहनकर ठगी करने वालों के लिए ऑपरेशन कालनेमि चलाते हुए 24 बाबाओं को चिन्हित किया और 9 के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की। एसएसपी पीएन मीणा के निर्देश पर रविवार को सभी थाना/चौकी प्रभारियों ने आश्रमों, सार्वजनिक स्थानों पर चप्पा-चप्पा सर्च अभियान, संदिग्ध व्यक्तियों की सत्यापन प्रक्रिया और दस्तावेजों की गहन जांच की। काठगोदाम पुलिस ने 3 बाबाओं को चिन्हित कर 1 के विरुद्ध कार्यवाही, मुखानी क्षेत्र में 1 के विरुद्ध, कालाढूंगी क्षेत्र में 4 लोगों को चिन्हित कर 2 के विरुद्ध कार्यवाही, लालकुआं क्षेत्र में 7 लोगों को चिन्हित कर 2 के विरुद्ध कार्यवाही, रामनगर क्षेत्र में 10 लोगों को चिह्नित कर 3 के विरुद्ध पुलिस अधिनियम में कार्रवाई की गई। पुलिस ने कुल 24 बाबाओं को चिन्हित कर 9 बाबाओं के विरुद्ध पुलिस एक्ट में चालानी कार्यवाही करते हुए सख्त चेतावनी दी गई। एसएसपी पीएन मीणा ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों, मंदिर परिसरों, डेरे, आश्रमों और अन्य धार्मिक गतिविधियों पर नजर रखते हुए कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। जनपद पुलिस जनसामान्य से भी अपील करती है कि वें किसी भी प्रकार के ढोंग, ठगी या धर्म के नाम पर शोषण का शिकार होने से बचें और इस प्रकार की किसी भी गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें। एसएसपी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि धर्म की आड़ में ठगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# साप्ताहिक योग कार्यक्रम में हुआ स्वास्थ्य व प्रेरणा से भरपूर आयोजन



● हीरानगर योग पार्क में साथी संगठन का आयोजन संपन्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। साथी संगठन द्वारा आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को हीरानगर योग पार्क में एक प्रेरणादायक एवं स्वास्थ्यवर्धक आयोजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का संचालन संगठन के अध्यक्ष आनंद सिंह भाकुनी एवं संरक्षक एलडी पांडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शंकरदत्त तिवारी द्वारा एक प्रभावशाली व्याख्यान से हुई, जिसमें उन्होंने सुखमय एवं निरोगी जीवन जीने के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

साथ ही संगठन के माध्यम से सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया। कहा गया कि इस तरह के कार्य आगे भी जारी रहेंगे। इसके पश्चात शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी बसंत कंसल ने जीवन के रहस्यों पर आधारित प्रेरक विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान सचिन वाल्दिया ने साथी संगठन की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर संगठन के कोषाध्यक्ष जगदीश खोलिया, मोहन सिंह मेहरा, आनंद सिंह रावत, वीरेंद्र सिंह भाकुनी, आरएस बोरा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# कार का शीशा तोड़ बैटरी उड़ाने वाला गिरफ्तार

● पुलिस ने चोरी की गई बैटरी की बरामद

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। बीते दिनों कार का शीशा तोड़कर बैटरी चोरी मामले में पुलिस ने आरोपीवाहन चोर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी के पास से पुलिस ने चोरी की गई बैटरी भी बरामद कर ली। आरोपी के खिलाफ मुखानी व हल्द्वानी थाने में चोरी सहित 9 मुकदमें दर्ज है। पुलिस ने वाहन चोर के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। रविवार को मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी ने बताया कि बीते 12 जुलाई को सरस्वती विहार कॉलोनी लालडांट मुखानी निवासी दीपचंद जोशी पुत्र एस जोशी ने मुखानी थाने पहुंचकर तहरीर सौंपी की उनके घर के बाहर खड़ी कार का शीशा तोड़कर अज्ञात चोर ने गाड़ी की बैटरी चोरी कर ली। बैटरी चोरी मामले में पुलिस ने तुरंत मुकदमा दर्ज कर आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जांच शुरू की गई। इस दौरान एसआई अविनाश मौर्य व उनकी टीम ने अंबा कॉलोनी मुखानी से शातिर चोर लाल सिंह बिष्ट पुत्र ओमप्रकाश निवासी लालडांट कोहली कॉलोनी मुखानी को चोरी की बैटरी के साथ दबोच लिया। थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी ने बताया कि पकड़ा गया वाहन चोर लाल सिंह एक शातिर चोर है और इसके खिलाफ मुखानी व हल्द्वानी थाने में चोरी सहित नौ मुकदमें दर्ज है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

## अवैध शराब बेचने व पिलाने पर कार्यवाही

हल्द्वानी। अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखानी पुलिस ने दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। जानकारी के अनुसार मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी ने मय टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी उनकों सूचना मिली की एक व्यक्ति अपनी छत में लोगों को शराब पीला रहा है। सूचना पर थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी ने एसआई वीरेन्द्र चन्द्र के साथ बताए गए स्थान पर छापा मारा तो बंटी शर्मा पुत्र महेश चंद शर्मा को अवैध रूप से छत में शराब पिलाते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया। वहीं दूसरी ओर एसआई नरेन्द्र कुमार मय टीम के साथ गश्त कर रहे थे तभी साकेत कॉलोनी तिहारे के पास पंकज टम्टा पुत्र मोहन राम टम्टा निवासी सिल्वर स्टोन पब्लिक स्कूल के पास लालडाट चौराहा मुखानी को 58 टेट्रा पैक माल्टा देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

## दो शराब तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन से पहले जिले में अवैध शराब तस्करों पर शिकंजा कसते हुए नैनीताल पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एसएसपी पीएन मीणा के निर्देश पर जिलेभर में व्यापक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान काठगोदाम पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। बीती रात्रि मल्ला चौकी प्रभारी दिलीप कुमार मय टीम के साथ चौकी गेट के पास चेकिंग के दौरान एक होंडा सिटी कार से 4 पेटियों में शराब की बरामद कीं। आरोपी की पहचान कैलाश चंद्र सुयाल निवासी ग्राम सलड़ी, अमृतपुर थाना भीमताल, जिला नैनीताल के रूप में हुई। वहीं दूसरी कार्रवाई में हैड़ाखान रोड पर वन विभाग बैरियर से 1 किलोमीटर ऊपर चेकिंग के दौरान एक पिकअप से 5 पेटियों में 240 क्वार्टर बरामद किए गए। आरोपी नीरज सिंह निवासी मुरकुडिया हैड़ाखान, काठगोदाम को गिरफ्तार किया गया। दोनों तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

# चोरगलिया रोड की मरम्मत को मिली हरी झंडी



● गौला नदी में सुरक्षा कार्य के लिए मशीनों को मिली अनुमति
● बुधवार से शुरू होगा निर्माण कार्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। लंबे समय से अटकी पड़ी चोरगलिया रोड की मरम्मत को आखिरकार गति मिलने जा रही है। जिला प्रशासन ने लोक निर्माण विभाग लोनिवि को गौला नदी में मशीनों के जरिए सुरक्षा और बचाव कार्य शुरू करने की अनुमति दे दी है। इसके साथ ही बुधवार से निर्माण कार्य शुरू होने की पूरी तैयारी है। इस फैसले से गौलापार और चोरगलिया क्षेत्र के हजारों लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भारी बारिश के दौरान गौला नदी उफान पर आ गई थी, जिससे बनभूलपुरा रेलवे क्रॉसिंग के पास चोरगलिया रोड का एक बड़ा हिस्सा बह गया था। इस वजह से हल्द्वानी को ऊधमसिंह नगर और चंपावत से जोड़ने वाला यह प्रमुख मार्ग बाधित हो गया था। जिससे वाहन चालकों को वैकल्पिक रूप से काठगोदाम के रास्ते लंबा सफर तय करना पड़ रहा था। सड़क की सुरक्षा के लिए पहले सिंचाई विभाग ने प्रस्ताव तैयार किया था, लेकिन मंजूरी न मिलने पर लोनिवि ने नया प्रस्ताव शासन को भेजा। लंबे इंतजार के बाद शासन ने 1.87 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की और टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई। बीते सोमवार को लोनिवि ने मशीनों के साथ निर्माण कार्य शुरू करने का प्रयास किया, लेकिन वन विभाग की अनुमति न होने के कारण काम रुकवा दिया गया। अब जिला प्रशासन से अनुमति मिलने के बाद निर्माण कार्य में कोई बाधा नहीं रह गई है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता प्रत्युष कुमार ने पुष्टि की है कि बुधवार से निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा और प्रयास रहेगा कि इसे शीघ्रता से पूर्ण किया जाए।

# मनोज शाह अध्यक्ष, आशीष बने सचिव

● रोटरी क्लब हल्द्वानी की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। समाज सेवा को समर्पित रोटरी क्लब हल्द्वानी की नई कार्यकारिणी को वर्ष 2025-26 के लिए एक भव्य अधिष्ठापन समारोह में शपथ दिलाई गई। समारोह का आयोजन क्लब के 60वें अधिष्ठान कार्यक्रम के रूप में किया गया, जिसमें रो. मनोज शाह को अध्यक्ष और आशीष दुम्का को सचिव पद की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और रोटरी के संस्थापक पॉल हैरिस की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राजेन विद्यार्थी, विशिष्ट अतिथि एग्जीक्यूटिव डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी मनीष शर्मा, असिस्टेंट गवर्नर मनोज चौधरी, डिस्ट्रिक्ट काउंसलर राज महरोत्रा, निवर्तमान अध्यक्ष अनिल कर्नाटक और निवर्तमान सचिव पीएस पपोला ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चेयरमैन इंस्टॉलेशन रो. उदय भट्ट ने सभी अतिथियों और सदस्यों का स्वागत करते हुए क्लब की गतिविधियों और सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि राजेन विद्यार्थी ने नव-निर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि टीम निस्वार्थ सेवा के मूल मंत्र के साथ समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करेगी और क्लब को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाएगी। असिस्टेंट गवर्नर मनोज चौधरी ने रोटरी और रोटरी फाउंडेशन की नई योजनाओं की जानकारी दी। वहीं एग्जीक्यूटिव डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी मनीष शर्मा ने क्लब की सामाजिक पहलों की सराहना की। निवर्तमान अध्यक्ष अनिल कर्नाटक ने बीते वर्ष के कार्यों की जानकारी साझा करते हुए सभी सदस्यों के सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। नवनियुक्त अध्यक्ष मनोज शाह ने अपनी टीम के साथ सेवा कार्यों को गति देने का संकल्प दोहराया और कहा कि क्लब की पहचान सेवा, नेतृत्व और सहयोग की भावना से बनी है। इस दौरान बसंत रावत, कुबेर भुटियानी, मनीष मित्तल, अनिल जोशी, अशोक मित्तल, वीके लाहोटी, जेके चड्डा, अनिल कर्नाटक, श्रीष पाठक, राकेश अग्रवाल, डा. बीसी पांडे, आरपी सिंह, पीएस पपोला, अशोक मित्तल, कात्यायन रौतेला, वीके शर्मा, मोहन रावत, अनिल जोशी, अनिल कर्नाटक, एमसी डालाकोटी, रमेश शर्मा, सुनील जोशी, गिरीश गुप्ता, राकेश बहुगुणा, डा. प्रविंद्र रौतेला, उदय भट्ट, विनोद गड़कोटी, प्रेम मदान, आरआर आर्या, विक्रम कार्की, नवीन चंद्र पांडे, सीएस मिश्रा, जगविंदर सिंह, हरि मोहन कांडपाल, विशाल मेहरा, कमल कुमार आदि मौजूद रहे।




## सौरगणना के अनुसार सावन का प्रारंभ 16 जुलाई से

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** सावन का पहले सोमवार की शुरुआत 14 जुलाई से हो रही है। चन्द्र गणना के अनुसार पहला सोमवार 14 जुलाई, दूसरा सोमवार 21 जुलाई, तीसरा सोमवार 28, जुलाई, चौथा सोमवार 4 अगस्त को पड़ रहा है। जबकि सौरगणना के अनुसार सावन का प्रारंभ 16 जुलाई से होगा। जिसका चौथा सोमवार 11 अगस्त को है।

प्रथम सोमवार से घर घर शिवार्चन और मंदिरों में विशेष शिव पूजन की शुरूआत हो जायेगी। सावन का पहला सोमवार घनिष्ठा नक्षत्र, आयुष्मान योग, श्री गणेश चतुर्थी व्रत के संयोग में शुरु हो रहा है। जिसे ज्योतिष शास्त्र में शुभ माना जाता है। सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा रुद्राभिषेक, जलाभिषेक, रूद्री पाठ आदि करने से शिव प्रसन्न होकर भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं।

शिव महापुराण के अनुसार जो भक्त सोमवार को कमलपत्र, बेलपत्र, शमी पत्र, पुष्प, आक पुष्प से पूजा अर्चना करते हैं, उन्हें दिव्य ऐश्वर्य और धन की प्राप्ति होती है।

# छवि मैमोरियल ट्रस्ट ने किया पौधारोपण




शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। छवि मैमोरियल ट्रस्ट की ओर से रविवार को गौलापार और हल्द्वानी के विभिन्न क्षेत्रों में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष बीसी जोशी के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय जगतपुरा, गौलापार में पौधारोपण किया गया और स्कूल के बच्चों को बिस्किट वितरित किए गए। इसके पश्चात कमलुवागांजा स्थित पिटकुल सब स्टेशन परिसर में 20 से अधिक पौधे लगाए गए।

ट्रस्ट के सदस्यों पीयूष पंत और यजुवेंद्र सिंह ने बताया कि इस दौरान आम, आंवला, सीता अशोक, गुलमोहर और जामुन जैसे फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे लगाए गए पौधों की नियमित देखरेख करेंगे ताकि वे पूर्ण रूप से विकसित हो सकें और पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकें।

ट्रस्ट अध्यक्ष बीसी जोशी ने कहा कि छवि मैमोरियल ट्रस्ट पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। कार्यक्रम में पिटकुल के मुख्य अभियंता पंकज आर्या, अरविंद पांडे, रमन फुटेला, भूपेश पंत, नवीन पांडे, अतुल कांडपाल, प्रीति पंत, रूचि पाठक, खिलानंद पांडे, संजय कश्यप, भूपेंद्र बिष्ट, महेंद्र नेगी सहित ट्रस्ट के कई सदस्य और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# ओ भिना कसिके जानू द्वारहाटा...

● हरेले मेले में लोक गायक महिपाल मेहता और रुचि आर्य ने मचाया धमाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। ओ भिना कसिके जानू द्वारहाटा, हिट साई कौतिक जानू द्वारहाटा..जैसे कुमाउनी गीतों और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लोगों ने जमकर लुत्फ़ उठाया। पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में चल रहे हरेले मेले के दूसरे दिन रविवार को लोक गायक महिपाल मेहता और रुचि आर्य के गीतों ने जमकर धमाल मचाया। पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में पांच दिवसीय हरेला मेले में दूसरे दिन रविवार को बच्चों के बीच प्रतियोगिताएं हुई। साथ ही रात में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। दोपहर में कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता हुई जिसमें बालिका जूनियर में भूमिका जोशी ने प्रथम, ललिता ने द्वितीय व गुंजन लमगड़िया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका सीनियर में वंशिका रावत ने पहला, आरती आर्य ने दूसरा व तेजस्वी भोजक ने तीसरा स्थान हासिल किया। कुर्सी दौड़ बालक जूनियर में धनजय बिष्ट, नन्नू पाल व प्रिंस वर्मा तथा सीनियर में सर्वच्च जोशी, भवयांश सिंह व मलय जोशी ने क्रमश पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। लोकगीत सीनियर में दिव्यांशी गुसाईं ने पहला, श्रेष्ठ खत्री ने दूसरा व अनुष्का थुवाल ने तीसरा स्थान हासिल किया। शाम को हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोक गायक महिपाल मेहता ने गोरखा चेली भागुली, कस बड़े कुनाई पंडित जु..गाकर खूब वाहवाही लूटी। वहीं रुचि आर्य ने शेरदा को होटल और ओ भिना कसीके जानू द्वारहाटा गाकर श्रोताओं की जमकर तालियां बंटोरी। इस अवसर पर संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर, अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल, उपाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, सचिव देवेंद्र तोलिया, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बनौली, शोभा बिष्ट, धरम सिंह बिष्ट, नीरज बगड़वाल, ललित प्रसाद, चंद्रशेखर परगाई, हेम भट्ट, संदीप भैसोड़ा, भुवन चंद्र तिवारी, बीडी पाठक, कमल किशोर, बृजमोहन सिंह बिष्ट, भुवन जोशी, तरुण नेगी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# स्विम फॉर ग्लोरी: उत्तराखंड एडिशन-1 में तैराकों ने दिखाई प्रतिभा

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। उत्तराखंड में पहली बार आयोजित हुई तैराकी प्रतियोगिता स्विम फॉर ग्लोरी एडिशन 1 में प्रदेशभर के 150 से अधिक तैराकों ने शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के आयोजक अभिषेक जोशी ने बताया कि यह प्रतियोगिता फ्री स्टाइल और ब्रेस्ट स्ट्रोक श्रेणियों में आयोजित की गई, जिसका शुभारंभ कोच अंजली जोशी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में हल्द्वानी, रुद्रपुर, भीमताल, गदरपुर और रामनगर से आए विभिन्न आयु वर्ग के तैराकों ने भाग लिया। इस मौके पर नव्या सिरोला, विहान सिरोला, प्रत्यूष सिंह, चिराग नेगी और आश्रिता गोस्वामी ने अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन से चौंपियनशिप में बाजी मारी और विशेष प्रशंसा प्राप्त की। प्रतियोगिता में कुल 48 प्रतिभागियों ने स्वर्ण पदक, 48 ने रजत पदक, और 48 ने कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर विधायक बंशीधर भगत, हल्द्वानी मेयर गजराज सिंह बिष्ट, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेंद्र अधिकारी, स्टार कंस्ट्रक्शन के शोभित शर्मा, पार्षद मनोज जोशी, जीवन पांडे, और मनीष तिवाड़ी सहित कई विशिष्ट अतिथियों ने प्रतियोगिता की शोभा बढ़ाई। इस मौके पर देवकीनंदन भट्ट, कोच सुनील पंत, ललित सिरौला, दीपक भट्ट, राजेन्द्र कुमार, डीएन भट्ट, भरत चंद, गौरव, सूरज जोशी, राहुल, राकेश, नैना, कृपाल मेहरा, ललित जोशी आदि मौजूद रहे।



# 200 यूनिट बिजली मुफ्त और नक्शा शुल्क हो माफ

● राज्य आंदोलनकारियों की मांगों को लेकर संयुक्त समिति की बैठक संपन्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति की बैठक रविवार को तिकोनिया गेस्ट हाउस में संपन्न हुई। बैठक में राज्य आंदोलनकारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीर चर्चा की गई। बैठक में समिति ने सात प्रमुख बिंदुओं पर विचार करते हुए सरकार से जल्द से जल्द मांगें पूरी करने की मांग की। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट और ज्योत्सना पांडे ने की।

बैठक कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा आंदोलनकारियों को हाउस टैक्स से मुक्त करने की घोषणा का अभी तक क्रियान्वयन नहीं किया गया है, जिसे शीघ्र लागू किए जाने की मांग की गई। आंदोलनकारियों ने 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने की पुरानी मांग को दोहराया, साथ ही नक्शा पास कराने के लिए ली जाने वाली शुल्क को माफ करने की बात कही। बैठक में यह भी मांग की गई कि उत्तराखंड राज्य गठन के बाद से सेवारत सभी अधिकारियों की संपत्ति की जांच करवाई जाए। इसके साथ ही दरोगा भर्ती घोटाले की जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक न किए जाने पर नाराजगी जाहिर की गई। राज्य आंदोलनकारियों ने स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध करते हुए कहा कि इसे उत्तराखंड में किसी भी सूरत में लागू नहीं होने दिया जाएगा। बैठक में शहर में बढ़ती अवैध शराब की बिक्री और जिले में बढ़ते अपराध पर कड़ी चिंता व्यक्त की गई और प्रशासन से इस पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। समिति अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट और ज्योत्सना पांडे ने कहा कि आज राज्य आंदोलनकारियों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है, इसलिए जल्द ही जन आंदोलन की योजना बनाई जाएगी। इस मौके डा. बालम सिंह बिष्ट, राजेंद्र खनवाल, राजेंद्र सुयाल, भगवती बिष्ट, पुष्पा बिष्ट, अयोध्या प्रसाद केसारवानी, ईशाक खान, भुवन सहित कई राज्य आंदोलनकारी शामिल रहे।



# शिवभक्तों पर एसएसपी का प्यार बरसा फूलों से स्वागत, खाने-पीने का भी इंतजाम

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** हरिद्वार में कांवड़ उठाकर अपने गंतव्य की ओर बढ़ते शिवभक्तों का हरिद्वार पुलिस ने दिल खोलकर स्वागत किया। एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल खुद सड़कों पर उतरे और शिवभक्तों पर फूलों की बारिश की। एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने बहादराबाद नहर पटरी पर शिवभक्तों को माला पहनाई, फूल बरसाए और खाने-पीने का सामान पानी, कोल्ड ड्रिंक, बिस्किट, फल आदि खुद हाथों से वितरित किया। भक्तों ने भी पुलिस की इस पहल को खूब सराहा और जयकारों से माहौल गूंज उठा। एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने बताया कि हरिद्वार पुलिस शिवभक्तों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। कहीं-कहीं रास्ते में थोड़ी दिक्कतें जरूर आईं, लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को तुरंत संभाल लिया। उन्होंने बताया कि आज यात्रा का तीसरा दिन है और अब तक करीब 20 लाख शिवभक्त हरिद्वार से जल लेकर अपने-अपने गंतव्य की ओर रवाना हो चुके हैं। भीड़ की भारी संख्या को देखते हुए जो रूट प्लान 15 जुलाई से लागू होना था, उसे 13 जुलाई से ही लागू करना पड़ा ताकि कांवड़ यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाया जा सके।

# बेला तोलिया ने रामड़ी आनसिंह क्षेत्र से चुनावी बिगुल फूंका

● पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने गिनाईं विकास कार्यों की उपलब्धियां
● विपक्ष पर लगाया झूठे प्रचार का आरोप
● कहा-16 करोड़ से अधिक के विकास कार्य सिर्फ रामड़ी आनसिंह क्षेत्र में

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। भारतीय जनता पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी बेला तोलिया ने जिला पंचायत क्षेत्र 21 रामड़ी आनसिंह पनियाली से चुनावी बिगुल फूंकते हुए अपने बीते कार्यकाल की विकास उपलब्धियों को जनता के समक्ष मजबूती से रखा। पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने बीते पांच वर्षों के दौरान किए गए जनहित कार्यों और पारदर्शी प्रशासन की विस्तार से जानकारी दी। बेला तोलिया ने बताया कि अपने कार्यकाल के दौरान बतौर जिला पंचायत अध्यक्ष उन्होंने नैनीताल जिले में लगभग 60 करोड़ रुपये के विकास कार्य धरातल पर उतारे, जिनमें अकेले रामड़ी आनसिंह क्षेत्र में 16 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाएं पूरी की गईं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सभी 15 ग्राम सभाओं में सड़क, पेयजल, शौचालय, पुलिया, सुरक्षा दीवार, सोलर लाइट और मंदिर सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों को प्राथमिकता के साथ संपन्न कराया गया। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशियों पर आरोप लगाया कि उन्हें चुनाव से बाहर करने के लिए भ्रामक शिकायतें कर न्यायालय का सहारा लिया गया। लेकिन सत्य की जीत हुई और सभी प्रयास विफल हो गए। उन्होंने कहा कि पिछली बार उन्हें निर्विरोध चुना जाना जनता के भरोसे का प्रमाण था, जिसे अब विपक्षी अभिशाप कहकर जनता का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र पंचायत सदस्य से लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष तक की यात्रा जनसेवा के बल पर तय की है। उन्हें बाहरी और शहरी कहकर बदनाम करने की कोशिश को जनता और उनके बीच दरार पैदा करने की साजिश बताया। बेला तोलिया ने विश्वास जताया कि उनके द्वारा किए गए पारदर्शी और जनकल्याणकारी कार्यों के चलते जनता उन्हें पुनः समर्थन देगी। उन्होंने कहा कि वे नकारात्मक राजनीति से ऊपर उठकर सिर्फ विकास और जनसेवा की राजनीति करती हैं और भविष्य में भी जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगी। पत्रकार वार्ता में प्रताप बोरा, परमवीर पम्मा, नवीन भट्ट, संदीप सनवाल, प्रमोद तोलिया, विनोद मेहरा मौजूद रहे।



CMYK



# पुलिस और बदमाशों में हुई मुठभेड़

- दो को लगी गोली, पांच गिरफ्तार
- दरोगा को धमकी और युवक की हत्या के मामले में पुलिस का बड़ा एक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखण्ड और यूपी पुलिस ने दो अलग-अलग मुठभेड़ों में पांच बदमाशों को धर दबोचा है, जिनमें दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। एक मामला पुलिसकर्मी से अभद्रता और सरकारी वाहन को क्षतिग्रस्त करने से जुड़ा है, जबकि दूसरा मामला ग्राम भैंसिया ज्वालापुर निवासी युवक सूरज की हत्या से संबंधित है।

बता दें बीती 10 जुलाई की रात रुद्रपुर कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक चंदन सिंह बिष्ट रात्रि गश्त पर थे। इसी दौरान इंद्रा चौक के पास एक सफेद रंग की क्रेटा कार में सवार कुछ युवकों ने पहले गाली-गलौज की, फिर तमंचा दिखाकर उन्हें धमकाया और वाहन रोकने पर पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारकर फरार हो गए। मामला की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने घटना का संज्ञान लेकर मामला दर्ज कराया और तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। शनिवार शाम



पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी क्रेटा कार से बिलासपुर से रुद्रपुर लौट रहे हैं। सूचना के आधार पर रामपुर रोड पर एएन झा कालेज के पास पुलिस ने घेराबंदी की।

पुलिस को देख आरोपियों ने कार भगाई और बारादरी के पास एक खेत में कार छोड़कर भागने लगे। पुलिस की घेराबंदी देख उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में एक आरोपी रिशु श्रीवास्तव पुत्र शिव सागर श्रीवास्तव मूल निवसी हरदोई हाल निवासी छत्तरपुर पंतनगर के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे और उसके दो साथियों खुशनूद पुत्र मकसूद अंसारी, निवासी धीमरखेड़ा, गदरपुर और वीरेंद्र साहनी उर्फ विक्की पुत्र तेतर साहनी, निवासी वार्ड नं. 37 दरियानगर, रुद्रपुर को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से दो तमंचे (315 बोर), दो खाली कारतूस, एक रामपुरी चाकू और क्रेटा कार बरामद की गयी। जिसकी नंबर प्लेट डिग्गी में छिपा रखी गई थी।

पुलिस पूछताछ में तीनों आरोपियों ने उत्तराखंड, यूपी, हरियाणा और दिल्ली में लूट व छिनैती की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। घायल आरोपी रिशु का इलाज जिला अस्पताल में कराया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल मनोज रतूड़ी, उपनिरीक्षक नवीन बुधानी, प्रियांशु जोशी, चन्दन सिंह बिष्ट, प्रदीप कोहली, दीपक बहुगुणा, अपर उप निरीक्षक नवीन जोशी, कांस्टेबल महेन्द्र कुमार, गणेश धानिक, यशपाल सिंह मेहता, कृष्णा टम्टा, प्रवीण गोस्वामी, नरेश जोशी आदि शामिल थे।

मुठभेड़ के बाद एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने स्पष्ट कहा कि पुलिस वर्दी की गरिमा और कानून की प्रतिष्ठा से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिसकर्मी दिन-रात जन सेवा में लगे हैं, उन्हें धमकाने या उन पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनपद में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है।

**वहीं** दूसरी ओर ग्राम भैंसिया ज्वालापुर निवासी 19 वर्षीय दलित युवक सूरज की आठ जुलाई को नैनीताल रोड पर कुछ युवकों ने लाठी, डंडों और सरियों से पिटाई की थी, जिसके बाद उसकी मौत हो गई थी। पीड़ित के भाई रंजीत ने ग्राम सकटुआ निवासी तीन नामजदों सहित आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

इस मामले में पहले ही इमरान, रिजवान (ग्राम सकटुआ निवासी) और नितिन (ग्राम टैमरा) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। गत रात यूपी पुलिस को सूचना मिली कि इस घटना से जुड़े दो और आरोपी उत्तराखण्ड यूपी के बार्डर पर ग्राम डिबडिबा के पास जीडी गोयनका स्कूल रोड पर देखे गए हैं। बिलासपुर कोतवाली प्रभारी बलवान सिंह के नेतृत्व में टीम ने घेराबंदी की। रात लगभग 2:45 बजे जब पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की तो वे अमरूद की बगिया में घुस गए। इसी दौरान आरोपी शाकिर, निवासी मोहल्ला पहाड़गंज, रुद्रपुर ने तमंचे से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें गोली शाकिर के दाएं पैर की पिंडली में लगी। उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

उसका साथी विशाल, निवासी ग्राम टैमरा भी बगिया से पकड़ा गया। पुलिस ने शाकिर से एक तमंचा और दो कारतूस जबकि विशाल से दो कारतूस बरामद किये। घायल शाकिर को स्थानीय सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां से जिला अस्पताल रामपुर रेफर किया गया। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। यूपी पुलिस के सीओ रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सूरज हत्याकांड में अब तक पांच आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं, शेष की गिरफ्तारी के लिए टीमें दबिश दे रही हैं।

## स्पा सेंटर, होटलों में छापे से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और अभिसूचना इकाई की संयुक्त टीमों ने पंतनगर, रुद्रपुर क्षेत्र स्थित स्पा सेंटर, होटलों में आकस्मिक छापेमारी की। टीम को छापेमारी के दौरान स्पा सेंटरों में हड़कंप मच गया। इस दौरान वहां पर अनियमितताएं मिलने पर कार्रवाई कार्रवाई की गई।

एसएसपी के दिशा निर्देश में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की प्रभारी निरीक्षक बसंती आर्य के नेतृत्व में टीम ने जनपद में स्थित स्पा सेंटर और होटलों में आकस्मिक छापेमारी की। छापेमारी के दौरान वहां पर हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान टीम को अनियमितताएं मिली।

इस पर प्रभारी निरीक्षक ने कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक बसंती आर्य ने बताया कि जनपद के पंतनगर, रुद्रपुर क्षेत्र में विभिन्न स्पा सेंटरों, होटल आदि में अभिसूचना ईकाई के साथ संयुक्त रूप से आकस्मिक छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान टीम को अनियमितताएं मिली। इस पर होटल मालिक, संचालकों के विरुद्ध पुलिस अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

उन्होंने बताया कि स्पा संेटरों, होटल संचालकों को हिदायत दी गई है कि बिना सत्यापन के कर्मचारी न रखें जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि आने वालों की रजिस्टर में एंट्री की जाए।

## मार्बल शोरूम से उड़ाई लाखों की नकदी

- सीसीटीवी में चोर की वारदात कैद, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर के मेरलिया रोड पर स्थित गोयल मार्बल शोरूम में बीती रात अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार, यह शोरूम बाजपुर-मलेरिया रोड पर स्थित है, जो बाजपुर से किलाखेड़ा हाईवे और कंपनी ग्राम को जोड़ने वाला लिंक मार्ग है। शातिर चोरों ने शोरूम की हवादार खिड़की में लगे सरिये को बाहर निकालकर अंदर घुसपैठ की और गल्ले में रखी लाखों रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए। घटना का सूचना उस समय हुई जब शोरूम स्वामी सुबह दुकान पर पहुंचे।

गल्ले में रखी नगदी गायब देखकर वह भौचक्के रह गए। जब पूरे शोरूम और गोदाम की छानबीन




की गई तो पता चला कि चोर खिड़की के रास्ते दाखिल हुए थे। शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों में चोरी की पूरी वारदात कैद हो गई। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई, जिस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने में जुटी गई है। चोरी की इस घटना से क्षेत्र के व्यापारियों में दहशत का माहौल बन गया है और व्यापारियों ने रात्रि कालीन सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## लिटिल किंगडम में हुई ड्राइंग प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** लिटिल किंगडम प्रिपेरेटरी स्कूल में भारत पेट्रोलियम के तत्वावधान में स्वच्छ भारत अभियान पर एक ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की, जिसमें कक्षा तीन, चार और पांच के छात्र-छात्राओं को अपनी रचनात्मकता दिखाने का मंच मिला। प्रतियोगिता में उत्साही भागीदारी देखी गई, जिसमें छात्रों ने विभिन्न रंगीन और कल्पनाशील चित्रों के माध्यम से अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के विजेताओं को उनके असाधारण कौशल के लिए मान्यता दी गई, जिसमें प्रत्येक कक्षा के छात्रों को पहला, दूसरा और तीसरा पुरस्कार मिला। इस कार्यक्रम ने न केवल छात्रों की कलात्मक क्षमताओं का जश्न मनाया बल्कि उपलब्धि और गर्व की भावना को भी बढ़ावा दिया। कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण आयाम




जोड़ते हुए बच्चों को स्वच्छता प्रतिज्ञा दिलाई गई, जिसमें स्वच्छता और स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया गया।

इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करना और युवा प्रतिभागियों के बीच स्वच्छता के मूल्यों को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में भारत पेट्रोलियम के प्रतिष्ठित मेहमानों की उपस्थिति रही, जिनमे मनीषा खिचाड़ (बिक्री अधिकारी, भारत पेट्रोलियम, रुद्रपुर), रिजवान खान (वरिष्ठ बेड़े कार्ड बिक्री अधिकारी, भारत पेट्रोलियम, उत्तराखंड और यूपी, गोपाल सिंह (सीआरई, भारत पेट्रोलियम, उधम सिंह नगर) थे। अंत में वरिष्ठ प्रशासक परविंदर पुरी, प्रधानाचार्य गायत्री खन्ना, उप-प्रधानाचार्य सिमरन पुरी व संचालक लक्ष्य शर्मा ने प्रतिभागियों को बधाई दी और भारत पेट्रोलियम की टीम को एक नेक काम के लिए अपना कीमती समय निकालने के लिए धन्यवाद दिया।

## अवैध शराब की रोकथाम को की कॉम्बिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** पंचायत चुनाव के दृष्टिगत कोतवाली पुलिस टीम व.उ.नि. जावेद मलिक , उ.नि. गोविंद सिंह मेहता, उ.नि. सुशील कुमार, उ.नि. संतोष देवरानी, उ.नि. इंदर सिंह, हे.का. वीरेंद्र, का. जलाल, प्रशांत, सुरेश टम्टा, जयदेव, विकाश सैनी द्वारा अवैध कच्ची शराब कसीदगी की रोकथाम हेतु पतरामपुर चौकी क्षेत्र में तीरथ नगर मंदिर से लेकर मालधन-रामनगर बॉर्डर तक जंगल/खेतों, बरसाती नालों के किनारे करीब 8-10 किमी. पैदल कॉम्बिंग की गई।

स्थानीय लोगों को अनाउसमेंट के माध्यम से अवगत कराया गया कि कच्ची शराब की कसीदगी, क्रय-विक्रय करने वालो के विरुद्ध गुंडा/गेंगस्टर/129 जी आदि कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जसपुर क्षेत्र में असामाजिक तत्वों में से अभी तक तीन लोगों के विरुद्ध चालानी रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित की गई है। आदेश प्राप्त होने पर जिला बदर की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी व 18 अवैध शराब सक्रिय तस्करों के विरुद्ध पाबन्द मुचलका कराने वास्ते 129 जी की रिपोर्ट उपजिलाधिकारी जसपुर को प्रेषित की गई है।

## लोहाघाट का स्मैक तस्कर प्रतापपुर चौकी पुलिस के हत्थे चढ़ा

- दस ग्राम स्मैक के साथ दस हजार सात सौ रुपये की नगदी बरामद
- आरोपी के विरुद्ध थाना लोहाघाट में दर्ज हैं नशा तस्करी के तीन मुकदमे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत चौकी पुलिस द्वारा चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान एक नशा तस्कर को भारी मात्रा में मानक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है।

रविवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अध्यक्ष उमेश कुमार के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार की शाम को थाना की चौकी प्रतापपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान की गयी कारवाई के




तहत ग्राम मच्छी झाला डैम के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से दस ग्राम स्मैक/ हेरोइन बरामद हुई। पुलिस की पूछताछ में पकडे गए आरोपी ने अपना नाम अभिषेक ओली पुत्र रमेश चंद्र ओली निवासी मीना बाजार लोहाघाट थाना लोहाघाट जनपद चंपावत बताया। पुलिस को आरोपी के पास से दस हजार सात सौ रुपये की नकदी भी मिली है। थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया की पकड़े गए आरोपी अभिषेक ओली के विरुद्ध थाना लोहाघाट जनपद चम्पावत में स्मैक तस्करी के अभियोग पंजीकृत हैं। पकड़े गएआरोपों के विरुद्ध पुलिस ने धारा 8/21 नारकोटी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रतापपुर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजेंद्र पंत, मुख्य आरक्षी भगवान राम, सिपाही श्याम थापा, राज कुंवर शामिल हैं।

## ऑटो सर्विस की दुकान से चालिस हजार का सामान चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** चोरों ने ऑटो सर्विस की दुकान का ताला तोड़कर उसमें 40 हजार रुपये का सामान चोरी कर लिया।

दुकान स्वामी ने पुलभट्टा पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों को पकड़ने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। राजेश कुमार की बरेली रोड पर राजेश ऑटो सर्विस के नाम दुकान है। जिसमें दोपहिया वाहनों की सर्विस की जाती है।

शनिवार रात्रि चोर दुकान का ताला तोड़ कर अंदर दाखिल हो गये। राजेश कुमार ने बताया कि चोरों ने दुकान से 22 हजार रुपये का चार पेटी मोबिल ऑयल, चार हजार रुपये का कंप्रेसर, कारबोरेटर, टूल्स व हार्न समेत लगभग 40 हजार रुपये का सामान चुरा लिया।

दुकान स्वामी ने पुलभट्टा पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों को पकड़ने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अमेरिका से मेडल जीतकर लौटे मुकेश पाल का हुआ जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अमेरिका में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 में उत्तराखंड पुलिस की सीआईडी शाखा के प्रतिभाशाली खिलाड़ी मुकेश पाल ने फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए देशवासियों का दिल जीत लिया। उन्होंने कड़ी टक्कर के बीच रजत पदक अपने नाम किया, जिससे भारत और उत्तराखंड का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर गौरव से चमक उठा। यह सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए सम्मान का विषय है।

अमेरिका से स्वदेश लौटने के बाद रुद्रपुर में मुकेश पाल का अभूतपूर्व और आत्मीय स्वागत किया गया। जैसे ही वे डीडी चौक पहुंचे, खेल प्रेमियों और पाल समाज के सैकड़ों लोगों ने ढोल-नगाड़ों की गूंज और पुष्प वर्षा के साथ उनका भव्य अभिनंदन किया। फूल मालाओं से लदे हुए मुकेश पाल के स्वागत में माहौल पूरी तरह से उत्सवमय हो गया। हर ओर उनके सम्मान में जयघोष और तालियों की गूंज सुनाई दे रही थी। स्वागत समारोह का अगला चरण शैलजा फार्म स्थित भाजपा नेता सुरेश कोहली के कार्यालय में आयोजित किया गया। वहां भी ढोल-नगाड़ों की धुन पर उन्हें ले जाया गया और पारंपरिक ढंग से माल्यार्पण कर पुष्पवर्षा की गई। कार्यक्रम में मौजूद खेलप्रेमियों और नागरिकों में उनके साथ फोटो खिंचवाने और सेल्फी लेने की जबरदस्त उत्सुकता दिखाई दी। जिससे उनकी लोकप्रियता और लोगों का उनसे जुड़ाव स्पष्ट झलक रहा था। इस दौरान जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नागेंद्र शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश कोहली, भाजपा नेता उत्तम दत्ता, महिला मोर्चा की वरिष्ठ नेत्री रश्मि रस्तोगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, पार्षद रवि पाल, रमेश पाल, मक्खन पाल सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। इनके साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं और सैकड़ों खेल प्रेमियों ने भी मुकेश पाल के सम्मान में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुकेश पाल ने बताया कि कैसे उन्होंने कठिन परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बीच भी निरंतर अभ्यास और समर्पण से पहले कनाडा में कांस्य पदक और फिर अमेरिका में रजत पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया।

## लाखों रुपये की स्मैक के साथ यूपी के दो सगे भाई दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** लाखों रुपये की स्मैक के साथ उत्तर प्रदेश बदायूं के दो सगे भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने स्मैक तस्करों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा है।

थाना पुलभट्टा प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने बताया कि नशा विरोधी अभियान के दौरान वाहन चौकिंग करते हुए थाना पुलभट्टा पुलिस एवं एएनटीएफ टीम ने संयुक्त कार्रवाई के दौरान बरेली रोड पर बाइक संख्या UP . 24- AS 4424 पर सवार युवकों को रोकने का प्रयास किया तो वह पुलिस टीम को देखकर बाइक समेत भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम की कड़ी घेराबंदी के कारण भागने में असफल रहे पुलिस टीम बाइक पर दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। तलाशी लिए जाने पर दोनों युवकों के पास से 111.56 ग्राम स्मैक बरामद हुई। इसके अलावा दो मोबाइल फोन तथा छह सौ रुपए की नगदी भी बरामद हुई है। बरामद स्मैक की कीमत अन्तरराष्ट्रीय




बाजार में लाखों रुपये आंकी गई है।

पुलिस पूछताछ में स्मैक तस्करों ने अपने नाम विरेस कुमार एवं हरनाम पुत्रगण खान सहाय निवासी भगवानपुर थाना विनावर जिला बदायूं उत्तर प्रदेश बताया। पुलिस ने स्मैक तस्कर दोनों सगे भाइयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा है। स्मैक तस्करी में प्रयुक्त बाइक को सीज कर दिया है। थाना पुलभट्टा प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने बताया की नशा विरोधी चेकिंग अभियान लगातार जारी है तथा आगे भी जारी रहेगा। टीम में उ.नि. प्रदीप पन्त, का. दीपक विष्ट एवं एएनटीएफ टीम की ओर से उ.नि. कौशल भाकुनी, हे.का. भुवन पाण्डे, विनोद खत्री आदि थे।

## एक नजर

### महिला ने विषाक्त पदार्थ खाकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अज्ञात कारणों के चलते एक महिला ने विषाक्त पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका का पति जयपुर राजस्थान में काम करता है और यह महिला मूल रूप से बेतालघाट नैनीताल की रहने वाली थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार मूल रूप से बेतालघाट नैनीताल निवासी 28 वर्षीय रेखा पत्नी ओमप्रकाश आवास विकास कालोनी में किरायेदार के रूप अकेली रहकर नगर के बाजार में एक दुकान पर काम करती थी। उसका पति ओमप्रकाश जयपुर में नौकरी करता है। जबकि उसका पुत्र व पुत्री मूल निवास बेतालघाट में दादा दादी के पास रहते हैं। बताया जाता है कि गत दिवस जब रेखा कमरे से बाहर नहीं आई तो मकान मालिक ने उसके कमरे जाकर देखा तो वहां रेखा को बेसुध अवस्था में पड़ा पाया। उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि रेखा ने किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन किया था। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर मकान मालिक से आवश्यक जानकारी ली और मृतका के परिजनों को घटना से अवगत कराया। सूचना मिलने पर मृतका का पति व अन्य परिजन यहां आ गये और उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले की छानबीन कर रही है।

### पुलिस ने तीन वारंटियों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधम सिंह नगर द्वारा वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।



पुलिस अधीक्षक काशीपुर, क्षेत्राधिकारी काशीपुर के आदेशानुसार कोतवाली जसपुर पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर माननीय न्यायालय जसपुर द्वारा जारी वारण्ट से संबंधित वारण्टी- गोविंद सिंह पुत्र स्व. रामकिशोर सिंह निवासी मोहल्ला नत्था सिंह थाना जसपुर, अविनाश कुमार चौहान पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी पंजाबी कालोनी थाना जसपुर और हुलसन पुत्र ओम प्रकाश निवासी रायपुर थाना जसपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण को न्यायालय पेश कर अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई संतोष देवरानी, एसआई सुशील कुमार, एसआई इन्द्र सिंह, एसआई ललित सिंह, का. दीपक जलाल, अशोक सिंह, अरुण कुमार, कुलदीप सिंह, हो. गा. दीक्षित शामिल रहे।

### शादी शुदा व्यक्ति ने खुद को अविवाहित बता युवती से कर ली शादी

**पूर्व पत्नी के साथ मिलकर किया प्रताड़ित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** शादी शुदा व्यक्ति ने स्वयं को अविवाहित बताकर कर अपने झांसे में लेकर अनुसूचित जाति की युवती से शादी कर ली। अब पूर्व पत्नी के साथ मिलकर प्रताड़ित कर रहा है साथ ही दे रहा है जातिसूचक गालियां, विवाहिता ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार।नगर के वार्ड नंबर 7 गैस एजेंसी कॉलोनी निवासी अनुसूचित जाति की महिला राखी पत्नी महेश कुमार ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि महेश कुमार शादीशुदा व्यक्ति था उसने उसे अविवाहित बताकर झांसे में लेकर शादी कर ली घ्शादी के कुछ समय बाद पता लगा की उसका पति शादी शुदा है तथा दो बच्चों का पिता है तथा पत्नी भी है। जब उसने विरोध करना शुरू किया तथा कहा की उसने उसे धोखा दिया है तो उसने अपनी पूर्व पत्नी के साथ मिलकर जातिसूचक गालियां देते हुए मारना पीटना शुरू कर दिया तथा पारिवारिक खर्चा देना भी बन्द कर दिया। पीड़िता ने पुलिस से गुहार लगाते हुए उसकी तहरीर पर उसके पति एवं उसकी पूर्व पत्नी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने मांग की है।

### सीएमओ ने किया सरकारी अस्पताल का औचिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** सीएमओ उधम सिंह नगर डा. केके अग्रवाल ने सरकारी अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। अस्पताल के सीएमएस डा. धीरेन्द्र मोहन गहलौत ने अपने स्टाफ सहित सीएमओ अग्रवाल का स्वागत किया तथा अस्पताल



की समस्याओं से अवगत कराया। सीएमओ केके अग्रवाल ने कहा कि स्टाफ की कमी को जल्द पूरी किए जायेगा तथा शीघ्र ही अस्पताल को उप जिला चिकित्सालय में उच्चीकरण कर 50 बेड का बनाया जाएगा। सीएमओ ने जसपुर अस्पताल को कैसे और सुदृढ़ किया जाये और कायाकल्प में सहभागिता के अनुसार बनाया जाये, इस बारे में कार्य प्लान बनाने के निर्देश दिए। गर्भवती महिलाओं की मदद के लिये एएनसी का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाने और बन्दरों की समस्या के बारे में वन विभाग को लिखने, अस्पताल में चल रहे लेबर रूम, छत, बाउंड्री वाल मरम्मत के कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिये। इस अवसर पर सीएमएस डा. धीरेन्द्र मोहन, डा. आशु, डा. मेहताब, गुलनवाज, नेहा, पांडे जी, गजाला, ममता, सीमा, वंदना, ज्योति, डा.अजयवीर, रेखा, सरिता आदि मौजूद रहे।

### बार एसोसिएशन ने किया जज मनोज सिंह राणा को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** बार एसोसिएशन ने सिविल कोर्ट जसपुर में कार्यरत जज मनोज सिंह राणा के स्थानांतरण होने पर बार भवन में विदाई समारोह कर उन्हें बधाइयां दी और उनके तीन साल के उत्कृष्ट कार्य के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।




जसपुर बार एसोसिएशन के सदस्यों ने बार भवन जसपुर में पार्टी रख सिविल जज को उनके तीन वर्षों के उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। वक्ताओं ने उनके बेहतर कार्यों और स्पष्ट नीतियों की सराहना की। वक्ताओं ने बताया कि कोर्ट परिसर की भूमि चिन्हीकरण और ट्रांसफर करवाने में उनकी मुख्य भूमिका रही है इसके लिए वह आजीवन उनके ऋणी रहेंगे। विदाई समारोह के पश्चात सभी अधिवक्ताओं के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गई। इस मौके पर बार अध्यक्ष सुंदरपाल सिंह, सचिव अनिल जोशी, बृजेश चौहान, जुल्फिकार अली, अजमल सिद्दीकी, नितिन गोला, अजहरुद्दीन, आसमां प्रवीन, मो. जावेद नौवरंग सिंह, संजय शर्मा, रवि चौधरी, उस्मान अली, नईम सलमानी, दिनेश शर्मा आदि शामिल रहे।

### सट्टे की खाईबाड़ी करते एक पकड़ा, 20 हजार की नगदी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** पुलिस ने सट्टा लगाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से 20100 रुपये, सट्टा पर्ची आदि बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। बीते शनिवार को एसआई मनोज कुमार पुलिस कर्मियों के साथ बंडिया वार्ड 5 में गश्त कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने गली में भीड़भाड़ देखी। पुलिस को देखकर सभी लोग तितर बितर हो गए। पुलिस ने मौके पर एक व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी लने पर उसके पास से खाई बाड़ी के विभिन्न नंबर लिखी कॉपी, सट्टा पर्ची व 20100 रुपये बरामद हुए। आरोपी ने अपना नाम रामचन्द्र पुत्र कन्हाई लाल निवासी बंडिया भट्टा वार्ड 5 बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# पुलिस ने चलाया ढोंगी बाबाओं के खिलाफ अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखंड के अलग-अलग इलाकों में भगुवा चोला पहनकर डोंग करके ठगी करने वाले बाबाओ के खिलाफ प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा ऑपरेशन अभियान के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद रविवार को रामनगर कोतवाली पुलिस ने भी नगर के अलग-अलग इलाकों में ढोंगी बाबाओ के खिलाफ अभियान चलाते हुए तीन संदिग्ध बाबाओ को हिरासत में लेते हुए उनसे पूछताछ करनी शुरू की।कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया यह अभियान रामनगर के नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जारी रहेगा और धार्मिक आस्था की आड़ में ठगी या पाखंड फैलाने वालों ढोंगी बाबाओ के खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी आज हिरासत में लिए गए बाबाओ में कुछ बाबा बाहरी राज्य के पाए गए। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। इस दौरान कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल, एसआई गगनदीप सिंह, एसआई धर्मेन्द्र कुमार, एसआई सुनील धनिक, कांस्टेबल संजय सिंह शामिल रहे।

# कैलाश मानसरोवर यात्रा का तीसरे दल पहुंचा पिथौरागढ़

**भोलेबाबा के दर्शन को श्रद्धालुओं में दिखा असीम उत्साह**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** कैलाश मानसरोवर यात्रा के तीसरे दल का पिथौरागढ़ केएमवीएन में भव्य स्वागत किया गया। 46 श्रद्धालुओं का दल टनकपुर से रवाना होकर पिथौरागढ़ के कुमाऊं मंडल विकास निगम पहुंचा। भोलेबाबा के दर्शन को श्रद्धालुओं में असीम उत्साह दिखा।

बता दें कि शिवम् पोरवाल इस दल के सबसे छोटे सदस्य हैं, उनकी उम्र महज 19 साल है और वह दिल्ली के रहने वाले हैं। इस दल के लाइजनिंग ऑफिसर अरुणव लारूविया, हरीश भाई मगनलाल हैं। यात्रियों का तीसरा दल में 46 श्रद्धालु में से 34 पुरुष और 12 महिला श्रद्धालु शामिल हैं। इस दल में सबसे ज्यादा यात्री उत्तर प्रदेश-11 से और गुजरात -7 से हैं।

अल्प विश्राम के बाद श्रद्धालुओं का जत्था भोले बाबा के जयकारों के साथ धारचूला के लिए रवाना हो गया। इस दौरान यात्रियों ने प्रशासन और केएमवीएन की व्यवस्थाओं से खुश होकर जिला प्रशासन और केएमवीएन को स्मृति चिह्न भेंट किया। इस दल में उत्तराखंड, गुजरात, कर्नाटक, दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, चण्डीगढ़, पंजाब, झारखंड , केरल, मध्य प्रदेश, हरियाणा और तमिलनाडु राज्यों के श्रद्धालु शामिल हैं। अब कैलाश मानसरोवर यात्रियों का चौथा दल पांच अगस्त को पिथौरागढ़ पहुंचेगा।

बता दे कि आज नाभीढांग में कैलाश मानसरोवर यात्रियों के दूसरे दल का मेडिकल चेक अप किया गया।

इस दौरान यात्रियों द्वारा लगे हाउस ऑफ हिमालयाज आउटलेट में यात्रियों ने उत्पादों की जानकारी लेने के साथ ही विभिन्न उत्पादों की भी खरीदारी की। कैलाश मानसरोवर यात्रियों ने हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पादों की भी खरीदारी की और मड़वे के बिस्कुट यात्रियों की पहली पसंद बना हुआ है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी सदर मनजीत सिंह, तहसीलदार विजय गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

# ऐसी सुंदर आबो-हवा के बीच में रहने के लिए मैदानी क्षेत्र के लोग रहते हैं लालाइतः डीएम

**डीएम की कार्य संस्कृति से अफसरों के कार्य व्यवहार में आ रहा है बदलाव**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मॉडल जिले में जिलाधिकारी के रूप में एक किसान के बेटे मनीष कुमार ने अधिकारियों को यह सोचने के लिए मजबूर कर दिया है कि जिन लोगों की खातिर हमें मोटी सैलरी, पद प्रतिष्ठा मिल रही है, उसके एवज में हम उन्हें दे क्या रहे हैं?

तीन सप्ताह के कार्यकाल में नए डीएम की 'क्विक एक्शन', 'क्विक डिसीजन' और 'क्विक रिस्पांस' की कार्य संस्कृति ने लोगों को जिला प्रशासन के और नजदीक ला दिया है। इसका परिणाम यह देखने को मिल रहा है कि अब कार्यालयों मे कार्यों को लटकाने एवं लोगों को टरकाने की प्रवृति में



बदलाव आने के साथ जनता से जुड़े सवालों में न केवल 'क्विक एक्शन' देखने को मिल रहा है। बल्कि अब परिणाम भी उसी तेजी के साथ नजर आ रहे हैं। जिसे देखते हुए डीएम का यह कहना सही माना जा रहा है कि वह दिन दूर नहीं जब सीएम पोर्टल में लोग शिकायत करना भूल जायेंगे।

लगातार 12 घंटे कार्य में लगे रहने वाले जिलाधिकारी को देखकर अब अधिकारियों के भी काम करने की कोई समय सीमा नहीं है बल्कि टूर के नाम पर शुक्रवार से ही गायब रहने वाले अधिकारी हर वक्त मुस्तैदी के साथ दिखाई दे रहे हैं। डीएम का मानना है कि मॉडल जिले के विकास के लिए अधिकारियों की सोच भी 'मॉडल' होनी चाहिए। जिसके लिए हर अधिकारी से कहा गया है कि वह ऐसी योजनाओं व कार्यक्रमों के प्रस्ताव लाएं जिसमें विकास का नया पुट और रोजगार की भी महक आनी चाहिए।

जिलाधिकारी का इरादा पलायन कर चुके लोगों को अपनी माटी से जोड़कर गांव में विकास का ऐसा मॉडल तैयार करने का है जिसकी देखा देखी अन्य लोग उसे अपना सके। डीएम को इस बात का आश्चर्य हो रहा है कि ऐसे खुशनुमा वातावरण में रहने के लिए दिल्ली, मुंबई के लोग तो लालाइत है। लेकिन यहां के लोग ऐसे वातावरण से नाता तोड़कर मैदानी क्षेत्रों में भीड़ का हिस्सा बन रहे हैं।

# भागवत कथा करने की प्रेरणा तो ईश्वर से ही मिलती हैः आचार्यश्री

**शिव धाम मानेश्वर में आज से शुरू हो गई है श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट/चंपावत।** प्रसिद्ध शिव धाम मानेश्वर में नौ दिनी श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा शुरू हो गई है। धाम के पिठाधिश्वर श्री श्री 108 धर्मराजानंद पुरी महाराज की प्रेरणा से आयोजित इस कथा के आयोजन में क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांव के लोगों के अलावा लोहाघाट व चंपावत के श्रद्धालु भी बढ़-चढ़कर कर भाग ले रहे हैं।

सुबह मानेश्वर के शुद्ध जल से अभिषेक कर महिलाओं द्वारा मांगलिक परिधानों में यहां से बलाई, खूना बोरा एवं मानेश्वर गांव होते हुए लगभग चार किलोमीटर लंबी कलश यात्रा निकल गई जो पूर्णागिरि धाम के सामने से होते हुए भी गुजरी बाद में यहां मुख्य यजमान



कमल सिंह चौधरी एवं मझेडा के रमेश चंद पांडे द्वारा वेद मंत्रो के साथ गणेश पूजन, मात्रिका पूजन, नवग्रह पूजन, पंचदेव पूजन आदि कार्यक्रम संपन्न कराए गए। आचार्य देवी दत्त पांडे एवं विश्वनाथ शर्मा द्वारा पूजा अर्चना कराई गई। व्यास पीठ का पूजन करने के साथ कथा का शुभारंभ किया गया। प्रवचन करते हुए वृंदावन से आए पुराणों के मर्मज्ञ आचार्य बालकृष्ण शरण ने कहा पुराण कथा करने की प्रेरणा ईश्वर से ही मिलती है। हम सब लोग इतने भाग्यशाली हैं कि आज हमें ऐसे धाम में पुराण कथा करने का अवसर मिला है जहां भगवान शिव का अभिषेक करने के लिए सीधे मानसरोवर का जल उनके चरण को पखारता है। आचार्यश्री ने कहा यह ऐसा दिव्य व भव्य स्थान है जिसकी महिमा का वर्णन मानस खंड में किया गया है। धाम के पिठाधिश्वर द्वारा सभी को अपना आशीर्वाद दिया गया।

# यूएस नगर में 66 संदिग्ध कालनेमि हिरासत में

**सात के खिलाफ दर्ज हैं आपराधिक रिकार्ड**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** देवभूमि उत्तराखंड में सनातन धर्म की आड़ में लोगों को ठगने और उनकी भावनाओं से खिलवाड़ करने वाले कालनेमि रुपी साधु-संत और पीर फफीरों पर कार्रवाई जारी है। इसके तहत सात आपराधिक प्रवृत्ति वाले समेत 66 संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जबकि कई अन्य को चिह्नित कर उनकी तलाश की जा रही है।

कुछ लोग साधु-संतों और पीर फकीर का भेष धारण कर लोगों से ठगी के साथ ही महिलाओं का मानसिक और शारीरिक शोषण कर रहे है। इससे न सिर्फ लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही है, बल्कि सामाजिक सौहार्द और सनातन




परंपरा की छवि को भी नुकसान पहुंच रहा है।

इसे देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऐसे लोगों के विरुद्ध आपरेशन कालनेमि शुरू करने के निर्देश दिए थे। इसके तहत ऊधम सिंह नगर में एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने रुद्रपुर और काशीपुर सर्किल में दो निरीक्षक तैनात कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिसके बाद जिले भर में पुलिस ने साधु-संतों के भेष में छिपे कालनेमि की धरपकड़ शुरू की।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम ने जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, दिनेशपुर, गदरपुर, रुद्रपुर, किच्छा, सितारगंज और खटीमा क्षेत्र में 66 संदिग्ध पीर-फकीर और साधु-संतों को हिरासत में लिया। जिसमें से टंडोला, पूरनपुर पीलीभीत उत्तर प्रदेश निवासी चुन्नू मियां पुत्र वहीद, गया बिहार और हाल ट्रांजिट कैंप निवासी नाजिम पुत्र रिफाकत अली, शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश और हाल झनकइया खटीमा निवासी अफजल पुत्र इस्तखार, गाम जमुनिया खास माधव टांडा पीलीभीत निवासी परवेज पुत्र तालिब हुसैन, खटीमा और हाल पीलीभीत निवासी इम्तियाज अली पुत्र जफर अली, गजरौला पीलीभीत निवासी तारीख अहमद पुत्र हामिद और ग्राम जमुनिया बीसलपुर पीलीभीत निवासी मोहम्मद आसिफ पुत्र असगर अली के विरुद्ध आपराधिक मामले पंजीकृत है। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

# सर्प दंश से किशोर की मौत, परिजनों में कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**केलाखेड़ा।** नगर के रत्ना मड़ैया मोहल्ला जामा मस्जिद वार्ड में एक किशोर के हाथ में सांप ने काट लिया जिसके बाद परिजन उसे निजी चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



बता दे कि रत्ना मड़ैया के जामा मस्जिद वार्ड निवासी नूर अली का पुत्र समद (16 वर्ष) अपने घर में गहरी नींद में सोया हुआ था कि विगत रात तकरीबन 2 उसके हाथ में सांप ने काट लिया। सर्प दंश के कुछ समय बाद उसको दर्द का अनुभव हुआ तो उसने ये बाद अपने परिजनों को बताई। जिस पर परिजन किशोर को लेकर निजी चिकित्सालय सेंट मैरी बाजपुर ले पहुंचे। जहां पर चिकित्सकों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया।

घटना की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।सांप घटना की खघ्बर सुन मौके पर लोगो का हुजूम उमड़ पड़ा। जहां एक ओर इस घटना से नगरवासी स्तब्ध है वहीं दूसरी ओर मृतक के परिजनों का भी रो रो कर बुरा हाल है।

## 18 घंटे बाद घर में मिला ब्लैक को कोबरा

किशोर को डसने के बाद ब्लैक कोबरा उस कमरे में ही छुपा मिला जिसमें किशोर सोया हुआ था। क्षेत्र के वन्य जीव रक्षक मुख्तर अली मृतक के घर पहुंचे तो उन्होंने पहले ही अपने अनुभव के आधार पर बता दिया कि बच्चे को ब्लैक कोबरा में कटा है। जब कमरे की तलाशी ली गई तो पहले तो कमरे में कुछ नहीं मिला लेकिन लगातार खोजबीन करने के 18 घंटे बाद कमरे में रखे रजाई में बैठा मिला । मुखघ्तर ने बताया कि ये ब्लैक कोबरा ही है जो डर की वजह से घर में छिपा बैठा था ।

# धरती मां के आंचल को हरा-भरा करने का पर्व है, हरेलाः डीएफओ

**जलागम क्षेत्रों एवं ऊंचाई वाले स्थानों में पानी के पोषक पौधों का किया जाएगा सघन रोपण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** डीएफओ नवीन चन्द्र पंत के अनुसार ष्हरेलाष ऐसा पर्व है जिसमें हम धरती के आचल को हरा भरा करने के संस्कार हमें अपने पूर्वजों से मिले हैं। पौधा रोपण केवल फर्ज निभाने के लिए नहीं बल्कि इसके प्रति हमारी पूरी दिल से भावना होनी चाहिए। इस पर्व पर जिले में विभाग की ओर से पचास हजार पौध लगाएं जाएंगे। इस कार्य में आईटीबीपी की 36वीं वाहिनी एवं एसएसबी की 5वीं वाहिनी के सहयोग से इस प्रकार पौधारोपण



किया जाएगा जिसमें शत प्रतिशत सफलता मिलने का लक्ष्य रखा गया। इसके अलावा एक स्थान में ष्स्मृति वनष लगाने के लिए स्थान चयनित किया गया है।

कार्यक्रम को शत प्रतिशत सफलता मिलने के लिए डीएफओ ने दोगाड़ी, बूम, काली कुमाऊं, देवीधुरा, भीगराड़ा, लोहाघाट व चंपावत रेन्जों का पूरा भ्रमण कर इन स्थानों में पहली जुलाई से ही पौधा रोपण कार्य की शुरुआत की गई है। डीएफओ का स्पष्ट कहना है कि वन महोत्सव या हरेला पर्व पर हमें इस भावना से पौधा रोपण किया जाना चाहिए कि हम अपनी भावी पीढ़ी के लिए विरासत में उन्हें शुद्ध हवा पानी व स्वच्छ पर्यावरण देने जा रहे हैं। मानेश्वर की पहाड़ी को बना आच्छादित क्षादित करने की ऐसी मुहिम शुरू की जा रही है जिसमें एसएसबी व आईटीबीटी के सहयोग से वन विभाग मानेश्वर धाम के पूरी पहाड़ी को आच्छादित क्षादित करने जा रहा है। मानेश्वर धाम के पिठाधिस्वर धर्मराजनंद पूरी महाराज का कहना है की पूरी पहाड़ी में पानी के पोषक पौधों का रोपण करने के साथ उनकी सुरक्षा भी की जाएगी इस कार्य को वन विभाग, आईटीबीटी, एसएसबी की दूरगामी सोच के साथ किया जा रहा है। स्वामी जी का कहना है कि पौध लगाने से बड़ा पुण्य दूसरा कोई नहीं हो सकता।

# एससी एक्ट के मामले में दो आरोपी को दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** थाना रामनगर क्षेत्र में अनुसूचित जाति/ जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज एक गंभीर मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई थाना रामनगर में दर्ज एफआईआर संख्या 172/25 के तहत की गई, जिसमें आरोपियों पर एससी/एसटी एक्ट की धाराओं के साथ-साथ भारतीय न्याय संहिता की भी गंभीर धाराएं लगाई गई थीं। पुलिस को यह कार्रवाई ग्राम पीपलसाना ललपुरी, पोस्ट आरटीसी हेमपुर, रामनगर निवासी मंगल सिंह पुत्र मेघराज सिंह की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर करनी पड़ी, जिसमें रघुवीर सिंह पुत्र बाबूराम और अन्य पर जातिसूचक टिप्पणी करने तथा फावड़ा और ईंट से हमला करने का आरोप लगाया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्परता दिखाई और मुख्य आरोपी रघुवीर सिंह व उसके पुत्र इन्द्रजीत सिंह, दोनों निवासी नम्बरदार पुरी, पीरूमदारा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ और जांच के दौरान पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक फावड़ा और एक ईंट भी बरामद कर ली, जो हमले के दौरान इस्तेमाल किए गए थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को आवश्यक विधिक औपचारिकताओं के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऐसी घटनाओं को लेकर पूरी सतर्कता बरती जा रही है और समाज में सौहार्द बनाए रखने के लिए कानून व्यवस्था का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

# रवी एवं खरीफ की विकसित प्रजातियों की दीं जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भारतीय कृषि अनुसंधान दिल्ली के वैज्ञानिकों ने सरताज सीड्स घाटमपुर में किसान गोष्ठी की। वैज्ञानिकों का सरदार सीड्स के एमडी अमरीक सिंह ने स्वागत किया। वैज्ञानिकों ने किसानों को फसल की पैदावार बढ़ाने को लेकर जानकारी दी।

किसान गोष्ठी में रवि एवं खरीफ फसलों की नई विकसित प्रजातियों की जानकारी दी गई। ताकि किसान की कम होती खेती की जमीनों में अधिक आय कमा सके। यहां वैज्ञानिक डॉ निवासन रावल, डायरेक्टर एवं वाइस चांसलर डॉ विश्वनाथन, डॉ गोपाल कृष्ण, डॉ ज्ञानेंद्र सिंह, विनोद गुंबर, सुरेंद्र चौधरी, मनजीत सिंह, बलविंदर सिंह, गुरविंदर सिंह, हरजिंदर सिंह रहे।

## एक नजर

### पुलिस ने सात उपद्रवी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** खटीमा पुलिस ने सात उपद्रवियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के आदेश के क्रम में सार्वजनिक स्थल पर उपद्रव फैलाने वाले सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं गिरफ्तार लोगों के खिलाफ कोतवाली खटीमा में मुकदमा संख्या 226/2025 धारा 115(2), 191(2), 351(3), 352 बीएनएस पंजीकृत किया गया है तथा उनके खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई।

### कच्ची शराब के साथ तीन को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** कोतवाली क्षेत्र की 17 मिल चौकी पुलिस द्वारा तीन अभियुक्त को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने चेकिंग के दौरान रघुलिया खटीमा निवासी अमरीक सिंह को 30 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ, सरपूड़ा खटीमा निवासी खेमकरण पुत्र बलदेव तथा नीलम देवी पत्नी खेमकरण को 33 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। वहीं गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोतवाली पुलिस ने कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत रामनगर पुलिस द्वारा आरोपी जीत सिंह पुत्र कश्मीर सिंह निवासी इटव्वा बाजपुर जिला उधमसिंह नगर को कुल 92 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया है। इस दौरान पुलिस टीम में कांस्टेबल जसवीर सिंह ,कांस्टेबल विपिन शर्मा शामिल रहे।

### ट्रैक्टर पलटने से किसान की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** बाजपुर में नैनीताल स्टेट हाईवे पर ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। उसके नीचे दबने से किसान निर्मल सिंह की मृत्यु हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर को सीधा करवाया और पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेजा। हादसे की जानकारी होने पर मृतक किसान के स्वजन में कोहराम मच गया।

ग्राम पूरनपुर चकलुवा कालाढूंगी निवासी 46 वर्षीय निर्मल सिंह पुत्र करतार सिंह शनिवार अपराह्न करीब दो बजे ट्रैक्टर में हैरो लगाकर धान रोपाई के लिए बाजपुर स्थित खेत पर आ रहा था। बताया जा रहा इसी बीच नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर झारखंडी मोड़ बरहैनी के निकट ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा पलटा। जिससे चालक निर्मल सिंह ट्रैक्टर के नीचे दब गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना पर बरहैनी चौकी पुलिस के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण व राहगीर एकत्र हो गए। पुलिस ने लोगों की मदद से ट्रैक्टर को सीधा करवाया और निर्मल सिंह को निकालकर सरकारी अस्पताल पहुंचाया। वहीं पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की सूचना पर मृतक के स्वजन में कोहराम मच गया। मृतक किसान निर्मल सिंह पत्नी दलविंदर कौर व दो बच्चों 11 वर्षीय तनवीर सिंह एवं 13 वर्षीय मनवीर सिंह को रोता-बिलखता छोड़ गया है। निर्मल सिंह खेतीबाड़ी के साथ ही पशुपालन एवं दुग्ध बेचने का काम करता था। अचानक हुई इस घटना से पत्नी एवं अन्य स्वजन सदमे में हैं। वहीं घटना के चलते मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा।

### प्रत्याशियों को आज मिलेंगे चुनाव चिन्ह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ऊधमसिंह नगर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी अंतिम दौर में पहुंच गई है। पहले चरण के चुनाव के लिए सोमवार को प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। जिले में पंचायत चुनाव दो चरणों में संपन्न कराए जाएंगे। पहले चरण के 24 जुलाई को दूसरे के लिए 28 जुलाई को मतदान होगा। दूसरे चरण के चुनाव चिह्न 18 जुलाई को आवंटित किए जाएंगे। जिले में जिला पंचायत सदस्य की 35 सीटों सहित ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) और ग्राम पंचायत सदस्य के पदों के लिए चुनाव होंगे। पहले चरण का मतदान 24 जुलाई को होगा, जिसके लिए सोमवार को चुनाव चिह्न बांटे जाएंगे। दूसरे चरण का मतदान 28 जुलाई को प्रस्तावित है और इसके लिए चुनाव चिह्न 18 जुलाई को आवंटित किए जाएंगे। जिले की कुल 4568 पंचायत सीटों पर चुनाव कराए जाने हैं। इनमें जिला पंचायत सदस्य के 35 पदों के लिए 188 प्रत्याशी सहित कुल 4754 प्रत्याशी मैदान में हैं। ग्राम पंचायत सदस्य के 808 पदों के लिए 1870 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। ग्राम प्रधान की 362 सीटों के लिए 1518 प्रत्याशियों में मुकाबला होगा। क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) की 267 सीटों पर 1178 प्रत्याशी मैदान में हैं।

### बारिश से राहत, दोपहर में उमस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रविवार सुबह की बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बाद दोपहर धूप निकलने के बाद लोग दिन भर उमस से परेशान रहे। पिछले 24 घंटे में तराई में 20.6 एमएम बारिश रिकार्ड की गई। वहीं शनिवार का अधिकतम तापमान 34.5 और न्यूनतम तापमान 26.9 डिग्री सेल्सियस रहा। जीबी पंत विवि के निदेशक शोध डॉ. एएस नैन ने बताया कि रविवार का अधिकतम तापमान 33 और न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह आर्द्रता 93 और दोपहर आर्द्रता 69 प्रतिशत रही। 3.6 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से पूर्व दिशा से हवा चली। अगले दो तीन दिन तक कहीं कही हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

### सेंट सेवियर में निकाली जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सेंट जेवियर स्कूल में सेव डॉल्फिन सेव ओशन पर जागरूकता रैली की। जिसका उद्देश्य डॉल्फिन और समुद्र के महत्व के बारे मे जागरूक करना था। विद्यार्थियों ने पोस्टर, बैनर और नारे से लोगों को जागरूक किया। उन्हें डॉल्फिन और समुद्र के संरक्षण के लिये प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर थेरेसा का स्वागत किया गया। बरेली धर्म प्रांत के धर्माध्यक्ष इग्नियस डिसूजा, प्रबंधक फादर पीटर ने उनको पुष्प गुच्छ दिया और शुभकामनाएं दी। यहां पर समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

### मांगों को लेकर चीनी मिल श्रमिकों ने की गन्ना मंत्री से मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** वेतन कटौती व पिछले छह महीने से वेतन नहीं मिलने पर परेशान चीनी मिल श्रमिकों के प्रतिनिधि मंडल ने गन्ना मंत्री से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि गन्ना मंत्री ने उन्हें वेज बोर्ड कमेटी के शीघ्र गठन का भरोसा दिया है। प्रतिनिधि मंडल ने गन्ना मंत्री का आभार जताया। पिछले एक महीने से चीनी मिल के श्रमिक अपनी वेतन संबंधी मांग को लेकर ड्यूटी पूरी करने बाद शाम पांच चीनी मिल गेट पर प्रदर्शन कर रहे हैं। रविवार को चीनी मिल श्रमिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सितारगंज में गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा से निवास स्थान पर पहुंच कर उनसे मुलाकात की।

ढश्रमिक नेता मनोज कुमार ने सौरभ बहुगुणा को श्रमिकों की वेतन कटौती और पिछले छह महीने से वेतन नहीं मिलने के विषय में बताया। मनोज कुमार ने बताया कि गन्ना मंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि सरकार सदैव किसान और मिल श्रमिकों के साथ तत्परता से खड़ी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वेज बोर्ड कमेटी के गठन की फाइल पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। सोमवार को बेज बोर्ड कमेटी की अपने अस्तित्व में आ जाएगी। प्रतिनिधिमंडल ने सरकार पर भरोसा जताया कि उन्हें पूर्व की भांति वेतन का भुगतान किया जाएगा। श्रमिक नेता मनोज कुमार ने बताया कि गन्ना मंत्री से हुई सकारात्मक वार्ता के बाद प्रतिनिधि मंडल सोमवार को चीनी मिल के अधिशासी निदेशक से मिलेगा। प्रतिनिधि मंडल में मनोज कुमार, मनोज यादव, इन्द्र बनेशी, प्रेमराज मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# स्कूल को ग्वासापुल क्लस्टर में समायोजित किए जाने के प्रस्ताव का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** क्षेत्र के रा०उ०मा० विद्यालय मिण्डाल को रा0उ0मा0 विद्यालय ग्वासापुल क्लस्टर में समायोजित किए जाने के शिक्षा विभाग के प्रस्ताव का स्थानीय ग्रामीणों व अभिभावकों ने कड़ा विरोध किया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि यह निर्णय वापस नहीं लिया गया तो वे जन आंदोलन को मजबूर होंगे।



ग्राम मिण्डाल, खन्नाड़, सिचाड़, कुराड़ और बनियाना के अभिभावकों ने खंड शिक्षा अधिकारी को प्रेषित ज्ञापन में कहा है कि मिण्डाल विद्यालय का समायोजन ग्वासापुल क्लस्टर विद्यालय में करना छात्रों व अभिभावकों के लिए गंभीर असुविधा और जोखिम का कारण बनेगा। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम बनियाना से वर्तमान विद्यालय मिण्डाल की दूरी लगभग 15 किलोमीटर है, जबकि ग्वासापुल क्लस्टर विद्यालय की दूरी 25 किलोमीटर पड़ती है, और उस तक कोई नियमित वाहन सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में बच्चों को लंबी दूरी पैदल या असुरक्षित साधनों से तय करनी होगी, जिससे उनकी ऊर्जा, सुरक्षा और शिक्षा दोनों प्रभावित होंगी।ग्रामीणों ने यह भी स्पष्ट किया कि उक्त मार्ग दुर्गम, पहाड़ी और अधिकांशतः कच्चा है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। साथ ही, क्षेत्र में प्रशिक्षित वाहन चालकों की भी भारी कमी है, जिससे पूर्व में कई हादसे हो चुके हैं। अक्टूबर से मार्च तक बर्फबारी के चलते रास्ते बंद रहते हैं, जिससे विद्यार्थियों के स्कूल पहुंचने में भारी कठिनाई होती है। विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति ने यह भी सुझाव दिया है कि मिण्डाल में ही संचालित जूनियर और हाईस्कूल को एकीकृत कर दिया जाए, जिससे छात्रसंख्या में वृद्धि होगी और संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव होगा। ग्रामीणों ने चेताया कि यदि विभाग द्वारा विद्यालय को जबरन समायोजित किया गया,

**■ निर्णय वापस नहीं लिए जाने पर ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी**

तो उन्हें अपने बच्चों की सुरक्षा के चलते उन्हें शहरों में पढ़ाई के लिए भेजना पड़ेगा, जिससे क्षेत्र में पलायन की गति और तेज हो जाएगी। ग्राम मिण्डाल, खन्नाड़, सिचाड़, कुराड़ और बनियाना के समस्त ग्रामवासियों ने शिक्षा विभाग से उक्त प्रस्ताव को तुरंत निरस्त करने की मांग की है। विरोध करने वाले में दिनेश, पप्पू चौहान, वीरेंद्र चौहान, प्रभु, मेहर सिंह, नाथी सिंह, दिनेश नेगी, धजवीर नेगी, अरविन्द चौहान, शमशेर सिंह, अर्पित जोशी विनय जोशी आदि लोगो के हस्ताक्षर है।

# एक महिला कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**त्यूनी।** थाना त्यूनी पुलिस द्वारा 1 महिला को 40 लीटर अवैध कच्ची शराब मय 500 लीटर अवैध लहन मय गैस भट्टी व शराब बनाने हेतु प्रयोग उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया। महिला को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। वर्तमान में पंचायत चुनाव के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, देहरादून द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निष्पक्ष चुनाव करने व किसी भी प्रकार से प्रलोभन देकर मतदान अपने पक्ष में करने जैसी तमाम गतिविधियों पर रोक लगाते हुए एवं अवैध गतिविधियों की तस्करी पर लगाम लगाने हेतु समय समय पर निर्देशित किया जा रहा है।

जिसको प्रभारी त्यूनी द्वारा गंभीरता से लेते हुए अपने क्षेत्र में पंचायत चुनाव को सकुशल, निर्विघ्न प्रलोभन रहित करने हेतु संवेदनशील किया जा रहा है और अपने क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। जिसके अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी विकासनगर के निकट पर्यवेक्षण में आज रविवार को एक महिला माया देवी पत्नी स्व. राम सिंह निवासी ग्राम त्यूणी गेट थाना त्यूणी जिला देहरादून के कब्जे से 40 लीटर अवैध कच्ची शराब मय 500 लीटर अवैध लहन मय गैस भट्टी व शराब बनाने हेतु प्रयोग उपकरणों के बरामद किया गया। जिसके आधार पर थाना त्यूनी पर मु0अ0सं0 20/2025 धारा 60(2) आबकारी अधिनियम बनाम माया देवी मुकदमा दर्ज किया गया।



पुलिस टीम में एसओ विनय मित्तल थाना त्यूनी, सिपाही तेजेन्द्र रावत, प्रदीप चौहान, वरुण रावत, चालक मनजीत रावत थाना शामिल रहे।

# स्वंय सहायता समुह की महिला करेगी ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** कालसी ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत ब्यास भूड में रविवार को पंजाब नेशनल बैंक द्वारा संचालित ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन किया गया।



ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर योगेन्द्र कुमार, ब्लॉक मिशन प्रबंधक सुरेंद्र नेगी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित ब्लॉक मिशन प्रबंधक सुरेंद्र नेगी ने बताया कि एनआरएलएम द्वारा सीता स्वंय सहायता समुह का गठन किया गया है जिसकी अध्यक्ष किरण शर्मा को बनाया गया है बताया कि ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन जैसे बैंकों के कार्य खाता खोलना, पेसे का लेनदेन, आधार कार्ड व डिजिटल बेकिंग के माध्यम से जानकारी दी गई जिसमें लोग को डिजिटल बेकिंग का लाभ उठा सके। कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही कई योजनाओं को ग्राहक सेवा केंद्र के संचालन से आजीविका में 4 से 8 हजार रुपये प्रतिमाह आय अर्जित की जा सकेगी।

**■ किरन शर्मा को बनाया गया समूह का अध्यक्ष**

ग्राहक सेवा केंद्र से ब्यास भूड के अलावा नजदीकी ग्राम पंचायतों कालसी, व्यासनहरी, हरीपुर आदि के ग्रामीण और स्वंय सहायता समुह के लोग लाभ उठा सके इसके संचालन से ग्रामीण महिलाओं, बुजुर्गो आदि को भी सुविधाएं प्रदान की जाएगी। उद्घाटन समारोह में आईपीआरपी रेखा देवी, विमला देवी, अनिता देवी, कान्ता देवी, कविता, सुमित्रा, पिंकी देवी आदि उपस्थित रहे।

## पहली बार वोट करने को युवाओं में उत्साह

**देहरादून।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए सदस्य ग्राम पंचायत, प्रधान ग्राम पंचायत, सदस्य क्षेत्र पंचायत और सदस्य जिला पंचायत के लिए आगामी 24 व 28 जुलाई को दो चरणों में मतदान होगा। पहली बार मतदान को लेकर युवाओं में खासा उत्साह बना हुआ है। जिले के 06 विकास खंडों में 18 से 20 आयु के 38371 युवा मतदाता पंजीकृत है, जिसमें 18092 महिला और 20279 पुरुष मतदाता शामिल है।देहरादून जिले के 06 विकास खंडों में जिला पंचायत सदस्य के 30 पदों के लिए 113 प्रत्याशी मैदान में है। जबकि सदस्य क्षेत्र पंचायत के 220 पद है। सदस्य क्षेत्र पंचायत के लिए 698 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। प्रधान ग्राम पंचायत के 409 पद है। इसमें कुछ पदों पर निर्विरोध निर्वाचन के बाद 1018 प्रत्याशी प्रधान पद के लिए चुनाव लड रहे है।

# बरेली की रहने वाली लड़की ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** सेलाकुई शनि मंदिर के पास एक बिल्डिंग में लड़की ने फांसी लगा कर अपनी जीवनलीला समाप्त की।



रविवार को समय 11.58 बजे प्यारेलाल पुत्र रामचन्दर निवासी सेलाकुई जमनपुर सेलाकुई नें थाना आकर सूचना दी कि जमनपुर सेलाकुई शनि मन्दिर के पास किनेर पुष्पा जोशी की बिल्डिंग में एक लड़की ने फांसी लगा ली है। सूचना पर तत्काल थाना से अ0उ0नि0 भरत सिह नेगी को मय हमराह महिला कांस्टेबल रजनी के वास्ते आवश्यक कार्यवाही हेतु घटनास्थल पर रवाना किया गया। चीता बाजार को तत्काल मौके पर पहुंचने हेतु अवगत कराया गया। घटनास्थल पर जानकारी प्राप्त करने पर मालूम हुआ कि नन्द लाल पुत्र स्व0 खेम करण लाल निवासी ग्राम रिच्छा तहसील फरीदपुर थाना भुता जिला बरेली उत्तर प्रदेश की पुत्री कु0 गीता पुत्री नंद लाल निवासी ग्राम रिच्छा तहसील फरदीपुर थाना भुता जनपद बरेली यूपी द्वारा अपने किराये के कमरे अन्दर से कुण्डी लगाकर पंखे से चुन्नी की सहायता से लटककर फांसी लगायी गयी, जिसको पुलिस कर्मियों द्वारा फंदे से उतारकर तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी सहसपुर भिजवाया गया, जहां पर डॉक्टर द्वारा पीड़ित गीता को मृत घोषित किया गया।

## एक नजर .......

### 6.83 ग्राम स्मैक के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**सहसपुर।** थाना सहसपुर पुलिस की अवैध नशे के विरुद्ध कार्यवाही में 6.83 ग्राम अवैध स्मैक के साथ 1 व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। थाना सहसपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत बीते रोज शनिवार को सुनसान जगहों तथा खण्डर की चेकिंग के दौरान सहसपुर सभावाला मार्ग के पास स्थित खण्डर के पास से एक व्यक्ति अब्दुल रहमान पुत्र सगीर अहमद निवासी बड़ा रामपुर थाना सहसपुर को 6.83 ग्राम अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सहसपुर पर एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में एसआई मंगेश कुमार, सिपाही नवबहार सिंह, अनिल कुमार शामिल रहे।

### सड़क पर सरेआम उत्पाद मचाने वाला गिरफ्तार

**सहसपुर।** सड़क पर सरेआम उत्पाद मचाने वाले व्यक्ति को सहसपुर पुलिस द्वारा धारा 170 बीएनएसएस में किया गिरफ्तार। थाना सहसपुर पुलिस को प्राप्त सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति सहसपुर बाजार मे सड़क सरेआम पर आने जाने वाले व्यक्तियो के साथ गाली गलोच कर रहा है व परेशान कर रहा है तथा आने जाने वाले लोगो के साथ मारने पीटने को उतारू हो रहा है। आम जनता के अमन चौन में व्यवधान उत्पन्न कर रहा था। पुलिस ने मोके पर पहुंचकर व्यक्ति यूसुफ पुत्र मौ0 इलियास निवासी सलीम कोटे वाली गली सहसपुर को काफी समझाया गया परन्तु मानने को तैयार नहीं हुआ, उक्त व्यक्ति को मौके पर गिरफ्तार न किया जाता तो कोई भी संगीन घटना घटित कर सकता था। शान्ति व्यवस्था भंग होने एव संज्ञेय अपराध घटित होने की प्रबल सम्भावना के दृष्टिगत उक्त व्यक्ति को बताकर कारण धारा 170 बी0एन0एस0एस0 में गिरफ्तार किया।

### दो किलो 607 गांजे के साथ एक व्यक्ति को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता थाना सेलाकुई पुलिस का नशे पर एक और प्रहार, 1 नशा तस्कर को किया 2 किलो 607 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से नशा तस्कर को जेल भेज दिया गया।



थाना सेलाकुई पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं तस्करी पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना सेलाकुई पुलिस टीम द्वारा चौकिंग के दौरान शिवनगर बस्ती जाने वाले रास्ते पर पुरानी पुलिस चौकी के पास सेलाकुई से एक व्यक्ति हीरा साहनी पुत्र भागदेव साहनी निवासी शिवनगर बस्ती थाना सेलाकुई के कब्जे से 2 किलों 607 ग्राम अवैध गांजा बरामद होने पर गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध थाना सेलाकुई पर एनडीपीएस एक्ट बनाम हीरा साहनी आदि मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमें में वांछित आरोपी रोशन सनी की तलाश जारी है। पुलिस टीम में एसआई अनित कुमार, मौ0 इरशाद, राकेश नेगी शामिल रहे।

# टीएचडीसी' ने पैदा की रोजगार की 'ऊर्जा': विश्नोई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ऋषिकेश।** टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने 38वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कारपोरेट कार्यालय ऋषिकेश में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मनमोह लिया। सीएमडी आरके विश्नोई ने मौजूदा व भावी परियोजनाओं का जिक्र करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। कहा कि कंपनी ने सिर्फ ऊर्जा उत्पादन ही नहीं किया, बल्कि इस क्षेत्र में हजारों लोगों के लिए रोजगार के भी नए अवसर पैदा किए हैं।




शनिवार को रसमंजरी में भवन में आयोजित स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ सीएमडी आरके विश्नोई ने किया। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस पर सिर्फ ऋषिकेश ही नहीं, बल्कि कंपनी की देशभर में संचालित परियोजना व इकाई कार्यालयों में भी बड़े धूमधाम से मनाया गया। उन्होंने कहा कि यह मौका कंपनी की 1988 में स्थापना के बाद से संगठन की शानदार यात्रा में एक और वर्ष का प्रतीक रहा। कंपनी ने ऊर्जा पोर्टफोलियो का महत्वपूर्ण विस्तार किया गया और सतत के साथ प्रतिबद्धता को सुदृढ़ भी किया।

सीएमडी ने उत्तराखंड के टिहरी में 1000 मेगावाट के वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज प्लांट (पीएसपी) की पहली और दूसरी यूनिटों(250-250 मेगावाट) के कमीशन होने पर खुशी जताई। बताया कि यह उपलब्धियां भारत के विद्युत क्षेत्र में ग्रिड लचीलापन, नवीकरणीय एकीकरण और ऊर्जा स्थिरता की दिशा में एक बडे कदम का प्रतीक है। यूपी के बुलंदशहर में 1320 मेगावाट की खुर्जा सुपर थर्मल पावर परियोजना की यूनिट-1 (660 मेगावाट) के कमीशन होने पर भी उन्होंने प्रकाश डाला। कंपनी के निदेशक कार्मिक शैलेंद्र सिंह, निदेशक तकनीकी भूपेंद्र गुप्ता और निदेशक वित्त सिपन कुमार गर्ग ने भी उपलब्धियां पर हर्ष जताते हुए भावी योजनाओं को गिनाया।

**■ कंपनी के कारपोरेट, परियोजना व इकाई कार्यालयों में हर्षोल्लास के साथ मना 38वां स्थापना दिवस सीएमडी आरके विश्नोई ने मौजूदा व भावी परियोजनों का जिक्र कर उपलब्धियों पर भी डाला प्रकाश**

### इनको मिला गौरव सम्मान

-टीएचडीसीआईएल के स्थापना दिवस पर कारपोरेट संचार विभाग के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. एएन त्रिपाठी, प्रभारी कार्यपालक निदेशक नीरज वर्मा, कार्यपालक निदेशक एपीपी एके घिल्ड़ियाल, मुख्य महाप्रबंधक वीपीएचईपी अजय वर्मा, मुख्य महाप्रबंधक वित्त अजय कुमार को उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रतिष्ठित गौरव सम्मान से नवाजा गया। अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों को भी सीएमडी आरके विश्नोई ने कंपनी की प्रगति में योगदान पर भी सम्मानित किया।

### पूर्व सीएमडी डीवी सिंह हुए शामिल

-कंपनी के पूर्व सीएमडी डीवी सिंह भी शनिवर को आयोजित स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कार्यकाल के अनुभव का साझा करते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए कई टिप्स भी दिए। डीवी सिंह के कार्यकाल की उपलब्धियों को चित्र के माध्यम से समारोह में स्क्रीन पर प्रदर्शित भी किया। टीएचडीसीआईएल के प्रगति में पूर्व सीएमडी की भागीदारी पर उन्हें भी नवाजा गया। सीएमडी आरके विश्नोई ने बताया कि कंपनी को बढ़ाने में हर सीएमडी ने पूर्ण संर्पण किया गया है, जिसका हर अधिकारी व कर्मचारी सदैव ही ऋणी रहेगा।

### इन श्रेणियों में भी मिला सम्मान

-कार्यपालक श्रेणी में उपमहाप्रबंधक आशुतोष कुमार, सम्राट मुखर्जी, राकेश बंसल, मयंक बाजपेयी, नयन रतूड़ी, प्रबधंक बलवं सिंह, प्रकाश कुमार साहू और उप प्रबंधक उप प्रबंधक मयंक चौहान को विशिष्ट योगदान के लिए श्रेष्ठ कर्मचारी सम्मान मिला। पर्यवेक्षक श्रेणी में कनिष्ठ कार्यापालक त्रिवेणी सिंह घनाता, कनिष्ठ अभियंता योगेश चंद्र जोशी को उनके समर्पित कार्य व सराहनीय प्रयासों के लिए नवाजा गया। कामगार श्रेणी में उप अधिकारी सुदर्शन बिस्वाल, सहायक रोहितास सिंह, दीपक शाह को भी सममानित किया गया।

# एक और बैंक आया जिला प्रशासन के रडार पर, डीएम ने काटी आरसी

**देहरादून।** जिला प्रशासन निरंतर अपने कड़े फैसलों से जहां जनमानस को उनका अधिकार दिला रहा है वहीं जनमानस को अनावश्यक परेशान करने वालों पर भी नकेल कस रहा है, जिससे ऐसा कृत्य करने वालों में प्रशासन का खौफ भी बढा है। बावजूद इसके नये प्रकरण भी सामने आ रहे हैं। जिलाधिकारी सविन के सम्मुख एक ताजा प्रकरण बैंक से आया है जिसमें महिला के पति की मृत्यु हो जाने पर बीमित बैंक ऋण के एवज में सुरक्षा देने के बजाय विधवा महिला को परेशान किया जा रहा है। जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित बैंक सी.एस.एल. फाईनेंस लि0 के प्रबन्धक की 6.50 लाख की आरसी जारी करते हुए निर्धारित समयावधि में जमा कराने के आदेश दिए गए हैं, जमा न कराने की दशा में बैंक शाखा की कुड़की कर वसूली की जाएगी।

**■ 6.50 लाख गृह ऋण का बीमा, लेकिन बैंक व इंश्योरेंस कम्पनी नहीं दे रही क्लेम आर्थिक तंगी से जूझ रही 04 बालिकाओं की विधवा माँ ने डीएम से लगाई गुहार**



जिलाधिकारी सविन बंसल के समक्ष 11 जुलाई 2025 को बैंक ऋण से जुड़ा एक प्रकरण आया जिसमें फरियादि प्रिया ने डीएम को बताया कि उनके पति स्व0 विकास कुमार द्वारा 6.50 लाख का बैंक से ऋण लिया था तथा बैंक के अनुरोध पर ऋण का भी बीमा भी करवाया था। बीमा कम्पनी द्वारा ऋण का बीमा करते समय सभी मानकों /जांच जिसमें शारीरिक तथा अन्य समस्त जांच की औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए ऋण का बीमा किया गया तथा प्रीमियम शुल्क काटते हुए ऋण भुगतान उनके पति को किया गया। उनके पति की मृत्यु 12 जुलाई 2024 को आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। विधवा प्रिया के मामले में 6.50 लाख गृह ऋण का बीमा होने के बावजूद बैंक व इंश्योरेंस कम्पनी न ही क्लेम न ही ऋण माफी दे रही है। विधवा महिला फरियादी प्रिया के पति विकास कुमार की मृत्यु उपरांत एक वर्ष से न्याय को भटक रही है, जिला प्रशासन ने बैंक प्रबंधक की आरसी काट दी है। डीएम ने ऋण के बीमा का बड़ा खेल पकड़ते हुए बैंक प्रबन्धक की 6.50 लाख की आरसी काट दी है। पति की मृत्यु के उपरान्त आर्थिक तंगी से जूझ रही है। 04 बालिकाओं की विधवा माँ प्रिया ने डीएम से लगाई गुहार, जिस पर प्रशासन ने आरसी काटते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है।

# कार्यशाला में व्यापारियों के हितों समस्याओं व मांगों पर मंथन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** दून उद्योग व्यापार मंडल की जिला कार्यसमीति 2025 की कार्यशाला में व्यापारियों के हितों, सुरक्षा ,समस्याओं और मांगों पर मंथन किया गया।

राजधानी के त्यागी रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यशाला में दून उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष विपिन नागलिया ने सभी कार्यकर्ताओं एवं व्यापार मंडल के सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया । उन्होंने कहा कि आज देहरादून में दून व्यापार मंडल की कई समितियां गठित की गई हैं। हमारा एकमात्र उद्देश्य देहरादून के सभी व्यापारियों का संरक्षण करना और व्यापारी किस प्रकार समाज हित में काम करते हुए अपनी अहम भूमिका को निभाते हैं इसकी और सरकार का ध्यान दिलाना है ।

कार्यक्रम में सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने कहा कि दून उद्योग व्यापार मंडल 1972 से काम करता आ रहा है अगर हम अपने जीवन में किसी व्यापार की बात करें तो बड़ा सोचने की बात होती, लेकिन आज पिछले 53 वर्षों से अधिक समय से दून उद्योग व्यापार मण्डल निरंतर अपने सिद्धान्तों पर अडिग रहते हुए व्यापारी हितों के लिए कार्य कर रहा है।

इस संगठन की आधारशिला उस समय रखी गई जब पूरे देश में इक्का-दुक्का संगठन ऐसे थे जो व्यापारियों की चिंता करते थे।

अग्रवाल ने कहा कि दून उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष समय समय पर कोई भी रहे हों उन्होने कभी भी व्यापारियों के मुद्दों व स्वाभिमान के साथ समझौता नहीं किया। आज दून उद्योग व्यापार मण्डल के तत्वाधान में जिला देहरादून व जिला ग्रामीण देहरादून के पूरे जिले में व्यापारियों के हितों के लिए काम करते हैं।




चाहे वह व्यापारियों के कर का मुद्दा हो या उत्पीड़न का, जब भी जरूरत पड़ी हमने सड़कों पर उतरकर इसकी लड़ाई को लड़ा और

**व्यापारियों के सुख दुख की एक परिवार की तरह चिंता की ।**

कार्यक्रम में अनिल गोयल ने कहा कि संगठन आज हम सब व्यापारियों के माध्यम से देहरादून ही नहीं अपितु पूरा प्रदेश देश में एक अलग स्थान बनाए हुए हैं ।आज हमारे व्यापार के माध्यम से देश की गतिविधि को हम जनता के बीच में रखते हैं।

हमारे व्यापार के माध्यम से कई समस्याएं आती हैं लेकिन हम सभी एक साथ मिलजुल कर उन सभी समस्याओं का निवारण करते हुए अपने प्रदेश अपने महानगर देहरादून को एक अच्छा दून के रूप में विकसित कर सकें अच्छे प्रदेश के रूप में विकसित कर सकें यही हमारा उद्देश्य रहता है। सुरक्षा के माध्यम से हम सभी को प्रमुख बाजारों में सुरक्षा को सीसीटीवी कैमरों को लगाया जायेगा

और प्रयास होगा कि इसकी एक मॉनिटरिंग कमेटी बने जो समय समय पर बाजारों की सुरक्षा बैठक भी करें और इसमें पुलिस का भी सहयोग ले । इसके अलावा जिला देहरादून व जिला ग्रामीण शीघ्र ही अपनी युवा व महिला विंग का निर्माण / विस्तार करेंगे और आवश्यकता अनुसार पुर्नगठन भी करेंगे । सिद्धार्थ अग्रवाल ने सभी प्रतिनिधियों को शपथ के माध्यम से समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा, सफाई और अन्य बिंदुओं को लेकर संकल्प होते हुए कार्य करने के लिए आग्रह भी किया ।

कार्यक्रम में सभी 192 इकाइयों के अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष व दून उद्योग युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष व उनकी संपूर्ण कार्यकरिणी उपस्थिति रही।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सेब की बागवानी में जुटे नवयुवक ग्रामीण

**विक्रम सिंह**

**चकराता।** जब अधिकांश युवा रोजगार और बेहतर जीवन की तलाश में गांव छोड़कर शहरों की ओर रुख कर रहे हैं, ऐसे समय में टगरी गांव के मनीष चौहान ने अपने जुनून और परिश्रम से गांव में ही आत्मनिर्भरता की एक मिसाल पेश की है। उन्होंने न केवल अपने लिए रोजगार का रास्ता तैयार किया है, बल्कि अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा बनकर सामने आए हैं।



मनीष चौहान पढ़ाई के साथ-साथ बागवानी के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं। वर्ष 2023 में उन्होंने अपने खेतों में सेब की लगभग 800 पौधें रोपी थीं। आज उनकी मेहनत रंग ला रही है, पौधें सुरक्षित रूप से विकसित हो चुकी हैं उनमें भरपूर फल भी लगने शुरू हो गए हैं। मनीष ने अपने बगीचे में सेब की विभिन्न प्रजातियों की पौधें लगाई थीं, ताकि बाजार की मांग के अनुसार गुणवत्तापूर्ण उत्पादन हो सके।

उन्होंने पारंपरिक कृषि से हटकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाया, जिससे पौधों की वृद्धि और देखरेख में आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया। इस प्रयास से उनकी बगिया आज एक सफल बागवानी परियोजना का रूप ले चुकी है। गांव के लोग मनीष की इस सफलता पर न सिर्फ गर्व महसूस कर रहे हैं, बल्कि उनके अनुभवों से प्रेरित होकर अन्य युवा भी अब कृषि और बागवानी की ओर आकर्षित हो रहे हैं। मनीष का कहना है कि वह भविष्य में अपने बगीचे को और भी विस्तार देने की योजना बना रहे हैं और साथ ही गांव के अन्य युवाओं को भी बागवानी के लिए प्रेरित करना चाहते हैं।

टगरी गांव जैसे दूरस्थ क्षेत्र में रहकर मनीष चौहान ने जो कर दिखाया है, वह यह साबित करता है कि बदलाव की शुरुआत कहीं से भी हो सकती है जरूरत है तो सिर्फ एक सकारात्मक सोच, कड़ी मेहनत और अपने गांव से प्रेम की।

# भारत को मिला 193 रन का लक्ष्य

## सुंदर ने चार विकेट लिए, बुमराह-सिराज को मिले 2-2 विकेट, जो रूट ने 40 रन बनाए




**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने लाड्र्स टेस्ट में भारत को जीत के लिए 193 रन का टारगेट दिया है। इंग्लिश टीम दूसरी पारी में 192 रन पर आलआउट हो गई।

जो रूट ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। कप्तान बेन स्टोक्स ने 33, हैरी ब्रुक ने 23 और जैक क्राली ने 22 रन की पारियां खेलीं। भारत की ओर से वाशिंगटन सुंदर ने 4 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने 2-2 विकेट झटके। नीतीश कुमार रेड्डी और आकाश दीप को एक-एक विकेट मिला। रविवार को मैच के चौथे दिन इंग्लिश टीम ने 2/0 के स्कोर से खेलना शुरू किया था। पहली पारी में भारत और इंग्लैंड की टीमें 387-387 के स्कोर पर ऑलआउट हुईं। किसी को बढ़त नहीं मिली। इंग्लैंड की टीम 63वें ओवर में 192 रन पर ऑलआउट हो गई। वाशिंगटन सुंदर ने ओवर की पहली बाल पर शोएब बशीर को बोल्ड कर दिया। 58वें ओवर में इंग्लैंड ने 9वां विकेट गंवाया। जसप्रीत बुमराह ने क्रिस वोक्स को बोल्ड कर दिया। वोक्स 10 रन बनाकर आउट हुए। बुमराह को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने ब्रायडन कार्स को भी बोल्ड किया। इंग्लैंड ने 56वें ओवर में 8वां विकेट गंवाया।

यहां जसप्रीत बुमराह ने ब्रायडन कार्स को बोल्ड कर दिया। कार्स एक रन ही बना सके। इंग्लैंड की टीम ने 55वें ओवर में दूसरी पारी का 7वां विकेट गंवाया। यहां बेन स्टोक्स 33 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें वाशिंगटन सुंदर ने बोल्ड किया। सुंदर ने टी-ब्रेक से पहले जैमी स्मिथ और जो रूट को भी बोल्ड किया। दिन का दूसरा सेशन भारतीय टीम के नाम रहा।

# गिल ने इंग्लिश ओपनर्स से बहस की

● **आकाशदीप दो बार डीआरएस में बचे, पंत इंग्लैंड सर्वाधिक टेस्ट सिक्स लगाने वाले बल्लेबाज**



**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुल. कर ट्राफी का तीसरा टेस्ट लंदन के लाड्र्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। मुकाबले के तीसरे दिन ऋषभ पंत ने छक्का लगाकर फिफ्टी पूरी की थी।

वे इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले टेस्ट प्लेयर बने। पंत लंच सेशन से ठीक पहले रन आउट भी हो गए। वहीं शुभमन गिल इंग्लिश ओपनर्स से बहस करते नजर आए। पंत ने विवियन रिचड्र्स का रिकॉर्ड तोड़ा ऋषभ पंत ने लाड्र्स टेस्ट में 2 छक्के लगाए। इसी के साथ वे इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट सिक्स लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। पंत ने वेस्टइंडीज के दिग्गज विवियन रिचड्र्स का रिकॉर्ड तोड़ा। जिन्होंने करियर में इंग्लैंड के खिलाफ 34 छक्के लगाए। पंत 36 सिक्स लगा चुके हैं। पंत ने रोहित के बराबर टेस्ट छक्के लगा दिए ऋषभ पंत भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट छक्के लगाने के रिकॉर्ड में भी दूसरे नंबर पर पहुंच गए।

उन्होंने पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की बराबरी की। दोनों के नाम 88-88 सिक्स हैं। नंबर-1 पर पूर्व ओपनर वीरेंद्र सहवाग हैं, जिनके नाम 90 टेस्ट छक्के हैं। ऋषभ पंत साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विकेटकीपर बन गए।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## उंगली की चोट के बाद शोएब बशीर की फिटनेस को लेकर इंग्लैंड चिंतित

**लॉर्ड्स, वार्ता।** तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन गेंदबाजी के दौरान चोटिल हुए ऑफ स्पिनर शोएब बशीर की फिटनेस को लेकर इंग्लैंड चिंतित है। बशीर चौथे दिन के खेल से पहले अभ्यास के दौरान चौथी और पाँचवीं उंगली पर भारी पट्टियां बंधे हुए थे, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह बल्लेबाजी के लिए फिट होंगे या नहीं। चौथे दिन सुबह इंग्लैंड की ओर से जारी बयान में कहा गया कि अपनी बाईं उंगली की चोट के बाद, शोएब बशीर पर नजर रखी जा रही है और उम्मीद है कि वह इस टेस्ट की चौथी पारी में गेंदबाजी करेंगे। तीसरी पारी में वह बल्लेबाजी करेंगे या नहीं, इस पर फैसला समय आने पर लिया जाएगा। एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफ़र्ड में होने वाले चौथे टेस्ट में उनकी भागीदारी का आकलन मैच के अंत में किया जाएगा।

## ट्रैप मिक्स्ड टीम में 10वें स्थान पर रही भारतीय जोड़ी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने लोनाटो में अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप शॉटगन में अपनी प्रतिस्पर्धा समाप्त कर दी, जब लक्ष्य श्योरण (22,19,25) और नीरू ढांडा (25,24,25) की जोड़ी, तीसरी सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन करने के बावजूद, ट्रैप मिक्स्ड टीम पदक राउंड से चूक गई। उन्होंने क्वालीफाइंग राउंड में संभावित 150 में से 140 अंक बनाए और 54 जोड़ियों में 10वें स्थान पर रहे। जोरावर (21,23,24) व प्रीति (23,24,23) की दूसरी भारतीय जोड़ी ने कुल 138 अंक बनाए और 22वें स्थान पर रही। नीरू ने एक दिन पहले महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में अपने शानदार चौथे स्थान के बाद भी 75 में से केवल एक निशाना चूका।

# मेरा शतक बनवाने की हड़बड़ी में आउट हुए ऋषभ पंत: राहुल

● **यह हम दोनों के लिए निराशाजनक था, निश्चित तौर पर कोई इस तरह से अपना विकेट नहीं गंवाना चाहता**



**लॉर्ड्स, वार्ता।** भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने कहा कि ऋषभ पंत लंच से पहले मेरा शतक बनवाने की हड़बड़ी में रनआउट हुए।

मैच के बाद राहुल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह आदर्श स्थिति नहीं है। इससे कुछ ओवर पहले हमारे बीच बातचीत हुई थी, मैंने उन्हें (पंत को) कहा था कि अगर संभव होगा तो मैं लंच से पहले अपना शतक पूरा करूंगा। जैसे ही बशीर लंच से पहले आखिरी ओवर करने आये मुझे लगा कि मेरे पास शतक पूरा करने का अच्छा अवसर है लेकिन दुर्भाग्यवश मैंने सीधा फील्डर की ओर गेंद खेल दिया। उन्होंने कहा कि वो एक ऐसी गेंद थी जिस पर मैं चौका जड़ सकता था। इसके बाद वह इस कोशिश में रहे कि किसी भी तरह से वह मुझे स्ट्राइक पर लेकर आएं ताकि मैं अपना शतक पूरा कर सकूं। लेकिन निश्चित तौर पर ऐसा नहीं होना चाहिए था, अंत में रन आउट ने मोमेंटम को बदल दिया। यह हम दोनों के लिए निराशाजनक था। निश्चित तौर पर कोई इस तरह से अपना विकेट नहीं गंवाना चाहता। उन्होंने कहा कि जाहिर है, थोड़ी निराशा हुई क्योंकि चायकाल से पहले तक हम वाकई अच्छी स्थिति में थे। मैंने और ऋषभ ने लंबी साझेदारी की और फिर हम दोनों जल्दी ही आउट हो गए, वह लंच से ठीक पहले और मैं लंच के ठीक बाद।

# इंग्लैंड यू-19 के खिलाफ आयुष का शतक

● **अभिज्ञान-राहुल की साझेदारी से भारत यू-19 का स्कोर 450/7, विहान का अर्द्धशतक**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के बेकनहैम में खेले जा रहे पहले यूथ टेस्ट मैच के पहले दिन भारत यू-19 ने इंग्लैंड यू-19 के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए 450 रन पर 7 विकेट खो दिए।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। शुरुआत में वैभव सूर्यवंशी केवल 14 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद कप्तान आयुष म्हात्रे ने 115 गेंदों में 102 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली और विहान मल्होत्रा (67 रन, 99 गेंद) के साथ दूसरे विकेट के लिए 173 रनों की साझेदारी की। आयुष और विहान के आउट होने के बाद, अभिज्ञान कुंडू (90 रन, 95 गेंद) और राहुल कुमार (85 रन, 81 गेंद) ने पांचवें विकेट के लिए 179 रनों की साझेदारी की। दोनों एक ही ओवर के अंदर आउट हो गए। दिन के अंत में आर.एस. अम्ब्रीश (31 रन, नाबाद) ने पहले मोहम्मद एना के साथ 32 रन और फिर हेनिल पटेल (6 रन, नाबाद) के साथ 30 रन जोड़े। इंग्लैंड की ओर से एलेक्स ग्रीन, जैक होम और आर्ची वान ने 2-2 विकेट लिए, जबकि राल्फी एल्बर्ट को 1 सफलता मिली। भारत यू-19 के कप्तान आयुष म्हात्रे ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। वैभव 14 रन बनाकर आउट यूथ वनडे में शानदार परफार्म करने वाले 14 साल के ओपनर वैभव सूर्यवंशी पहले दिन मात्र 14 रन ही बना सके। उन्हें ग्रीन ने आउट किया। वैभव ने ऑफ साइड के बाहर शार्ट ऑफ लेंथ बाल को कट किया। लेकिन अल्बर्ट ने थर्ड मैन पर उनका कैच लपक लिया। भारत का पहला विकेट 17 रन पर गिरा। इसके बाद कप्तान आयुष म्हात्रे और विहान मल्होत्रा ने मिलकर पारी संभाल। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 173 रन की साझेदारी कर डाली। यहां आयुष म्हात्रे को आर्ची वान ने एकांश सिंह के हाथों कैच कराके आउट किया। आयुष ने 14 चौके और 2 सिक्स की मदद से 102 रन बनाए। आयुष ने अपनी पारी में 14 चौके और 2 सिक्स भी लगाए। अभिज्ञान-राहुल ने पांचवें विकेट के लिए 179 रन जोड़े आयुष के आउट होने के बाद विहान भी 67 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उन्हें ग्रीन ने विकेटकीपर रेव के हाथों कैच कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मौल्यराज सिंह चावड़ा को आर्ची वान ने ज्यादा देर टिकने नहीं दिया। वे 11 रन बनाकर आउट हुए। विकेटकीपर अभिज्ञान और राहुल कुमार ने भारतीय पारी को एक बार फिर संभाला और पां. चवें विकेट के लिए 179 रन की साझेदारी कर डाली। अभिज्ञान को होम ने 90 रन के स्कोर पर पवेलियन भेजा दिया। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और एक सिक्स भी लगाया। राहुल कुमार ने तेजी से बल्लेबाजी की और 81 बाल पर 85 रन बनाकर आउट हुए। राहुल ने अपनी पारी में 14 चौके और एक सिक्स लगाए। लोअर आर्डर बल्लेबाजों के भी रन अभिज्ञान और राहुल के बाद आर एस अम्ब्रीश ने 4 चौकों की मदद से 31 रन बनाए और वे अभी भी खेल रहे हैं। पेस बालर मोहम्मद इनान ने 3 चौके और एक सिक्स लगाकर 23 रन बना दिए। हालांकि अल्बर्ट ने उन्हें स्ठॅ कर दिया। हेनिल पटेल 6 रन बनाकर नाबाद हैं।

## फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल द ग्रेट खली ने बढ़ाई शोभा

**गांधीनगर/नई दिल्ली, वार्ता।** फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 31वें संस्करण में आज केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ- मनसुख मांडविया ने गुजरात के गांधीनगर में 500 से अधिक प्रतिभागियों के एक समूह का नेतृत्व किया। वहीं दिल्ली में द ग्रेट खली ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस सप्ताह सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के साथ साझेदारी में आयोजित इस अखिल भारतीय साइकिललग अभियान में देश भर के 7000 से अधिक स्थानों पर 'फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज' के संदेश को आगे बढ़ते हुए 3000 नमो फिट इंडिया साइलक्लग क्लबों ने भाग लिया। गांधीनगर में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. मांडविया ने कहा कि फिट इंडिया 'संडे ऑन साइकिल' अब एक शक्तिशाली राष्ट्रव्यापी पहल बन गई है, जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया मिशन को पूरी ताकत से आगे बढ़ा रही है। यह वास्तव में एक ऐसी श्रृंखला बन गई है जो न केवल फिटनेस के बारे में है, बल्कि राष्ट्रीय परिवर्तन के बारे में भी है। आज 7000 से अधिक जगहों पर हमारे युवाओं ने इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया है।

# शेफाली वनडे विश्व कप की दौड़ में शामिल हैं: मजूमदार

● **सीरीज में मंधाना के बाद शेफाली सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनी**

**बर्मिंघम, वार्ता।** शेफाली वर्मा इस साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में शामिल हैं। पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के शुरुआती दौर में ही बाहर होने के बाद शेफाली को भारतीय टीम से बाहर का रास्ता दिखा दिया था।

हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए शेफाली की भारतीय दल में वापसी हुई और उन्होंने अंतिम मैच में 41 गेंदों पर 75 रनों की पारी खेलते हुए सीरीज में मंधाना के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज के रूप में सीरीज का समापन किया। शेफ़ाली ने 158.55 के स्ट्राइक रेट और 35.20 की औसत से कुल 176 रन बनाए जिसमें 20, 3, 47, 31 और 75 रनों की पारी शामिल है। उनके दोनों सबसे बड़े स्कोर उस मैच में आए जिसमें भारत हार गया। द ओवल और एजबस्टन दोनों ही जगह इंग्लैंड ने अंतिम गेंद पर जीत हासिल की। शेफाली द्वारा अपनी टीम को 19 रन पर 2 विकेट से 167 रन पर 7 विकेट तक पहुंचाने में मदद करने के बाद, मेजबान टीम को इंग्लैंड में महिला टी-20 मैचों में जीत हासिल करने के लिए सबसे सफल लक्ष्य का पीछा करना पड़ा।

# मैं अभी और टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं: रहाणे



● **मेरे अंदर टेस्ट क्रिकेट खेलने का जुनून बाकी है और इस समय मैं अपने क्रिकेट का लुत्फ उठा रहा हूं**

**नई दिल्ली, वार्ता।** 37 वर्षीय अजिंक्य रहाणे ने पिछले दो वर्षों से कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है लेकिन उनके अंदर टेस्ट क्रिकेट खेलने की भूख और जुनून अभी बाकी है। उन्होंने इस संबंध में चयनकर्ताओं से संपर्क करने की कोशिश भी की थी लेकिन उन्हें चयनकर्ताओं की ओर से कोई जवाब नहीं मिला।

रहाणे इस समय लंदन में हैं और उन्हें स्काई स्पोर्ट्स में नासिर हुसैन और माइकल आथर्टन से बात करते हुए कहा कि मैं अभी भी टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मेरे अंदर टेस्ट क्रिकेट खेलने का जुनून बाकी है और इस समय मैं अपनी क्रिकेट का लुत्फ उठा रहा हूं। मैं यहां सिर्फ कुछ दिनों के लिए आया हूं और अपने ट्रेनिंग के कपड़े भी साथ लाया हूं ताकि मैं खुद को फिट रख सकूं। हमारा घरेलू सीजन शुरू होने वाला है इसलिए तैयारी अभी शुरू ही हुई है। जब रहाणे से पूछा गया कि विरोट कोहली और रों. हत शर्मा सरीखे सीनियर खिलाड़ियों के संन्यास के बाद भारतीय टीम युवा खिलाड़ियों पर ध्यान केंद्रित कर रही है ऐसे में उनके सामने टेस्ट में वापसी करने के लिए कैसी चुनौतियां हैं तो उन्होंने कहा कि उनका ध्यान सिर्फ उन चीजों पर है जिन पर उनका नियंत्रण है। नए कप्तान शुभमन गिल ने कोहली की जगह चौथे नंबर पर ले ली है, जबकि उप-कप्तान ऋषभ पंत पांचवें नंबर पर आ गए हैं।

पुराने खिलाड़ियों में से, के एल राहुल ही एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जो अभी भी चयनकर्ताओं की योजनाओं में मजबूती से शामिल हैं। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद, रहाणे बेफिक्र हैं और घरेलू क्रिकेट के प्रति अपने समर्पण के जरिए वापसी की कोशिश कर रहे हैं। टेस्ट टीम से बाहर होने के बाद से, रहाणे ने लगातार दो रणजी ट्रॉफ़ी सीजन में मुंबई का नेतृत्व किया है, जिसमें टीम ने 2023-24 में अपना 42वां खिताब जीता, जबकि 2024-25 में उपविजेता रही। वह सैयद मुश्ताक अली (टी-20) खिताब जीतने वाली मुंबई टीम का भी हिस्सा थे। रहाणे ने 2024-25 के रणजी सीज़न में 14 पारियों में 35-92 की औसत से एक अर्द्धशतक और एक शतक सहित 467 रन बनाए। वह निराशाजनक आईपीएल 2025 के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे, जहां उनकी टीम 10 टीमों में से आठवें स्थान पर रही। रहाणे ने 14 पारियों में 147-27 के स्ट्राइक रेट से 390 रन बनाए। रहाणे ने कहा कि मैं सिर्फ उन्हीं चीजों पर ध्यान केंद्रित करना चाहता हूं जो मेरे नियंत्रण में हैं। सच कहूं तो मैंने इस संबंध में चयनकर्ताओं से बात करने की कोशिश भी की लेकिन बतौर खिलाड़ी ऐसी चीज़ें मेरे नियंत्रण में नहीं होती। मुझे कोई जवाब नहीं मिला। एक क्रिकेटर के तौर पर मैं बस इतना ही कर सकता हूं कि मैं क्रिकेट खेलूं, खेल का आनंद लूं और हर मौके पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करूं।

● **ग्रेट खली ने बेटियों को समर्थन देने की अपील की**

# लोगों को अपनी सोच बदलने की जरूरत: दलीप सिंह राणा

● **हम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं की बात करते है तो ऐसी घटनाएं उस सोच को झटका देती है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रेसलर और बीजेपी नेता दलीप सिंह राणा, जिन्हें द ग्रेट खली के नाम से जाना जाता है। उन्होंने फिटनेस और बेटियों के सशक्तिकरण को जरूरी बताया। रविवार को खली फिट इंडिया संडे आन साइकिल' इवेंट में शामिल हुए। खली ने कहा, यहां आकर गर्व महसूस हो रहा है। मैं युवाओं को साइकिल चलाते देख रहा हूं, जो हमारे प्रधानमंत्री के फिट इंडिया सपने को साकार कर रहा है। भारत तभी विश्वगुरु बन सकता है जब हमारे लोग फिट हों। सभी को दिन में कम से कम एक घंटा अपनी फिटनेस को देना चाहिए। कार्यक्रम में खली उस समय भावुक हो गए जब उन्होंने 25 साल की राधिका यादव की हत्या पर बात की। उन्होंने कहा, यह बहुत दुखद घटना है कि एक पिता ने अपनी ही बेटी की हत्या कर दी। जब हम 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की बात करते हैं तो ऐसी घटनाएं उस सोच को झटका देती हैं। खली ने कहा कि भारत तब तक विश्वगुरु नहीं बन सकता जब तक बेटियों को समर्थन नहीं मिलेगा। मेरी खुद की एक बेटी है। बेटियां किसी से कम नहीं होतीं। यह केवल सोच की बात है जिसे कुछ लोगों को अभी भी बदलने की जरूरत है। हमें बेटियों का साथ देना चाहिए और उन्हें खेलों के लिए प्रेरित करना चाहिए। 25 साल की टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की गुरुग्राम के सेक्टर 57 में उसके पिता दीपक यादव ने गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच राधिका की टेनिस अकादमी को लेकर विवाद हुआ था। राधिका के शरीर पर कई गोली के निशान मिले। 11 जुलाई को गुरुग्राम में पोस्टमार्टम के बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस एक म्यूजिक वीडियो की भी जांच कर रही है।

# रोमांचक मुकाबले में आखिरी गेंद पर हारी टीम इंडिया

● **भारत ने 3-2 से सीरीज अपने नाम कर ली, श्रीचरणी को प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया**




**बर्मिंघम, वार्ता।** शार्लेट डीन (तीन विकेट), सोफी एकल्सटन (दो) विकेट की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद सोफिया डंकली (46) और डेनिएल वायट (56) रनों की शानदार पारी की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने पांचवें टी-20 मुकाबले में भारत को पांच विकेट से हरा दिया। हालांकि भारत ने 3-2 से सीरीज अपने नाम कर ली। भारतीय महिला टीम ने पहली बार इंग्लैंड जाकर कोई टी-20 सीरीज जीती है।

168 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड के लिए सोफिया डंकली और डेनिएल वायट की सलामी जोड़ी ने शतकीय साझेदारी कर टीम के जीत की नींव रखी। 11वें ओवर में राधा यादव ने सोफिया डंकली 30 गेंदों में (46) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। अगले ही ओवर में दीप्ति शर्मा ने डेनिएल वायट 37 गेंदों में (56) को आउटकर भारत की उम्मीदों को जगाया। इसके बाद 16वें ओवर में दीप्ति ने माया बाउचियर (16) को आउट कर इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। अरुंधति रेड्डी ने 20 ओवर में कप्तान टैमी बोमॉन्ट 20 गेंदों में (30) और एमी जोंस (10) को आउटकर मैच को रोमांचक बना दिया। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने आखिरी दो गेंदों पर दो सिंगल्स लेकर स्कोर 168 कर अपनी टीम को रोमांचक जीत दिला दी। राधा यादव और आखिरी ओवर में उनका वह कैच बार-बार याद किया जाएगा क्योंकि उन्होंने दबाव में बेहतरीन प्रदर्शन किया। हालांकि भारतीय टीम यह सीरीज 3-2 से जीत ली। मैच में तीन महत्वपूर्ण विकेट लेने वाली शार्लेट डीन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' और सीरीज में 10 विकेट लेने वाली श्री चारणी को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। भारत की ओर से अरुंधति रेड्डी और दीप्ति ने दो-दो विकेट लिए। राधा यादव ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड की महिला टॉस जीतकर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने शेफ़ाली वर्मा (75) और ऋचा(24) की शानदार पारियों के दम पर निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 167 रनों का स्कोर खड़ा किया।

# कांवड़ मेले में नहीं बजेंगे नियम विरुद्ध डीजे

## पुलिस ने मंगलौर से तीन दर्जन से अधिक डीजे को वापस लौटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कांवड़ में नियमों का पालन करवाने के लिए पुलिस सख्त है। वहीं इसी कड़ी में तय मानको से ऊपर डीजे लाने वालों पर हरिद्वार पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए मंगलौर क्षेत्र से 3 दर्जन से अधिक डीजे उतरवाकर वापस भिजवाये हैं।

जानकारी के अनुसार कांवड़ में नियमों का पालन करवाने के लिए पुलिस सख्त है। कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्वक सम्पन्न करने में जुटी हरिद्वार पुलिस लगातार अलर्ट मोड पर काम कर रही है। वहीं इस बार डीजे को लेकर भी पुलिस द्वारा मानक तय किए गए हैं। इसी क्रम में मंगलौर क्षेत्र में तय मानकों से अधिक क्षमता वाले डीजे सिस्टम लाने वालों पर सख्त कार्रवाई की गई। हरिद्वार पुलिस ने आज तीन दर्जन से अधिक डीजे सिस्टम मौके पर उतरवाकर उन्हें वापस भेज दिया। यह सभी डीजे तय ध्वनि सीमा, साइज एवं नियमों के विरुद्ध पाए गए थे। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कोई भी डीजे तय मानकों के विपरीत पाया गया तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी, जिसमें डीजे को सीज करना, वाहन



जब्त करना और आवश्यकता अनुसार अभियोग दर्ज करना शामिल है।

## कांवड़ यात्रा में पागल बनकर घूम रहे

# यूपी के हिस्ट्रीसीटर को पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** शातिर अपराधी हिस्ट्रीशीटर पागल का भेष बनाकर घूम रहा था जिसको जीआरपी पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ करने पर पता चला है कि वह उत्तर प्रदेश में हिस्ट्री सीटर है उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक रेलवे तृप्ति भट्ट ने कावड़ यात्रा के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी और असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया था रुड़की जीआरपी पुलिस चौकी प्रभारी



प्रीति करणवल हेड कांस्टेबल सतवीर सिंह अनिरुद्ध त्यागी कांस्टेबल अभिषेक के साथ प्लेटफार्म पर ग्रस्त कर रही थी प्लेटफार्म पर घूम रहे एक व्यक्ति की गतिविधियां उन्हें संदिग्ध लगी काफी देर तक निगरानी करते हुए पुलिस के द्वारा उसको पकड़ लिया गया उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक छूरा बरामद हुआ पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम अभिषेक शुक्ला निवासी कुम्हरन टोला थाना गोला गोकर्णनाथ जनपद लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश बताया जीआरपी पुलिस के उत्तर प्रदेश से संपर्क करने पर पता चला कि पकड़ा गया आरोपी हिस्ट्रीशीटर है उसके खिलाफ कई गंभीर मुकदमे पंजीकृत है उत्तर प्रदेश पुलिस के द्वारा उसे जिला बदर भी किया गया है लक्सर जीआरपी थाना अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## कांवड़ यात्री की उपचार के दौरान मौत

**मंगलौर।** संदिग्ध परिस्थिति में बेहोशी की हालत में मिले एक वृद्ध कांवड़ यात्री दिल्ली के गोविंदपुरी कॉलोनी निवासी विजय कुमार (67) की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है। साथ ही मृतक के परिजनों को भी सूचना भेज दी है। शुक्रवार को देर शाम मंगलौर कांवड़ पटरी पर लिब्बरहेड़ी गांव की ओर जाते हुए एक कांवड़ यात्री बेहोशी की हालत में मिला था। उसे एंबुलेंस की मदद से सीएचसी मंगलौर पर भर्ती कराया गया। वहां से चिकित्सकों ने रुड़की सिविल अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाल शांति कुमार गंगवार ने बताया कि वृद्ध यात्री कांवड़ पटरी पर बेहोशी की हालत में मिला था।

# इनाम का सहारा : रुड़की में आगे-आगे नशा तस्कर और पीछे-पीछे पुलिस

## 15 अप्रैल से एनडीपीएस में शामिल अपराधी है फरार

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** शहर में नशा तस्करों की धरपकड़ में पुलिस कितनी गंभीर है। यह अंदाजा अब वांछित तस्करों पर इनाम घोषित करने की ट्रिक से जाहिर हो रहा है। अप्रैल में एक कार सवार से नशीले इंजेक्शनों की भारी खेप पकड़ी गई थी। नशे के कारोबार में अन्य लोगों के भी नाम पते और फोन नंबर प्रकाश में आए थे। अब पुलिस ने एनडीपीएस में शामिल तीन तस्करों पर शिकंजा करने के लिए 15-15 हजार रुपये के इनाम घोषित कर दिए हैं।

रुड़की कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 15 अप्रैल 2025 को एक कार सवार को डमडम चौक के पास रोका था। तलाशी में कार से 2915 नशीले इंजेक्शन और 50 हजार की रकम बरामद की थी। पूछताछ में कार चालक सुलेमान निवासी गांव बुढाहेड़ी थाना पथरी जिला हरिद्वार ने बताया था कि वह नशे के कारोबार से जुड़ा है। मनोज निवासी मुजफ्फरनगर से एक लाख रुपये में नशे के इंजेक्शन खरीदने की बात कही थी। जबकि कबूल किया था कि खुर्शीद, नूरआलम मुदस्सिर और आस मोहम्मद निवासी गांव बुढाहेड़ी थाना पथरी भी नशे के धंधे से जुड़े हैं। तभी से पुलिस नशे के कारोबार में शामिल तस्करों की गिरफ्तारी के प्रयास में लगी थी। सुलेमान की गिरफ्तारी के बाद से नशे में शामिल अन्य तस्कर भी फरार है। अब पुलिस ने तीन तस्करों को एनडीपीएस में वांछित होने पर इनामी घोषित कर दिए हैं। इंस्पेक्टर मनी भूषण श्रीवास्तव ने खुर्शीद, नूरआलम और मुदस्सिर पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित होने की पुष्टि की है।

# ऑपरेशन कालनेमी : नारसन पुलिस ने एक संदिग्ध दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुरुकुल नारसन।** ऑपरेशन कालनेमी के तहत एक संदिग्ध गिरफ्तार विधिक कार्रवाई जारी है। प्रचलित कावड़ मेला में भेष बदलकर कावड़ मेला संपन्न कराने में व्यवधान डालने वालों के विरुद्ध माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड द्वारा ऑपरेशन कालनेमी चलाया जा रहा है जिसमें पुलिस द्वारा टीम में बनाकर प्रत्येक संदिग्ध पर नजर रखी जा रही है आज दिनांक 13.7.2025 को नारसन हाईवे पर एक व्यक्ति भेष बदलकर भोले की ड्रेस में संदिग्ध अवस्था में घूम रहा था आने जाने वाले कावड़ियों व लोगों से अभद्र व्यवहार कर रहा था उक्त व्यक्ति को काफी समझाने का प्रयास किया परंतु व नहीं माना जिसको गिरफ्तार किया गया यह व्यक्ति जिसका नाम महेश पुत्र मांगेराम निवासी नारसन खुर्द कोतवाली मंगलौर हरिद्वार जो की पहनावा बदलकर कावड़ मेला को प्रभावित करने का प्रयास कर रहा था निश्चित ही यदि उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार न किया जाता तो यह किसी बड़ी घटना को अंजाम दिला सकता था।

# जान जोखिम में डालकर विद्युत खंबे पर चढ़कर काम कर रहे कर्मचारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुरुकुल नारसन।** नारसन में हाल ही में बिजली की लाइन ठीक करते समय एक ठेकेदार के अधीन काम कर रहे युवक की खंभे से गिरकर हुई दर्दनाक मौत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया था। इस हृदय विदारक घटना को अभी ज्यादा दिन नहीं हुए हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि इसके बावजूद नारसन में बिजली विभाग के कर्मचारी या ठेकेदारों के अधीन काम करने वाले युवक अभी भी बिना किसी उचित सुरक्षा उपकरण के बारिश के मौसम में भी बिजली के खंभों पर चढ़कर काम करते देखे जा रहे हैं।

यह स्थिति गंभीर सवाल खड़े करती है: क्या हाल ही में हुए हादसे से कोई सबक नहीं लिया गया है? क्या बिजली विभाग और ठेकेदार अपने कर्मचारियों की जान की परवाह नहीं करते? प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आज भी कई जगहों पर कर्मचारी न तो हेलमेट पहने दिख रहे हैं, न ही सुरक्षा बेल्ट का इस्तेमाल कर रहे हैं। बारिश में फिसलन भरे खंभों पर चढ़ना और भी खतरनाक हो जाता है, और ऐसे में बिना सुरक्षा उपकरणों के काम करना सीधे-सीधे मौत को दावत देने जैसा है।

# एसोसिएशन ऑफ एलायंस क्लब ने किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** एसोसिएशन ऑफ एलायंस क्लब इंटरनेशनल रुड़की क्लब द्वारा मोहिनी देवी डिग्री कॉलेज के प्रांगण मे वृक्षारोपण का कार्य किया गया. जिसमे अनेको प्रकार के पौधे लगाए गए। जिसमें आंवला,पारिजात,पापड़ी,कचनार,कपूर,बोतल ब्रश, जामुन, चंपा, अर्जुन, लगास्टोमिया आदि औषधीय, पौधे एवं फल, फूल के पौधे लगाए गए है। इन पौधों की देखभाल कॉलेज निदेशक डॉ योगेश सिंघल द्वारा कॉलेज के माध्यम से की जाएगी।

क्लब के अध्यक्ष डॉ योगेश सिंघल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ माँ के नाम की श्रृंखला में यह कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने अपनी माँ के नाम पर एक एक पेड़ लगाया। सचिव योगेश गोयल गोयल ने सभी का धन्यवाद किया।

एलायंस क्लब की वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनीता गुप्ता ने कहा की आपने समाज सेवा, राष्ट्र सेवा मे एक महत्वपूर्ण कार्य किया है। कार्यक्रम में अरविन्द गुप्ता, अनीता गुप्ता, दिनेश पंवार, प्रवीण सिंधु, अजय कंसल, विवेक गुप्ता, योगेश सिंघल, योगेश गोयल, राजीव गोयल बिटिया निहारिका गोयल उपस्थित हुई।

# कांवड़ मेले की तैयारियों का अधिकारियों ने लिया जायजा

## एसडीएम डीएस नेगी व क्षेत्राधिकारी नरेंद्र पंत ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आगामी श्रावण कांवड़ मेले को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी कड़ी में रविवार को रुड़की के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) देवेंद्र सिंह नेगी और क्षेत्राधिकारी नरेंद्र पंत ने कांवड़ मार्ग और व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने रास्तों की साफ-सफाई, जलभराव की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य शिविरों की तैयारियों और ट्रैफिक प्रबंधन जैसे



महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहनता से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। एसडीएम देवेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। वहीं क्षेत्राधिकारी नरेंद्र पंत ने पुलिस बल को सतर्क रहते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर पालिका, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासन की यह सक्रियता आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं के लिए एक सुरक्षित और सुव्यवस्थित यात्रा का मार्ग प्रशस्त करेगी।

# संदिग्ध परिस्थिति में छात्र लापता, दोस्तों से पूछताछ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** एक निजी कॉलेज में पढ़ाई कर रहा शामली निवासी छात्र संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वहीं, पुलिस ने छात्र के दोस्तों से भी पूछताछ की है। इसके अलावा पांच जुलाई को एक किशोर लापता हो गया। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बृहस्पतिवार को शामली के हसनपुर लुहारी निवासी अर्पित सैनी लापता हो गया। वह माजरा में रहकर एक निजी कॉलेज में पढ़ रहा है। परिजनों ने आरोप लगाया कि उसके दोस्त कमरे से बुलाकर ले गए थे। इसके बाद वह वापस नहीं आया। शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली है लेकिन अब तक छात्र का कुछ पता नहीं चल सका है। उधर, दूसरे मामले में खटका गांव निवासी पीड़ित ने शिकायत की है। उन्होंने बताया कि एक किशोर पांच जुलाई की शाम को बिना बताए कहीं चला गया। उसका अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है।

# पैसे मांगने पर मारपीट पांच पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** पैसे मांगने पर आरोपियों ने दो युवकों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और हमला कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

पिरान कलियर के रोलाहेड़ी निवादा निवासी दिलशाद ने शिकायत की। उन्होंने बताया कि उसके बेटे अब्दुल और माजिद को गांव निवासी मुद्दासिर अपने रिश्तेदार आमिर के साथ वेल्डिंग का काम कराने देहरादून लेकर गए। उन्होंने उसके दोनों बेटों से करीब 17 दिन तक काम कराया। इसके लिए रकम में से छह हजार रुपये रख लिए। उन्हें एक दो दिन बाद देने का वादा किया। इसके बाद पीड़ितों ने पैसे वापस मांगे तो गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और धारदार हथियार व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी आदिल, मुद्दासिर, हुसैन, मुज्जमिल निवासीगण रोलाहेड़ी निवादा और आमिर निवासी खेलपुर भगवानपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पुलिस ने दस किलो गोमांस के साथ एक तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक गोमांस तस्कर को गिरफ्तार किया गया है उससे 10 किलोग्राम गोमांस बरामद हुआ है।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में कावड़ मेले के दृष्टिगत अपराधिक गतिविधियों में सलीप्त अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियों गोमांस तस्करों व असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाए जाने के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई 12 जुलाई 2025 को गठित पुलिस टीम के द्वारा नगला खुर्द जाने वाले रास्ते से एक व्यक्ति गोमांस ले जाने की फिराक में था पुलिस टीम द्वारा मौके पर आसपास कड़ी निगरानी रखते हुए उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया उसके कब्जे से करीब 10 किलो गोमांस बरामद हुआ पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम याकूब पुत्र मकसूद निवासी ग्राम रणसुरा कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया मौके से उसका एक साथी पर्वश पुत्र शहिद निवासी ग्राम मगरूमपुर थाना बहादराबाद हरिद्वार फरार हो गया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह कांस्टेबल संदीप रावत सौदीश कुमार शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है फरार व्यक्ति की धर पकड़ जारी है।


**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र शमीम ने दूसरे समुदाय की लड़की से शादी कर ली है उसका आचरण मेरे में मेरे परिवार के प्रति ठीक ना हो ने के कारण मैं शमीम को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं आज के बाद शमीम के किसी भी लेनदेन व अनैतिक कार्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**मर्जीना पत्नी स्व. निजामुद्दीन नि. ग्राम जवाहर खान उर्फ झीवरहेडी पोस्ट सुल्तानपुर थाना व तहसील लक्सर हरिद्वार।**


# ऑपरेशन कालनेमिः पुलिस ने कलियर क्षेत्र से 5 ढोंगी बाबा पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर। ऑपरेशन** कालनेमि के तहत रविवार को भी पुलिस ने कलियर क्षेत्र से 5 ढोंगी बाबाओं को गिरफ्तार किया हैं।

जानकारी के अनुसार फर्जी और ढोंगी बाबाओं के खिलाफ जिले में ऑपरेशन कालनेमि अभियान चलाया जा रहा है। पिरान कलियर में एसओ रविंद्र कुमार के नेतृत्व में रविवार को भी अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने कलियर कालनेमि के तहत 5 और ढोंगी बाबाओं को गिरफ्तार किया है। एसओ रविंद्र कुमार ने बताया कि झाफर निवासी खडखोडी थाना कुलई बाजार जिला महाराज गंज यूपी ,साबिर निवासी मोहल्ला व थाना कडजन बाजार जिला सिपोल



बिहार,सलीम निवासी कटरा पठानान थाना दक्षिण फिरोजाबाद यूपी,भीम सैन निवासी जहांगीर पुरी नई दिल्ली,मोहम्मद हसन निवासी ग्राम दाह थाना दोघट जिला बागपत हाल निवासी बेडपुर थाना कलियर को गिरफ्तार किया है।उन्होंने बताया कि सरकार की और से चलाए जा रहे ऑपरेशन कालनेमि के तहत ऐसे ढोंगी बाबाओं जो साधु संतों के वेश धारण कर जनता की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते उनको चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही हैं।आगे भी अभियान जारी रहेगा

# रोटरी क्लब ने हरेला पर्व के उपलक्ष्य में किया पौधारोपण

## पौध के वृक्ष बनने तक देखभाल सबकी जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रोटरी क्लब रुड़की सेंट्रल ने आज हरेला पर्व के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए आनन्द स्वरूप आर्य सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शपथ ली गई कि पौधा जब तक वृक्ष न बन जाए, तब तक उसकी देखभाल हमारी सामूहिक जिम्मेदारी।

क्लब अध्यक्ष रोटेरियन आदर्श कपानिया ने कहा कि हरेला पर्व हमें न केवल हरियाली की महत्ता बताता है, बल्कि यह भी सिखाता है कि प्रकृति हमारी सबसे बड़ी धरोहर है। रोटरी क्लब रुड़की सेंट्रल वर्षभर इसी सोच के साथ समाज और पर्यावरण के लिए कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में क्लब सदस्यों ने अधिकाधिक वृक्षारोपण करने और उनकी सतत देखभाल करने का संकल्प लिया। इस अभियान ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि हर छोटा प्रयास भी एक बड़ी हरियाली की ओर कदम हो सकता है।

कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक एव रोटरी सदस्य डॉ रजत अग्रवाल का सहयोग रहा। डॉ एलपी सिंह, मयंक गुप्ता ने शुभकामनाएं संदेश देकर क्लब सदस्यों का उत्साहवधन किया। कार्यक्रम में क्लब संरक्षक विजय कुमार एव पीके गुप्ता, डॉ.अचल मित्तल, डॉ.रजत अग्रवाल,अनिल चड्ढा, दिनेश पंवार, दिनेश खत्री, सतीश गर्ग, दीपक अग्रवाल, अंशुल जैन, सचिव डॉ.देवेश भीमसारिया,



कोषाध्यक्ष दीपक शर्मा, पायल अग्रवाल, विजया खत्री,गरिमा चड्ढा, मोनिका कपानिया, डॉ साक्षी भीमसारिया, हेमलता शर्मा, ईशा कपानिया, रिधिमा अग्रवाल, अध्या अग्रवाल, आरिका, प्रधानाचार्य अमरदीप सिंह, शमा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, योगेश शास्त्री, राजेश चौहान, जसवीर सिंह पुंडीर, मौजूद रहे।

# दरोगा ने गंगा में फंसे किशोर की जान बचाई

## खाना भी खिलाया, जनता कर रही एसआई अखलाक मलिक व टीम की सराहना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कांवड़ यात्रा के दौरान एक बार फिर पुलिस की सतर्कता और इंसानियत का बेहतरीन उदाहरण सामने आया है। गंगा में डूबने की कगार पर बैठे एक किशोर को सब इंस्पेक्टर इकलाख मलिकऔर उनकी टीम ने समय रहते मौत के मुंह से खींचकर बाहर निकाला।

यह घटना उस समय हुई जब गंगा किनारे भारी भीड़ के बीच एक किशोर गहरे पानी में बैठा था और अचानक असंतुलित होकर बहाव में जाने लगा। मौके पर तैनात पुलिसकर्मी तुरंत हरकत में आए और बिना समय गंवाए जान की परवाह किए बगैर गंगा में छलांग लगाकर किशोर को सुरक्षित



बाहर निकाल लिया। इतना ही नहीं, इसके बाद सब इंस्पेक्टर इकलाख मालिक और उनकी टीम ने रास्ते में भूखे बैठे भोलेभक्तों को भोजन भी कराया। पुलिस की इस मानवता भरी पहल की चहुंओर प्रशंसा हो रही है। स्थानीय लोग और श्रद्धालु जहां इस बहादुरी के लिए पुलिस का धन्यवाद कर रहे हैं, वहीं सोशल मीडिया पर भी इस सराहनीय कार्य की खूब चर्चा हो रही है।

कांवड़ यात्रा के दौरान जहां पुलिस का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है, वहीं ऐसी घटनाएं यह दर्शाती हैं कि वे केवल कानून के रखवाले ही नहीं, बल्कि मानवता के भी सच्चे सेवक हैं।

# सम्पादकीय

सोमवार, 14 जुलाई 2025

## दुनिया में बढ़ती अशांति

दुनिया के हालात इस समय बेहद डरावने हैं। रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमास के बीच युद्ध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ईरान के साथ इजरायल का 12 दिन का युद्ध हो चुका है, लेकिन यह कभी भी भड़क सकता है। शांति की आवाजें बेहद कमजोर दिखाई दे रही हैं। इस बीच खबरें आ रही हैं कि चीन ताईवान पर हमला कर सकता है। उत्तर कोरिया के आसपास भी अमेरिका के नेतृत्व में जापान और द. कोरिया सैन्य जमावड़ा कर रहे हैं। इस पर रूस ने सीधे धमकी भी दी है और कहा है कि उ. कोरिया के खिलाफ सैन्य गठबंधन न बनाया जाए। रूस ने अमेरिका, साउथ कोरिया को सीधी चेतावनी दी है। रूस के विदेश मंत्री सरगेई लावरोव इस समय उ. कोरिया के तीन दिवसीय दौरे पर हैं।

वहीं से उन्होंने चेतावनी दी है। जैसाकि हम जानते हैं कि उ. कोरिया रूस को यूक्रेन के साथ युद्ध में हर संभव सहायता दे रहा है। जहां तक कि अपने सैनिक भी। 11 हजार सैनिक लड़ने के लिए पहले ही रूस भेज चुका है और बताया जा रहा है कि 25 से 30 हजार सैनिक और भेजने की तैयारी चल रही है। यूक्रेनी खुफिया एजेंसी का दावा है कि उ. कोरिया और रूस की रणनीतिक मुद्दों पर एकजैसी सोच है। ऐसा भी कहा जाता है कि रूस और उ. कोरिया के बीच एक डील हो चुकी है। इस डील में कहा गया है कि उ. कोरिया या फिर रूस पर हमला किया तो उसे दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। ऐसे में दोनों देश मिलकर लड़ेंगे। उधर, अमेरिका ने आस्ट्रेलिया और जापान से बात की है।

इस बातचीत में उनसे पूछा गया है कि अगर चीन पर हमला किया, तो कौन साथ देगा। एक अखबार में छपी रिपोर्ट में अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने नीति उपसचिव एलब्रिज कालबी के हवाले से कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति की अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत अपने सहयोगी देशों से बात हुई है। इस बातचीत में उन्होंने जापान और आस्ट्रेलिया से अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने के लिए कहा है। हालांकि आस्ट्रेलिया ने साफ किया कि वह अभी यह नहीं कह सकता कि अगर ताईवान को लेकर युद्ध हुआ तो वह अमेरिका का साथ देगा या नहीं। आस्ट्रेलिया रक्षा मंत्री पैट कानरोय ने कहा कि उनका देश ऐसे काल्पनिक हालातों पर सार्वजनिक रूप से बात नहीं करता। वहीं जापान की ओर से भी अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। चीन-ताईवान के बीच झगड़ा दशकों पुराना है। 1949 में ताईवान ने खुद को चीन से अलग स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया था। इसी के चलते दोनों के बीच वर्षों से टकराव की स्थिति बनी है और यह मुद्दा वैश्विक भू-राजनी तिक चिंता का विषय बन गया है। इन तमाम बातों से साफ हो जाता है कि कई देशों के बीच युद्ध जारी है और यह थमने का नाम नहीं ले रहा। इनके अतिरिक्त और अन्य देशों में भी संघर्ष छिड़ने के हालात पैदा हो रहे हैं। जाहिर है कि पूरी दुनिया के लिए स्थिति ठीक नहीं है। सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि जिन बड़े देशों पर विश्व में शांति स्थापित करने की जिम्मेदारी है वही युद्धों में उलझे हुए दिखाई दे रहे हैं।

## भाषाई आधार पर होने वाली हिंसा घातक



देश में भाषा विवाद को लेकर हो रही हिंसा घातक है, केंद्र सरकार को इस पर संज्ञान लेकर लोगों के जान माल की सुरक्षा करनी चाहिए, ऐसा तब होता है जब धर्म, क्षेत्र, जाति और भाषा आदि की संकीर्ण राजनीति लोगों की देशभक्ति व उनके देश प्रेम पर हावी होने लगती है, देश के विभिन्न राज्यों में पुल व एक्सप्रेस वे में बढ़ रही दुर्घटनाओं व उनके जानमाल की क्षति को रोकने के लिए सरकारों को आगे आना चाहिए, इससे जनता का विश्वास डगमगाता है, सरकारों को जनता की मुश्किलें कम करने के लिए महंगाई और बेरोजगारी कम करने और उनका जीवन आसान बनाने के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी काम करना चाहिए।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# फलक को छूने की ख्वाहिश वेव्स ओटीटी



**प्रादेशिक स्तर पर एक नया प्लेटफॉर्म खुला और नीम का पेड़, बीबी नातियों वाली जैसे धारावाहिकों ने कंटेंट के लिहाज से एक अलग ही लड़ाई शुरू कर दी थी। वह दौर क्या एक बार फिर लौटेगा और फिर से वही दौर लौटने की आहट ने मंडी हाउस के आसपास के कई थिएटरों-कमानी ऑडिटोरियम, एलटीजी ऑडिटोरियम, राम सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स, त्रिवेणी कला संगम में भी थिरकन पैदा कर दी है, क्योंकि वेव्स ने सैकड़ों कलाकारों को उम्मीदों से भर दिया है। वह ऐसे नए कंटेंट्स की तलाश में लग गया है जिसे परिवार के साथ भी बैठ कर देखा जा सकता है।**



पवन सिंह

**फलक को छूने की ख्वाहिश हजार दिल में लिए कि सरगिरां है हमारी उड़ान भी हम भी...**

नबील अहमद नबील साहेब का यह शेर है जो दूरदर्शन की नई अंगड़ाईयों पर मौजू है। दूरदर्शन अब अपनी परंपरागत छवि को बरकरार रखते हुए एक नई लड़ाई के लिए मैदान में उतर चुका है। दूरदर्शन जिस तरह के विविधतापूर्ण कंटेंट्स को लेकर वेव्स के जरिए इंटरटेनमेंट के विशालकाय समर में उतरा है। उसने तमाम ओटीटी प्लेटफार्मों में खलबली मचा दी है।

वेव्स ओटीटी ने बेहतरीन कंटेंट्स के साथ मनोरंजन के क्षेत्र में एक ऐसी प्रतिस्पर्धा का बिगुल फूंक दिया है कि आने वाले एक साल के भीतर अन्य ओटीटी प्लेटफार्मों को भी यह सोचना पड़ेगा कि केवल गालियां, हिंसा, बलात्कार, सेक्स ही ओटीटी का मूल विषय नहीं हो सकता, बल्कि तमाम ऐसे सब्जेक्ट हैं जिन्हें न तो छिपकर देखने की जरूरत है और न कान में लीड लगाकर।

बदलाव की इस आहट से दिल्ली में मंडी हाउस के आसपास फैला सन्नाटा अब टूटने लगा है। एक बार फिर से मंडी हाउस के बाहर निर्माता-निर्देशकों और कलाकारों की आवा-जाही शुरू हो गई है। मंडी हाउस एक बार फिर से 1984 और 1996 के उस वक्त की याद दिलाने लगा है जब यहां पैर रखने की जगह नहीं हुआ करती थी। धारावाहिक हम लोग जो कि 7 जुलाई, 1984 को और बुनियाद जो कि 1986 में प्रसारित हुए थे, ने मंडी हाउस को स्टोरी राइटरों, कलाकारों, निर्माता-निर्देशकों के लिहाज से किसी धार्मिक स्थल के रूप में बदल दिया था।

प्रादेशिक स्तर पर एक नया प्लेटफॉर्म खुला और नीम का पेड़, बीबी नातियों वाली जैसे धारावाहिकों ने कंटेंट के लिहाज से एक अलग ही लड़ाई शुरू कर दी थी। वह दौर क्या एक बार फिर लौटेगा और फिर से वही दौर लौटने की आहट ने मंडी हाउस के आसपास के कई थिएटरों-कमानी ऑडिटोरियम, एलटीजी ऑडिटोरियम, राम सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स, त्रिवेणी कला संगम में भी थिरकन पैदा कर दी है, क्योंकि वेव्स ने सैकड़ों कलाकारों को उम्मीदों से भर दिया है। वह ऐसे नए कंटेंट्स की तलाश में लग गया है जिसे परिवार के साथ भी बैठ कर देखा जा सकता है। दरकते और दहकते हुए सामाजिक ढांचे को फिर से मजबूत करने की दशा व दिशा के साथ वेव्स ओटीटी की एक नई परिभाषा गढ़ना चाहता है। वेव्स भी मोहब्बत की कहानियां ओटीटी पर उतारना चाहता है, लेकिन नजाकत और नफासत के साथ। वेव्स ओटीटी की पहचान बन चुके गालियों और सेक्स व अश्लीलता से बजबजाए हुए आइटम सॉन्ग से इतर नए कंटेंट लेकर आ रहा है। कुछ अतीत कुछ वर्तमान और कुछ भविष्य के कथानकों को समेटकर वेब्स ओटीटी, यह मानक गढ़ना चाहता है कि चोली के पीछे क्या है से इतर कुछ ऐसा गढ़ा-बुना-रचा जाए जो बेटा अपने पिता के साथ और दादा, पोते के साथ देख सके।

इसके अलावा वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म की सबसे बड़ी ताकत है मुफ्त में मनोरंजन प्रदान करना, जिसमें फिल्में, वेब सीरीज, टीवी शो और लाइव टीवी चैनल सब कुछ शामिल है। भारत में करीब 57 ओटीटी प्लेटफॉर्म हैं। भारत में डिज्नी प्लस हॉटस्टार, अमेजन प्राइम वीडियो, नेटफ्लिक्स, ऑल्ट बालाजी, जियो सिनेमा, जी-5, सोनी लिव जैसे कई पॉपुलर ओटीटी प्लेटफॉर्म हैं और इन सभी प्लेटफॉर्म्स के अलग-अलग प्लान्स हैं, जबकि वेव्स ओटीटी का कोई प्लान नहीं है, वह मुफ्त है। ये सारे प्लेटफार्म जहां बोल्ड कंटेंट्स के साथ-साथ, अपराध और भ्रष्टाचार पर जबर्दस्त हमलावर हैं और युवाओं के बीच इसीलिए जगह बना चुके हैं ऐसे में वेव्स ओटीटी इस लड़ाई को कैसे लड़ेगा, यह देखने की बात होगी।

मुंबई के एक प्रसिद्ध धारावाहिक निर्माता-निर्देशक का कहना है वेव्स के पास खुला आसमान है। वो आसानी से महिलाओं, अधेड़ उम्र व बुजुर्ग दर्शकों को अपने कंटेंट के साथ जोड़ सकता है। उसे मेहनत करनी है युवाओं को जोड़ने की। इसके लिए बेहतर होगा कि व्यवस्था पर हास्य-व्यंग्य के जरिए हमलावर हों। जैसे फिर से आफिस-आफिस जैसा धारावाहिक नए रूप में लिया गया है। दूरदर्शन ने अपने दौर में तमाम ऐसे कलाकारों, निर्माता-निर्देशकों को मौका दिया जो आगे चलकर फिल्म इंडस्ट्रीज में छा गए। कुछ नाम मुझे याद आते हैं म्यूजिक-मस्ती और धूम के जरिए नोमान मलिक ने अन्नू कपूर को मौका दिया। सागर सरहदी ने 1977 में यह इश्क नहीं आसां बनाया और फिर फिल्में कभी कभी, सिल. सिला, चांदनी, बाजार, दीवाना, कहो ना प्यार है, जैसी फिल्मों की पटकथा लिखी और बाजार फिल्म का निर्देशन भी किया। फौजी धारावाहिक से शाहरुख खान और कच्ची धूप से भाग्य- का भाग्योदय हुआ। रामानंद सागर, अरुण गोविल, दीपिका चिखलिया, सुनील लाहिरी, बाल कलाकार मयूरेश क्षत्रपति, सुधीर दलवी, और विजयकान्त की पहचान दूरदर्शन से बनी। इसके अलावा मोहन गोखले मिस्टर योगी और भारत एक खोज जैसे धारावाहिकों में अभिनय किया। जसपाल भट्टी फ्लॉप शो जैसे धारावाहिकों के माध्यम से हास्य कलाकार के रूप में प्रसिद्ध हुए। पंकज कपूर कर्मचक्र और ऑफिस ऑफिस जैसे धारावाहिकों में अभिनय किया। शबाना आजमी कथा सागर और अधूरा आदमी जैसे धारावाहिकों में अभिनय किया। कहानीकारों, कलाकारों, निर्माता-निर्देशकों के लिए वेव्स अब एक नई उम्मीद लेकर आया है। सूत्रों के अनुसार वेव्स अब मेगा धारावाहिक लेकर आ रहा है जिसमें फिल्मी दुनियां के बड़े चेहरे शामिल हो रहे हैं, जो एक उम्मीद जगाते हैं कि वेव्स ओटीटी, ओटीटी प्लेटफार्मों पर अपनी एक बड़ी पहचान बनाने की दिशा में कदम बढ़ा चुका है। फहीम जोगापुरी साहेब का एक शेर है-

'वाकिफ कहां जमाना हमारी उड़ान से
वो और थे जो हार गए आसमान से'

# प्रकृति संरक्षण के लिए चाहिए पुरुषार्थ

जल स्रोतों को पुनर्जीवित कर तथा 2025 में 37 करोड़ पौधे लगाकर उत्तर प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयासरत है। इस नीति का अनुपालन करते हुए रामपुर जनपद के जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र भी जमीनी स्तर पर उतरकर कार्य करने में संलग्न है। जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु मिलक क्षेत्र में गंगापुर कदीम से निस्बी तक प्रवाहित होने वाली 51 किमी की नाहल नदी,स्वार क्षेत्र की ऊधम. सिंहनगर से स्वार होते हुए बिलासपुर के घूंघा नदी में मिलने वाली नईया नदी, शाहबाद क्षेत्र में मुरादाबाद -संभल होकर शाहबाद में प्रवाहित होकर बदायूं तक जाने वाली अरिल नदी के साथ चमरौआ क्षेत्र की नील और रेवती नदियों को पुनर्जीवित करने में आपका प्रयास सराहनीय है। मिलक के पजावा में 1400 मीटर लंबी 85,000 वर्ग मीटर में फैली झील को अतिक्रमण मुक्त कराकर पुनर्जीवित करने का भी कार्य किया गया है जो जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



डा. चंद्रप्रकाश शर्मा

प्रकृति हमें देती है जीवन, अपनापन हम भी अपनाएं। विलुप्त हो रहे जलस्त्रोतों को, फिर जीवित कर पुण्य कमाएं। एक वृक्ष प्रति वर्ष लगाकर, पर्यावरण को स्वस्थ बनाएं। संरक्षित हो प्रकृति हमारी, मन में ऐसे भाव जगाएं। सभी कष्ट से मिलेगी मुक्ति, प्रकृति- प्रेम को हम अपनाएं। मेरी स्वरचित यह पंक्तियां प्रकृति संरक्षण का अक्षरशः सार्थक संदेश देती है क्योंकि प्रकृति के प्रति आत्मीयता का भाव हमारी संस्कृति है।

आत्मीय भाव के कारण ही हमने पृथ्वी को मां कहकर पुकारा-माता भूमि, पुत्रोहम् पृथिव्या अर्थात भूमि मेरी मां है और मैं उसका पुत्र हूं। नदियों को मां, पहाड़ों को देवता और पेड़-पौधों को पूज्य मानकर उनकी पूजा की क्योंकि हम योग संस्कृति के उपासक हैं। योग संस्कृति आत्मवत् सर्वभूतेषु की भावना में विश्वास करती है जिससे सर्वे भवन्तु सुखिनः का उद्घोष प्रस्फुटित होता है। योग संस्कृति में आत्मीयता का भाव है और यह सभी के संरक्षण में विश्वास करती है और संतुलन और समन्वय पर बल देने के साथ ही परमार्थवादी है, इसलिए हम प्रकृति से उतना ही लेते हैं जितनी हमारी आवश्यकता होती है किन्तु आज हम पाश्चात्य भोगवादी संस्कृति का अनुगमन कर रहे हैं जिसमें स्वार्थपरता और अर्थ का विशेष महत्व है। यह सुविधाभोगी संस्कृति है जो शोषण, दोहन व अत्याचार पर आधारित हैं। फलतः हमने स्वार्थपरता की भावना और धन की अत्यधिक लालसा के कारण पेड़-पौधों के अंधाधुंध कटान के साथ भूमि, नदियों और पहाड़ों की मिट्टी, रेत, बजरी, खनिज और पत्थरों की प्राप्ति हेतु अतिशय उत्खनन कर रहे हैं जिसके कारण प्रकृति कुपित होकर अनेक प्राकृतिक आपदाओं को जन्म दे रही है और मानव-समाज त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रहा है किन्तु यह सोचने का कष्ट नहीं कर रहा है कि प्राकृतिक आपदाएं हमारे दुष्कर्मों का परिणाम है। प्रकृति भी मानव की तरह संवेदनशील है और आप जैसा उसके साथ व्यवहार करेंगे, वैसा ही प्रत्युत्तर आपको प्राप्त होगा। प्रकृति के पंच महाभूत-धरती,जल, वायु, अग्नि,आकाश से हमारे शरीर का निर्माण हुआ है। प्रकृति के साथ हमारा संवेदनशील, संतुलित व समन्वयकारी व्यवहार ही प्रकृतिक आपदाओं से हमारी रक्षा कर सकता है, किन्तु प्रकृति के प्रति हमारा असंवेदनशील और असंतुलित व्यवहार प्राकृतिक आपदाओं और गम्भीर बीमारियों के आमंत्रण का कारण है। हमारी स्थिति उस व्यक्ति की है जो जिस डाल पर बैठा हैं, उसे ही काटकर मृत्युजन्य परिस्थितियों को आमंत्रण दे रहा हैं। प्रकृति संरक्षण हेतु शासन, प्रशासन और जनता तीनों को मिलकर काम करना होगा। केवल शासन-प्रशासन के भरोसे हाथ पर हाथ रखकर बैठने से काम नहीं चलेगा, क्योंकि शासन की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रशासन अमलीजामा पहनाने हेतु कृत संकल्पित है किन्तु उसमें जनता जनार्दन की सक्रिय भागीदारी नितांत आवश्यक है क्योंकि यह सब उसी के लिए ही किया जा रहा है। आज जब मैं प्राकृतिक दृष्टि से जनपद रामपुर के अपने कस्बे मिलक को देखता हूं तो महसूस करता हूं कि आज से 40 वर्ष पहले हमारे आसपास 5-6 बड़े तालाब, कई कुएं और कल-कल बहती नाहल नदी थी और जब हम 1970-72 में इण्टर कालेज में पढ़ने मीरगंज जाते थे तो वृक्ष- आच्छादित नेशनल हाईवे था जो हरियाली, छाया देने के साथ अनेक पशु-पक्षियों का आश्रय स्थल था किन्तु विकास की अंधी दौड़ में तालाब, नदियां, कुएं मानव कुचेष्टाओं के कारण अतिक्रमण के शिकार हो गए और विकास हेतु वृक्षों का तेजी से कटान हो गया। उसी का परिणाम है कि आज क्षेत्र के भू-जल स्तर में तेजी से गिरावट देखी जा रही है और भविष्य में स्वच्छ जल की किल्लत पैदा हो सकती है। आज हम बोतल का पानी पीने को विवश हैं और वह दिन दूर नहीं है कि हमारी आने वाली संतति इंजेक्शन या कैप्सूल के माध्यम से पीने के पानी की पूर्ति करें या अंतरिक्ष यात्रियों की भांति अपनी पेशाब और अपने पसीने को पुनः चक्रण कर जल पीने को मजबूर हो।

पर्यावरण संरक्षण के लिए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ-साथ प्रकृति को हानि पहुंचाने वाले प्रभावों अर्थात प्रदूषण को कम करना आवश्यकता है।इस हेतु हमें अपने पारितंत्र के जैविक घटक-पौधे, पशु-पक्षी और सूक्ष्म जीव के साथ अजैविक घटक-मिट्टी, पानी और जलवायु के संरक्षण पर विशेष ध्यान देना होगा। वन, तालाब, झील, समुद्र आदि पारितंत्र के अनुपम उदाहरण हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिकी साम्राज्य के प्रबल विरोध का प्रतीक हैं खामेनेई





तनवीर जाफरी

पिछले दिनों खासतौर पर मुहर्रम सम्बन्धी आयोजनों के दौरान भारत सहित दुनिया के और भी कई देशों में 86 वर्षीय ईरानी सुप्रीम लीडर व धार्मिक विद्वान आयतुल्लाह सैयद अली खामनेई के पोस्टर लगाए गए। भारत में इस तरह के पोस्टर प्रायः नगर से लेकर लखनऊ, उन्नाव, बिजनौर, भोपाल व इंदौर जैसे और भी कई शहरों में लगाए गए। इनमें कई जगह तो पुलिस ने इन पोस्टर्स को उतरवा दिया और कई जगहों पर पुलिस ने पोस्टर लगाने वालों को ही समझा बुझा कर इन्हें सार्वजनिक स्थानों से हटाने हेतु प्रेरित किया।

भोपाल व अन्य कई जगहों पर तो आयतुल्लाह खामनेई के चित्र के साथ ही भारतीय तिरंगा भी लगाया गया था। बिजनौर में कुछ युवकों द्वारा आयतुल्लाह का पोस्टर फाड़ने की घटना के अतिरिक्त देश की आम जनता की ओर से इन चित्रों को लेकर कोई आपत्ति नहीं सुनाई दी। यहां तक कि अनेक जगहों पर शिया सुन्नी हिन्दू व सिख सभी समुदायों के लोग आयतुल्लाह सैयद अली खामनेई के पोस्टर हाथों में लिए देखे गए। परन्तु मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष ने जरूर आयतुल्लाह का पोस्टर लगाने को देश विरोधी व राष्ट्रविरोधी बता डाला।

दरअसल ईरानी सुप्रीम लीडर व धार्मिक विद्वान आयतुल्लाह सैयद अली खामनेई पिछले दिनों ईरान, इजरायल के मध्य हुए 12-दिवसीय युद्ध के दौरान अमेरिकी साम्राज्यवाद का मुंह तोड़ जवाब देने की हिम्मत व क्षमता रखने वाले विश्व के इकलौते नेता के रूप में स्थापित हुए हैं। इस युद्ध में इजरायल में लगभग 585 लोग मारे गए और 1,326 घायल हुए, जबकि ईरान में करीब 230 लोग मारे गए जिनमें अधिकांश आम नागरिक थे। युद्ध के नौवें दिन अमेरिका भी इस्राईल के समर्थन में युद्ध में कूदा और उसने ऑपरेशन मिडनाइट हैमरष के तहत ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमले किए। इसके जवाब में ईरान ने भी कतर में अमेरिका के अल-उदीद सैन्य अड्डे पर 6 मिसाइलें दागी। साथ ही यह धमकी भी दे डाली कि वह होर्मुज जलडमरू समुद्री मार्ग को बंद कर देगा। यह संक्षिप्त युद्ध कोई मामूली युद्ध नहीं था बल्कि यह मध्य पूर्व की भू-राजनीति में एक ऐसी महत्वपूर्ण घटना थी, जिसने निश्चित रूप से क्षेत्रीय और वैश्विक शक्ति संतुलन को प्रभावित कर दिया है।

बेशक भारत जैसे कई देशों ने इस युद्ध के दौरान अपना रुख तटस्थ बनाए रखा परन्तु भारत में अमेरिकी साम्राज्यवाद व इस्राईली आतंक का विरोध करने वाला एक बड़ा वर्ग भावनात्मक रूप से ईरान व उसके बुलंद हौसलों के साथ जुड़ा हुआ था। ईरान द्वारा इस्राईल व अमेरिका से टकराने की सराहना इसलिए भी की जा रही है क्योंकि मुस्लिम जगत के 56 देशों के असहयोग व अनेक मुस्लिम देशों के अमेरिका व इस्राईल के समर्थन में खड़े होने के बावजूद ईरान ने इस्राईल व अमे. रिका की किसी धमकी व हमलों की कोई परवाह किए बिना इनके हर हमलों का जवाब उसी तीव्रता से दिया।

ऐसे में अमेरिका व इस्राईल विरोधी भावना रखने वालों का ईरान के पक्ष में खड़े होना स्वाभाविक है। वैसे भी भारत से ईरान के पुराने और गहरे सम्बन्ध रहे हैं। रहा सवाल आयतुल्लाह खामेनेई के चित्र को विदेशी नेता का चित्र बताकर इसका विरोध करना, तो यह तो केवल प्रेरणा हेतु व उनके समर्थन में पोस्टर मात्र लगाए गए थे। वह भी आयतुल्लाह खामनेई के शिया समुदाय के सर्वोच्च धर्मगुरु होने के लिहाज से। परन्तु हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि इसी देश में अनेक जगहों पर ट्रंप के चित्र लगाकर उनके चुनाव में विजई होने की प्रार्थना करने हेतु लोग हवन पूजा भी कर चुके हैं। ट्रंप कौन से स्वदेशी नेता हैं? अबकी बार ट्रंप सरकार के नारे लगवाना, यह राष्ट्रभक्ति की कौन से श्रेणी है? हमारे ही देश में क्यूबा के महान क्रांतिकारी नेता अर्नेस्तो चे ग्वेरा को देश में एक वर्ग अपना आदर्श मानता है। उनके पोस्टर लगता है व उनके चित्र की टी शर्ट पहनता है। कारण सिर्फ एक है कि इसी महान साहसी युवक ने अमरीका के बढ़ते साम्राज्यवाद को 1950-60 के दशक में कड़ी चुनौती दी थी और उस दौरान अमरीका इसे अपना सबसे बड़ा दुश्मन समझता था। परन्तु आज अमेरिकी साम्राज्यवाद का विरोध करने वालों की नजर में चे ग्वेरा एक महान क्रांतिकारी है। भारत में लेनिन व कार्ल मार्क्स के चित्र भी उनके समर्थक लगते रहते हैं। कई जगहों पर तो इनकी आदमकद प्रतिमाएं भी लगी हुई हैं।

दुनिया के अनेक देशों में यहां तक कि ब्रिटेन व अमेरिका जैसे देशों में भी महात्मा गांधी, बाबा साहब भीम राव अंबेडकर, पंडित जवाहर लाल नेहरू जैसे कई प्रतिष्ठित नेताओं के चित्रों का इस्तेमाल होता रहता है बल्कि कई जगह उनकी प्रतिमाएं भी लगी हुई हैं। गांधी के चित्र तो अक्सर आज भी दुनिया के अनेक देशों में शांति व अहिंसा सम्बन्धी प्रदर्शनों या मार्च में शांति व अहिंसा का सन्देश देने की गरज से प्रयोग किए जाते हैं। उस समय कहीं भी कोई ऐसी संकीर्ण आवाज नहीं उठाता कि यह नेता तो भारतीय है इनके चित्र यहां क्यों? भारत में कुछ लोगों द्वारा आयतुल्लाह सैयद अली खामेनेई के चित्र का विरोध करना जरूर इस बात को दर्शाता है कि जो वर्ग आयतुल्लाह सैयद अली खामेनेई के चित्र से नफरत करता है इसका सीधा मतलब है कि वह न केवल अमेरिकी साम्राज्यवाद का समर्थक है बल्कि वह गजा में लगभग अस्सी हजार बेगुनाहों के हत्यारे इजराईल व उसके नेता बेंजमिन नितिन याहू के साथ खड़ा है। याद रखना चाहिए कि अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने 21 नवम्बर 2024 को इस्राईल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के विरुद्ध गजा में युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। नेतन्याहू पर आम नागरिकों को निशाना बनाने, क्षेत्र में भुखमरी फैलाने, हत्या, उत्पीड़न और अमानवीय कृत्य के आरोप हैं जोकि केवल 8 अक्टूबर 2023 से 20 मई 2024 के बीच गजा में इजरायली सैन्य कार्रवाइयों के दौरान अंजाम दिए गए हैं। जबकि 20 मई 2024 और इस वारंट के जारी होने के बाद नेतन्याहू की दमनात्मक कार्रवाइयों में और भी इजाफा हुआ है। ब्रिटेन, कनाडा, नीदरलैंड, इटली, और अन्य यूरोपीय देश यह कह चुके हैं कि वे आईसीसी द्वारा जरी इस वारंट का पालन करेंगे। अतः 124 आईसीसी हस्ताक्षरकर्ता देशों में यात्रा करना नेतन्याहू के लिए जोखिम भरा हो सकता है। इन देशों में उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। ऐसे अपराधी व्यक्ति के समर्थन में खड़े होना व एक साहसी, निडर व अमे. रिका के बजाय केवल सर्वशक्तिमान ईश्वर की सत्ता पर विश्वास रखने वाले फकीर का विरोध करना चिंता. जनक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# चीन से निपटने के लिए ट्रम्प ने मांगी चौतरफा राय, सारे खामोश

## अमेरिका के सवाल पर जापान खामोश, ऑस्ट्रेलिया ने कहाः काल्पनिक सवालों का जवाब नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ताइवान को लेकर चीन के साथ संभावित युद्ध की स्थिति में सहयोगी देशों का रुख जानने के लिए आस्ट्रेलिया और जापान से बातचीत की है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) में नीति उप-सचिव एल्ब्रिज काल्बी ने हाल ही में आस्ट्रेलियाई और जापानी रक्षा अधिकारियों से इस मुद्दे पर कई अहम बैठकें की हैं।



- ताइवान और चीन के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ है
- 1949 में ताइवान ने खुद को चीन से अलग स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया था, जबकि चीन उसे अब भी अपना क्षेत्र मानता है
- आस्ट्रेलिया इस क्षेत्र में सुरक्षा साझेदार बनना चाहता है और इसके लिए बातचीत कर रहा है

अमेरिकी अधिकारी काल्बी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर बताया कि अमेरिका, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के तहत अपने सहयोगी देशों से कह रहा है कि वे अपनी सैन्य ताकत बढ़ाएं और साझा सुरक्षा के लिए जिम्मेदारी लें, लेकिन आस्ट्रेलिया ने साफ कहा है कि वह अभी यह नहीं कह सकता कि अगर ताइवान को लेकर युद्ध हुआ तो वह अमेरिका का साथ देगा या नहीं। आस्ट्रेलिया के रक्षा उद्योग मंत्री पैट कानरोय ने कहा कि उनका देश ऐसे 'काल्पनिक हालातों' पर सार्वजनिक रूप से बात नहीं करता। वहीं, जापान की ओर से इस पर अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। ताइवान और चीन के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ है। 1949 में ताइवान ने खुद को चीन से अलग स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया था, जबकि चीन उसे अब भी अपना क्षेत्र मानता है। इसी बिंदु पर दोनों के बीच वर्षों से टकराव की स्थिति बनी हुई है, और यह मुद्दा वैश्विक भू-राजनीतिक चिंता का विषय बन गया है। आस्ट्रेलिया के रक्षा उद्योग मंत्री पैट कानरोय ने आस्ट्रेलियाई ब्राडकास्टिंग कारपोरेशन (एबीसी) को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि आस्ट्रेलियाई सैनिकों को किसी संघर्ष में भेजने का फैसला उस समय की सरकार करेगी। हम अभी से कोई फैसला नहीं लेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आस्ट्रेलिया अपनी संप्रभुता को सबसे ज्यादा महत्व देता है और काल्पनिक परिस्थितियों पर चर्चा नहीं करता। वही, कानरोय ने चीन की सैन्य गतिविधियों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि चीन प्रशांत द्वीप में मिलिट्री बेस बनाने की कोशिश कर रहा है, जो आस्ट्रेलिया के लिए ठीक नहीं है। आस्ट्रेलिया इस क्षेत्र में सुरक्षा साझेदार बनना चाहता है और इसके लिए बातचीत कर रहा है। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज शनिवार को चीन की 6 दिन की आधिकारिक यात्रा पर गए। जहां क्षेत्रीय सुरक्षा और ट्रेड को बढ़ाने के प्रयासों पर बातचीत होने की उम्मीद है। अल्बानीज ने शंघाई में कहा कि आस्ट्रेलिया ताइवान पर कोई बात नहीं करेगा। उनकी यात्रा सिर्फ सुरक्षा और व्यापार पर ही केंद्रित होगी। चीन लंबे समय से ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और जबरदस्ती नियंत्रण में लाने की धमकी देता रहा है। चीन कई बार ताइवान की लोकतांत्रिक सरकार को अलगाववादी करार दे चुका है। हांलाकि ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने चीन के दावों को खारिज करते हुए कहा था कि केवल ताइवान के लोग ही अपना भविष्य तय कर सकते हैं। दूसरी ओर, अमेरिका ने ताइवान की शांति और संप्रभुता को खतरे में डालने के लिए चीन की आलोचना की है। हालांकि अमेरिका ताइवान को लेकर रणनीतिक अस्पष्टता की नीति अपनाता है, जिसका मतलब है कि वह ताइवान की रक्षा की गारंटी नहीं देता। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने कार्यकाल में कहा था कि अगर चीन ताइवान पर हमला करता है, तो अमेरिका सैन्य हस्तक्षेप करेगा, लेकिन वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व में अमेरिका ने फिर से अस्पष्ट बयानों का रुख अपनाया है।



मुंबई। आरे वन क्षेत्र में मेट्रो कार शेड परियोजना के निर्माण के खिलाफ 150वें 'आरे वन बचाओ' विरोध प्रदर्शन में भाग लेते लोग।

## अमेरिका के पांच राज्यों में प्रवासी हिरासत केंद्र बनाने पर बातचीतः नोएम

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) की सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा है कि वह फ्लोरिडा के 'एलीगेटर अल्काट्राज' की तर्ज पर प्रवासी हिरासत केंद्र स्थापित करने के लिए पांच राज्यों के साथ लगातार बातचीत कर रही हैं। सुनोएम ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इन पांचों राज्यों का नेतृत्व रिपब्लिकन गवर्नर कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने उनके नामों का खुलासा नहीं किया। उन्होंने 'एलीगेटर अल्काट्राज़' हिरासत केंद्र के सफल शुभारंभ में डीएचएस के साथ सहयोग के लिए फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस की भी प्रशंसा की। गौरतलब है कि फ्लोरिडा एवरग्लेड्स में स्थित डेड-कोलियर प्रशिक्षण और संक्रमण हवाई अड्डे की साइट पर 39 वर्ग मील (100 वर्ग किमी) में फैले इस केंद्र का निर्माण केवल आठ दिनों में किया गया था। अप्रवासी बंदियों के पहले समूह को जुलाई की शुरुआत में वहां रखा गया था। यह केंद्र अवैध आव्रजन पर नकेल कसने के लिए वर्तमान अमेरिकी प्रशासन के प्रयासों का हिस्सा है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रम्प ने समर्थकों से एपस्टीन जांच को लेकर अटॉर्नी जनरल पर हमला बंद करने को कहा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने समर्थकों से आग्रह किया है कि वे आरोपी यौन तस्कर जेफरी एपस्टीन से संबंधित न्याय विभाग के हालिया निष्कर्षों को लेकर अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी पर हमला करना बंद करें। ट्रम्प ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टुथ सोशल पर कहा कि मेरे 'लड़कों और कुछ मामलों में 'लड़कियों' के साथ क्या हो रहा है? वे सभी अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी के पीछे पड़े हैं जो शानदार काम कर रही हैं! हम एक ही टीम हैं, और जो हो रहा है वह मुझे पसंद नहीं है। उन्होंने अपने समर्थकों से आह्वान किया कि वे जेफरी एपस्टीन पर समय और ऊर्जा बर्बाद न करें क्योंकि किसी को भी इसकी परवाह नहीं है।

### उत्तर कोरिया के शीर्ष नेता ने रूसी विदेश मंत्री से की मुलाकात

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के शीर्ष नेता किम जोंग उन ने रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लाव. रोव से मुलाकात की है,जो प्योंगयांग में दूसरी रणनीतिक वार्ता में भाग लेने के लिए यहां पहुंचे हैं। यह जानकारी आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने रविवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार, कोरिया के शीर्ष नेता और लावरोव के बीच शनिवार को वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने जून 2024 की ऐतिहासिक शिखर वार्ता में किए गए समझौतों को ईमानदारी पूर्वक लागू करने के लिए देशों के नेतृत्व के विचारों का व्यापक रूप से आदान-प्रदान किया।

### मेक्सिको ने नए अमेरिकी टैरिफ को अनुचित बताया

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको ने अमेरिका द्वारा घोषित नए टैरिफ को अनुचित करार दिया और दोनों पक्षों ने एक स्थायी द्विपक्षीय कार्य समूह के माध्यम से औपचारिक वार्ता शुरू की है। यह जानकारी मेक्सिको सरकार ने हवाले से शिन्हुआ ने रविवार को दी। विद. ेश मंत्रालय और अर्थव्यवस्था मंत्रालय ने एक संयुक्त बयान में कहा कि मैक्सिकन प्रतिनिधिमंडल और अमेरिकी अधिकारियों के बीच शुक्रवार को वाशिंगटन में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई।

# 27 दिन बाद हुआ खुलासाः हमले में घायल हुए थे ईरानी राष्ट्रपति

## सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी कैबिनेट की मीटिंग के दौरान इजरायली सेना ने 16 जून को छह मिसाइलें दागी

**तेहरान।** ईरान और इजरायल के बीच पिछले महीने 12 दिनों तक जंग हुई थी। इस दौरान 16 जून को इजरायल के हमले में ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान घायल हो गए थे। ईरानी न्यूज एजेंसी फार्स ने इसकी जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल ने 16 जून को तेहरान के पश्चिमी हिस्से में एक इमारत पर 6 मिसाइलों से हमला किया था।

उस समय इमारत में देश की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी कैबिनेट की बैठक चल रही थी। बैठक में राष्ट्रपति पजशकियान के साथ ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ, न्यायपालिका प्रमुख गुलाम- हुसैन मोहसेनी एजेई और कई अन्य वरिष्ठ अधिक. ारी भी मौजूद थे। हालांकि ये सभी इमारत की निचली मंजिल में मौजूद थे, इसलिए हमले का उन पर बहुत असर नहीं हुआ। लिहाजा सभी इमरजेंसी गेट से भागने में कामयाब रहे। ईरान के राष्ट्रपति ने 7 जुलाई को अमेरिकी पत्रकार टकर कार्लसन को दिए इंटरव्यू में कहा था कि इजरायल ने उन्हें मारने की कोशिश की थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायल, राष्ट्रपति पजशकियान को नसरल्लाह की तरह मारना चाहता था। इजरायल ने 1 अक्टूबर 2024 को बेरूत में नसरल्लाह के सीक्रेट बंकर पर हमला किया था। वह हिजबुल्लाह के टॉप कमांडरों के साथ मीटिंग कर रहे थे। 64 साल के नसरल्लाह की जहरीले धुएं में दम घुटने से मौत हो गई थी। इस बार भी इजरायली मिसा. इलों ने खास तौर पर इमारत के आने-जाने के रास्तों और वेंटिलेशन सिस्टम को निशाना बनाया था, ताकि अंदर मौजूद लोगों को बाहर निकलने से रोका जा सके और उन्हें दम घोंटू माहौल में फंसाया जा सके। हमले के बाद इमारत की बिजली भी काट दी गई, लेकिन वहां पहले से बनाए गए एक इमरजेंसी गेट की मदद से राष्ट्रपति और बाकी बड़े अधिकारी बाहर निकलने में सफल रहे। भागने के दौरान राष्ट्रपति पजशकियान के पांव में चोट लग गई थी। वहीं, दूसरे अधिकारियों को भी हल्की चोटें आईं। कुछ दिन बाद, राष्ट्रपति पजशकियान ने 7 जुलाई को दिए एक इंटरव्यू में यह साफ तौर पर कहा था कि इजरायल ने उन्हें मारने की कोशिश की थी, लेकिन नाकाम रहा।



- मसूद हिजबुल्लाह के टॉप कमांडरों के साथ मीटिंग कर रहे थे

# इजरायली सेना ने की 110 फलस्तीनियों की हत्या

**यरूशलम।** इजरायली बलों ने शनिवार को गाजा में हमला कर कम से कम 110 फलस्तीनियों की हत्या कर दी, जिनमें दक्षिणी राफा में अमेरिका समर्थित गाजा मानवतावादी फाउंडेशन (जीएचएफ) में खाद्य की प्रतीक्षा कर रहे 34 लोग भी शामिल हैं। यह जानकारी अल जजीरा ने चिकित्सा सुत्रों के हवाले से रविवार को दी। ये हत्याएं कतर में संघर्षविराम वार्ता में प्रगति रुकने और इज़रायल की योजना पर बढ़ती निंदा के बीच हुई है जिससे पूरी आबादी को मजबूरन स्थानांतरित किया जाना है। राफा में, जीवित बचे लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इजरायली बलों ने जीएचएफ स्थलों में से एक अल-शकौश क्षेत्र में फलस्तीनियों पर सीधे गोलीबारी की, जिसकी संयुक्त राष्ट्र और अधिकार समूहों ने मानव बूचड़खाने और मौत के जाल के रूप में निंदा की है।

गाज़ा में डॉक्टरों के अनुसार, मई के अंत में अपने ऑपरेशनों की शुरुआत के बाद से जीएचएफ स्थलों पर 800 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं और 5000 अन्य घायल हुए हैं। चिकित्सा सूत्रों के अनुसार, इज़राइली सेना ने उत्तरी गाजा के जबालिया में दो आवासीय भवनों पर भी हमला किया, जिसमें 15 लोग मारे गए। गाजा शहर के पश्चिम में शाती शरणार्थी शिविर पर इज़राइली हमलों में सात और लोग मारे गए। इज़रायली सेना ने उत्तरी गाजा के बेत हनून पर भी हमला किया और शहर के उत्तरपूर्वी हिस्से पर लगभग 50 बम गिराए। ये नए हमले तब हुए जब इज़राइली सेना ने घोषणा किया कि उसके बलों ने पिछले 48 घंटों में गाजा पर 250 बार हमला किया है। मानवाधिकार समूहों की चेतावनियों के बावजूद, इज़रायली सेना ने गाजा में खाद्य और अन्य मानवीय आपूर्ति के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाना जारी रखा है।



- ये हत्याएं कतर में संघर्षविराम वार्ता में प्रगति रुकने और इज़रायल की योजना पर बढ़ती निंदा के बीच हुई

# नॉर्थ कोरिया के खिलाफ सैन्य गठबंधन न बनाएं

- रूस ने अमेरिका, साउथ कोरिया और जापान को दी चेतावनी

**प्योंगयांग।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका, साउथ कोरिया और जापान को चेतावनी दी है कि वे नार्थ कोरिया को निशाना बनाकर कोई सिक्योरिटी अलायंस या सैन्य गठबंधन न बनाएं। लावरोव नार्थ कोरिया के शहर वानसान में थे। इस दौरान वे नार्थ कोरियाई नेता किम जोंग उन से मिले।

इसके अलावा उन्होंने नार्थ कोरिया की विदेश मंत्री चोई सोन भी मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद लावरोव ने पत्रकारों से बात. चीत में कहा कि अमेरिका, साउथ कोरिया और जापान नार्थ कोरिया के चारों तरफ सैन्य मौजूदगी बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा हम चेता. वनी देते हैं कि इन रिश्तों का इस्तेमाल किसी के खिलाफ गठबंधन बनाने में न किया जाए, चाहे वो नार्थ कोरिया हो या रूस। लावरोव ने दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को मजबूत करने और अंतर्राष्ट्रीय मामलों में मिलकर काम करने की बात कही। पिछले कुछ वर्षों में रूस और नार्थ कोरिया के रिश्ते काफी गहरे हुए हैं। लावरोव तीन दिन की यात्रा पर शुक्रवार को नार्थ कोरिया पहुंचे थे। शनिवार को उन्होंने अपने नार्थ कोरियाई समकक्ष चोई सोन हुई से मुलाकात की। लावरोव ने कहा कि रूस समझता है कि नार्थ कोरिया क्यों परमाणु हथियार विकसित कर रहा है। उन्होंने कहा नार्थ कोरिया की तकनीक उसके वैज्ञानिकों की मेहनत का नतीजा है। हम उनकी महत्वाकांक्षाओं का सम्मान करते हैं। रूसी एजेंसी टीएएसएस के मुताबिक लावरा. ेव ने यूक्रेन जंग की स्थिति को लेकर भी कोरियाई नेताओं से बात की।

## ईरान परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत को हमेशा तैयारः अराघची

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत करने के लिए हमेशा से तैयार रहा है और आगे भी तैयार रहेगा। अराघची ने विदेशी राजदूतों और प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक में शनिवार को कहा कि हालांकि, स्वाभाविक रूप से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अगर वार्ता पुनः शुरू होती है तो इससे अमेरिका या अन्य पक्षों द्वारा युद्ध छेड़ने की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। ईरानी छात्र समाचार एजेंसी ने अराघची के हवाले से कहा कि हाल ही में इजरायल-ईरान के बीच हुए टकराव ने यह साबित कर दिया है कि कूटनीति और बातचीत तथा सहमति से समाधान निकालने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि ईरान पर हमला करने में इजरायल की सहायता करके तथा उसके बाद ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों को सीधे निशाना बनाकर अमेरिका ने कूटनीति और वार्ता को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका वार्ता को पुनः शुरू करना चाहता है तो उसे यह गारंटी देनी होगी कि वही स्थिति फिर से सामने नहीं आएगी।

प्रवेश सूचना- पैरामैड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (Open Board) से करें (विषय- साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th हेतु- 10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक.), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTP, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
-: प्रवेश हेतु सम्पर्क करे :-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कालोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

# इमरान की रिहाई के लिए आंदोलन शुरू

## पीटीआई पार्टी नेताओं ने लाहौर में बैठक की

**लाहौर।** पाकिस्तान में विपक्षी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने अपने संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई के लिए देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है। पार्टी के शीर्ष नेता लाहौर पहुंचे, जहां से यह आंदोलन औपचारिक रूप से शुरू कर दिया गया है।

खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गांदापुर ने इसे आंदोलन की आधिकारिक शुरुआत बताया और कहा कि 5 अगस्त तक यह प्रदर्शन चरम पर पहुंचाया जाएगा। पीटीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर अली खान, केपी के सीएम गांदापुर, और पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता मलिक अहमद खान भचर लाहौर पहुंचे। इससे पहले इस्लामाबाद में पार्टी नेताओं की बैठक हुई, जिसमें पंजाब विधानसभा से निलंबित 26 विधायकों की स्थिति और आंदोलन की रणनीति पर चर्चा हुई। सीएम गांदापुर ने कहा कि देश पर लंबे समय से सेना का राज रहा है और अब वह गैर-आधिकारिक मार्शल ला चला रही है।

उन्होंने कहा कि इमरान खान को बिना किसी वैध वजह के जेल में रखा गया है। गांदापुर ने सभी प्रांतों में स्थानीय मुद्दों के आधार पर प्रदर्शन तेज करने की मांग की। गांदापुर ने कहा कि हर सफल आंदोलन लाहौर से ही शुरू होता है, यह भी देशव्यापी स्तर पर सफल होगा। प्रदर्शन से पहले ही पंजाब पुलिस ने शाहदरा मोड़ और अन्य इलाकों में पीटीआई नेताओं और कार्यकर्ताओं के घरों पर छापे मारे और 5 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया।



- पांच अगस्त तक प्रदर्शन चरम पर पहुंचाया जाएगा

## ब्रिटेन में पले बढ़े इमरान के बेटों की वतन वापसी की अटकलें तेज

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान के बेटे सुलेमान व कासिम की पाकिस्तान वापसी और राजनीति में प्रवेश को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। ब्रिटेन में रहने वाले दोनों बेटे अब तक राजनीति से दूर थे, लेकिन इमरान की लगातार बिगड़ती स्थिति और पीटीआई में नेतृत्व संकट ने खान परिवार को एक निर्णायक मोड़ पर ला खड़ा किया है। सुलेमान (29) व कासिम (26) इमरान खान और जेमिमा गोल्डस्मिथ के बेटे हैं तथा जन्म से ही ब्रिटिश नागरिक हैं।

आवश्यकता है हॉलैंड की प्रसिद्ध कंपनी साऊदी अरब के लिए आवश्यकता है
श्रम-वेतन-1000 साऊदी रियाल, आयु - 21 से 28 वर्ष, ड्यूटी - 10 घंटे, सप्ताह में 6 दिन
केवल मुस्लिम उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं
निःशुल्क भर्ती, ट्रांसपोर्ट फ्री, रहना व खाना फ्री
इच्छुक उम्मीदवार पासपोर्ट, फोटोग्राफ लेकर निम्न पते पर मिलें
दिल्लीः अम्बे कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, ए-3 ब्लॉक सी कम्यूनिटी सेंटर नारायण बिहार नई दिल्ली 011-45661111, 9910043893
चंडीगढ :- अम्बे कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड एससीओ 15, सेक्टर 20डी (लेबर चौंक) चंडीगढ M:73558-48978

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
Betamethasone, Clindamycin & Nicotinamide Cream
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट